आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा १०७ अभिषेक

भूखे शेरकी तरह दहाड़े



वाराणसी, बुधवार २८ अक्तूबर, २०२६ सौर ११, कार्तिक कृष्ण ३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



पूज्य
जया किशोरी जी
विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता भागवत विशेषज्ञ

श्रीमद्भागवत कथा



28 अक्टूबर से
3 नबम्बर 2026

कथा समय
सायं 02:00 से 06:00 बजे तक

स्थान–छोड़हर, गाजियापुर, बलिया

पूज्य कथावाचक जया किशोरी जी के
श्रीमुख से होने वाली श्रीमद्भागवत कथा
में समस्त बलियावासी सादर आमंत्रित हैं



मुख्य संरक्षक
दयाशंकर सिंह
विधायक–बलिया नगर / परिवहन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

अध्यक्ष
अधिवक्ता कु0 हर्षित
9161204223

उपाध्यक्ष
पंडित प्रशान्त मिश्रा
7755074014

महासचिव
पंडित शुभम चौबे
7800983712

महासचिव
धीरज मौर्या
8726749609



जननायक द्वाबा के मालवीय
श्रद्धेय बाबू मैनेजर सिंह जी

मुख्य अतिथि
श्री सूर्य प्रताप शाही
मा. कृषि मंत्री, उ.प्र. सरकार

मुख्य अतिथि
श्री ओम प्रकाश राजभर
मा. पंचायती राज मंत्री, उ.प्र. सरकार

श्री विरेन्द्र सिंह मस्त
पूर्व सांसद

श्री संजय मिश्रा
भाजपा जिलाध्यक्ष

की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर
विशाल किसान सम्मान समारोह एवं गोष्ठी

स्थानः जननायक बाबू मैनेजर सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, सोहाँव- बलिया

दिनांकः 28 अक्टूबर 2026 (बुधवार) समयः 11 बजे से

आप उक्त कार्यक्रम में
सादर आमंत्रित है।



स्वागताकांक्षी
श्री नारद राय
पूर्व मंत्री, उ.प्र. सरकार



दयाशंकर सिंह
विधायक–बलिया नगर / परिवहन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा क्षेत्र-361

प्रसव के दौरान विवाहिता की मौत

परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

मरदह, गाजीपुर। मरदह स्थित जाग्रुति हॉस्पिटल में प्रसव के लिए आयी विवाहिता लक्ष्मीना देवी पत्नी कन्हैया गोड़ निवासी नखतपुर ने सोमवार को बच्चे को जन्म दिया। विवाहिता के परिवार वालो का आरोप है कि अस्पताल संचालिका की लापरवाही के वजह से लक्ष्मीना कि मौत हुई है। प्रसव के बाद बच्चे की हालत ठीक न होने के कारण उसे मऊ स्थित चिकित्सालय रेफर कर दिया गया । जबकि विवाहिता की हालत काफी गम्भीर होने के बावजूद काफी देर तक रोके रहने के बाद रात्रि में मऊ के लिए रेफर किया । मऊ ले जाने पर फातिमा हॉस्पिटल में डॉक्टर ने लक्ष्मीना को मृत घोषित कर दिया।विवाहिता के शव को लेकर जब परिवार वाले पुन: मरदह उक्त हॉस्पिटल पर देर रात्रि में पहुँचे तब तक अस्पताल संचालिका अस्पताल में ताला बंद फरार हो गयी। मौके पर सैकड़ो के तादात में लोगो की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुँची मरदह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विवाहिता के पति कन्हैया गोड़ के प्रार्थना पत्र पर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।नवजात बच्चे को मऊ स्थित अस्पताल में आई सी यू में भर्ती कराया गया है। परिवार के लोगो ने अस्पताल संचालिका की लापरवाही से विवाहिता की मौत का आरोप लगाया है। लक्ष्मीना गोड़ के मृत्यु से गांव में शोक की लहर वयाप्त है। लक्ष्मीना गोड़ के तीन बच्चे क्रमश:कुंदन 8 वर्ष, किशन 6 वर्ष एवं काव्यांश 3 वर्ष के है इन तीनो बच्चो की परवरिश कैसे होगी इसको लेकर सभी दु:खी है।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई वर्ष से संचालित इस अस्साल का संचालन पति पत्नी द्वारा किया जाता रहा है। अन्य कोई चिकित्सक यहा कभी नही आते है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कभी भी इस अस्साल के अभिलेखों एवं मानकों की जांच नही कि जाती है।

लावारिस नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। थाना क्षेत्र में सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली एक नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई है। अत्यधिक ठंड और संक्रमण की चपेट में आने के कारण बच्ची की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई थी। बच्ची को गंभीर हालत में जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था। हालांकि हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू रेफर कर दिया था। वहां कई दिनों तक चले उपचार के बाद भी बच्ची को बचाया नहीं जा सका। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, लोकलाज के भय से किसी ने नवजात को सड़क किनारे छोड़ दिया था, जिससे वह गंभीर संक्रमण की चपेट में आ गई थी। विशेषज्ञों ने समाज में बेटियों के प्रति आज भी बनी हुई भेदभावपूर्ण सोच पर गहरी चिंता जताई है और कहा है कि नवजात शिशुओं को इस तरह लावारिस छोड़ने से उनकी जान पर बड़ा खतरा बन जाता है।



विवाहिता की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। छाया:आज



दसकक्षीय सभागार में शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते डीजे। छाया:आज

एक नवंबर को जनपद न्यायालय में लगेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

महिलाओं, गरीबों, दिव्यांगजनों सहित पात्र लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

गाजीपुर। जनपद न्यायालय परिसर में आगामी एक नवंबर को मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें जनपद के सभी सरकारी विभागों की ओर से कैंप लगाए जाएंगे, जहां संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर मंगलवार को जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-एक एवं नोडल अधिकारी शक्ति सिंह प्रथम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिविर के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बलराम दास ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, निर्बल एवं निर्धन वर्ग, अनुसूचित जाति-जनजाति तथा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने आमजन से शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री के स्वागत दल में शामिल हुए प्रो. बृजेश

जखनियां (गाजीपुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन पर खेरावां हेलीपैड पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भुड़कुड़ा स्थित श्री महंथ रामाश्रय दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (सीएमए) बृजेश कुमार जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रधानमंत्री का अभिवादन के साथ क्षेत्र की समस्याओं को अवगत कराया । इस उपलब्धि से जखनियां सहित गाजीपुर का गौरव बढ़ा है।

मतदाता सूची के वाचन एवं भौतिक सत्यापन का विशेष अभियान

जमानियां,गाजीपुर। निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता मंगलवार को आयोजित की गई। जिसमें अशुद्ध मतदाता सूची, सशक्त लोकतंत्र के संकल्प के तहत आगामी 28 तारीख को पूरे जनपद में मतदाता सूची के वाचन एवं भौतिक सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान महज औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रत्येक प्रविष्टि की जमीनी स्तर पर जांच कर सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में दर्ज कराना इसकी मुख्य प्राथमिकता होगी। प्रेस वार्ता में उपजिलाधिकारी निधि ने बताया कि निर्धारित तिथि पर सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने आवंटित मतदान केंद्र अथवा ग्राम पंचायत भवन पर समय से उपस्थित रहेंगे और उनके पास मतदाता सूची सहित सभी आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों तथा प्रवासी मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए मौके पर ही आवेदन फॉर्म भरवाए जाएंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। अंत में अधिकारियों ने मीडिया प्रतिनिधियों के माध्यम से जनपदवासियों से अपील की कि वे 28 तारीख को अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची के वाचन में भाग लें और लोकतंत्र के इस महाभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

अस्पताल गेट पर टूटा बिजली का खंभा

नंदगंज (गाजीपुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगंज के गेट के पास भुसी लदे ट्रक की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा एक सप्ताह बाद भी नहीं बदला गया है। खंभा एक दुकान के करकट तथा केबल के सहारे टिका है। फलस्वरूप अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों, तीमारदारों और राहगीरों पर दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि आंधी-पानी की हो रही संभावना दौरान खंभा गिर सकता है। उधर नंदगंज विद्युत उपकेंद्र के जेई राघवेंद्र सिंह ने अब तक अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ न तो प्राथमिकी दर्ज कराई और न तो टूटा खंम्भा है बदला गया।

स्कूल जा रही छात्रा को जेसीबी ने मारी टक्कर

गाजीपुर। जंगीपुर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के पास मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा घायल हो गई। जेसीबी की चपेट में आने से उसके पैर में चोट लग गई। परिजन उसे उपचार के लिए मऊ स्थित अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।घायल छात्रा की पहचान मदारपुर (दधिया) निवासी आनंद कुमार राम की बेटी आंशिक उम्र 12 साल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, आंशिक मंगलवार सुबह साइकिल से स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में जेसीबी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद जेसीबी चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और जेसीबी को गांव में ही रोककर खड़ा कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, संबंधित जेसीबी समनापुर में बटाई का काम कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों तथा परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। फिलहाल हादसे के कारणों और जेसीबी मालिक के बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिले में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट

गाजीपुर। जिले में अगले चार दिनों तक मौसम बिगड़ने की आशंका है। मौसम विभाग, लखनऊ से मिली सूचना के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्णब' के प्रभाव से 28 से 31 अक्टूबर तक तेज हवाएं चलने, मेघगर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम के अचानक करवट लेने से तापमान में 6 से 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का भी अनुमान है। 28 से 30 अक्टूबर तक वज्रपात और 29 से 31 अक्टूबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। खराब मौसम के दौरान घरों या सुरक्षित भवनों में रहें।

वोट बचाओ-देश बचाओ के समर्थन में कांग्रेस का पैदल मार्च

गाजीपुर। कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान 'वोट बचाओ-देश बचाओ' के तहत मंगलवार को गाजीपुर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सीताराम लाम्बा तथा पीसीसी पर्यवेक्षक और पूर्व एमएलसी ओमप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में मार्च सकलेनाबाद स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय से शुरू होकर लंका होते हुए कचहरी स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मताधिकार की सुरक्षा की मांग उठाई। मार्च के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में सीताराम लाम्बा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। पूर्व एमएलसी ने भाजपा सरकार पर चुनावी व्यवस्था को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के वोट की सुरक्षा बेहद जरूरी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में गाजीपुर से बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। पैदल मार्च में पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे, पूर्व विधायक पशुपतिनाथ राय, पूर्व अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह, एआईसीसी सदस्य रविकांत राय, पूनम पांडेय और गुड्डू कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

मौसम ने ली अंगड़ाई, अब जाड़े की घड़ी आई

दिलदारनगर (गाजीपुर)। अक्टूबर माह से ही मौसम के मिजाज में बदलाव नजर आ रहा है. अहले सुबह कुहासे के पांव फैलाने से सुबह - शाम कूल कूल तो दिन का तापमान फुल रह रहा है.महीने के शुरुआत में ही गुलाबी ठंढ का एहसास होना शुरू हो गया है.अब घने कुहरे का साया भी आसमान में छाया नजर आने लगा है. मंगलवार को अहले सुबह का नजारा कुछ यूं देखने को मिला कि सड़कों पर वाहन कोहरे के कारण रेंगते नजर आये।मौसम के मिजाज में हो रहे बदलाव से सर्दी, जुकाम और बुखार ने शुरू है। तापमान के उतार चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर भी पड़ रहा है. इस समय सर्दी, जुकाम, बुखार सहित खांसी के मरीजों की तादाद अस्पतालों में काफी बढ़ गई है. सरकारी और निजी चिकित्सकों के यहां इस मौसमी बीमारी के मरीज ज्यादा पहुँच रहे हैं।

पूर्व मध्य रेल

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 02 स्टेशनों : 1. गन्जख्वाजा (NSG-6) एवं 2. मुहानी (NSG-6) पर स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) की चयन हेतु अधिसूचना।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 02 स्टेशनों, 1. गन्जख्वाजा (NSG-6) एवं 2. मुहानी (NSG-6) के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।

अधिसूचना संख्या : काम/एसटीबीए/डीडीयू/2026, दिनांक : 26.10.2026

क्र.सं. : 1, **कार्य का विवरण** : 1. गन्जख्वाजा (NSG-6) एवं 2. मुहानी (NSG-6) पर (एस.टी.बी.ए.) की चयन।, **क्र.सं.** : 2, **कार्य की अवधि** : 03 (तीन) वर्ष। **क्र.सं.** : 3, **अग्रधन राशि** : 1. गन्जख्वाजा (NSG-6) एवं 2. मुहानी (NSG-6) के लिए रू. 2000/- प्रति आवेदन।, **क्र.सं.** : 4, **आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान** : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ दिनांक 27.10.2026 को 11.00 बजे से दिनांक 26.11.2026 को 12.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 26.11.2026 को 12.30 बजे खोले जायेंगें। **क्र.सं.** : 5, **वेबसाईट का पता- जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता है।** : www.ecr.indianrailways.gov.in (Division-DDU, Department-commercial) पर उपलब्ध है। **नोट:-** सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.

पीआर/1207/डीडीयू-जीएस/वा./एन/26-27/52

निधन पर शोक श्रद्धांजलि

बराचवर (गाजीपुर)। डालिम्स सनबीम स्कूल के डायरेक्टर हर्ष राय ने ग्राम तमलपुरा निवासी श्री अभिषेक राय 'रुद्रा' जी की स्वर्गीय माताजी के त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हर्ष राय ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।मातृशक्ति का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। उनका स्नेह, संस्कार और आशीर्वाद सदैव परिवार के लिए अमूल्य धरोहर बने रहते हैं।



श्रद्धांजलि देते लोग। छाया:आज

धारदार हथियार से मार कर घायल करने का आरोप, अभियुक्त गिरफ्तार

भांवरकोल (गाजीपुर)। पुलिस ने महेशपुर द्वितीय में मारपीट के मामले में आरोपित महेशपुर (द्वितीय) निवासी चंद्रशेखर पांडेय को उनके घर से हिरासत में लेने के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गौरतलब है कि महेशपुर द्वितीय निवासी रमावती देवी ने तहरीर देकर अपनी पुत्री को गत 23 अक्टूबर को धारदार हथियार से मार कर घायल करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही चंद्रशेखर पांडेय सहित कुछ लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया की मच्छटी पुलिस चौकी प्रभारी श्याम सिंह अपने सहयोगियों के साथ भ्रमणशील थे, इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना की पुष्टि होने पर वह महेशपुर (द्वितीय)गांव पहुंच गए और मुकदमे मुकदमे में वांछित चंद्रशेखर पांडेय को उनके घर से हिरासत में ले कर गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तारी के पश्चात विधिक कार्रवाई करते हुए चंद्रशेखर पांडेय को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।



मार्च निकालते कांग्रेसी। छाया:आज

सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना २० वें दिन भी

जमानिया, गाजीपुर। नगर पालिका परिषद में विभिन्न मांगों को लेकर सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 20वें दिन भी जारी रहा। मांगों पर ठोस कार्रवाई न होने से नाराज सभासदों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर वे सड़क पर उतरकर आर-पार का संघर्ष करेंगे और सामूहिक इस्तीफा देने को बाध्य होंगे।सभासदों ने पालिका अध्यक्ष पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों को व्यक्तिगत व धार्मिक आयोजनों में लगाया जा रहा है, जिससे जनहित कार्य ठप हैं। सभासदों की प्रमुख मांगों में नए गृहकर की कथित जबरन वसूली पर रोक, आउटसोर्सिंग कर्मियों का ब्योरा सार्वजनिक करना और बोर्ड बैठकों में पारित प्रस्तावों को लागू करना शामिल है।

सबजूनियर बालिका कुश्ती के जिला ट्रायल में छह का चयन

गाजीपुर। प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोराबाजार में जिला स्तरीय चयन एवं ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न भार वर्गों में कुल 30 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर छह उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन मंडलीय ट्रायल के लिए किया गया।चयनित खिलाड़ी 28 अक्टूबर को वाराणसी के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिगरा में आयोजित मंडलीय चयन एवं ट्रायल में प्रतिभाग करेंगी।

संगीता बनीं सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष



गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुहम्मदाबाद के यूसुफपुर बाजार निवासी संगीता गुप्ता को समाजवादी महिला सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। संगीता यूसुफपुर बाजार के वार्ड संख्या-21 की निवासी हैं। उन्हें जिले में समाजवादी महिला सभा की कमान सौंपे जाने पर पार्टी के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नंदगंज निवासी सपा के युवा नेता अमन जायसवाल ने संगीता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

जमानियां के कुणाल ने जीते दो रजत पदक

जमानियां, गाजीपुर। राजस्थान के जयपुर में आयोजित 46वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में गाजीपुर के रायपुर गायघाट निवासी 20 वर्षीय कुणाल सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि से पूरे जिले और पूर्वांचल में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में देश भर के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। कुणाल ने सटीक निशानेबाजी और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए रैंकिंग राउंड में रजत पदक जीता। इसके बाद उन्होंने मिक्स्ड टीम इवेंट में भी दूसरा रजत पदक हासिल कर दोहरी सफलता दर्ज की। सफलता की सूचना मिलते ही द्रोणा तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र और गांव में जश्न का माहौल बन गया। कुणाल ने अपनी कामयाबी का श्रेय कोच संदीप सिंह, हेड कोच सतीश कुमार दुबे और प्रशिक्षण केंद्र को दिया। केंद्र के सचिव नंदू दुबे ने इसे ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।



आज

३.०० तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

अभिषेक



भूखे शेरकी तरह दहाड़े

वाराणसी, बुधवार २८ अक्तूबर, २०२६ सौर ११, कार्तिक कृष्ण ३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



वाराणसीके लिए २६.८९ करोड़की सीवर-पेयजल परियोजनाको मंजूरी

योगी कैबिनेट ने २२ प्रस्तावों पर लगायी मुहर, चार औद्योगिक परियोजनाओं को भी मिली स्वीकृति



लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। कैबिनेट ने पशुधन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए। किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा करने से जुड़े प्रस्तावों को विशेष प्राथमिकता दी गयी। प्रदेश कैबिनेटने वाराणसीमें २६.८९ करोड़की सीवेज और पेयजलसे जुड़ी विकास परियोजनाको मंजूरी दे दी है। कैबिनेटकी स्वीकृतके बाद अब शहरके पुराने और विस्तारित क्षेत्रोंमें टेण्डर प्रक्रिया और निर्माण कार्यका रास्ता साफ हुआ। कैबिनेटके महत्वपूर्ण निर्णयसे तीन प्रमुख जोन लहरतारा, (शेष पृष्ठ ९ पर)

१०४.२८ करोड़ की लागतसे स्थापित होगा साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के डिजिटल बुनियादी ढांचे को साइबर हमलों से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य मंत्रिमंडल ने 104.28 करोड़ की लागत से साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के साइबर सुरक्षा नवाचार केंद्र के जरिये उत्तर प्रदेश साइबर सुरक्षा परिचालन (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : विधान परिषद चुनावमें सपाको वाराणसीमें भारी बढ़त

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश की विधान परिषद की पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह से जारी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीसीटीवी कैमरे व वीडियोग्राफी की निगरानी में मतगणना कराई जा रही है। प्रारंभिक रुझान में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ, बरेली में आगे चल रही है, जबकि समाजवादी पार्टी गोरखपुर और आगरा में आगे है। अंतिम परिणाम तक उलटफेर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश की 11



भाजपाको शिक्षक मेरठ, बरेलीमें बढ़त, आगरामें सपा आगे, कड़ी सुरक्षाके बीच मतगणना जारी

विधान परिषद सीटों के लिए लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, झांसी, बरेली और गोरखपुर में सुबह आठ बजे से काउंटिंग हो रही है। सबसे पहले मतपत्रों के बंडल बनाने का काम पूरा होने के बाद मतों की गिनती शुरू की गयी और मेरठ से पहला रुझान भी आ गया। मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार श्रीश चंद्र शर्मा अपने प्रतिद्वंद्वी से लगभग 2500 वोटों से आगे हैं जबकि लखनऊ में शिक्षक क्षेत्र से उमेश द्विवेदी आगे हैं। वहीं आगरा में शिक्षक चुनाव में पहले चक्र में सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल एक हजार वोट से आगे हैं। गोरखपुर में शिक्षक क्षेत्र से सपा के ही संजयन त्रिपाठी और वाराणसी में शिक्षक क्षेत्र से लाल बिहारी यादव (शेष पृष्ठ ९ पर)

निर्वाचन आयोगका हलफनामा 'कपटपूर्ण'

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय में निर्वाचन आयोग द्वारा दाखिल हलफनामा 'भ्रामक और कपटपूर्ण'

एसआईआरपर एकतरफा लिये गये फैसले-कांग्रेस



है तथा यह खुद आयोग की साख के लिए बहुत नुकसानदेह है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह दावा भी किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग ने तथ्यों को लेकर 'शब्दों का खेल' खेला है तथा उसके फैसले सर्वसम्मति से नहीं, बल्कि एकतरफा लिए गये। उन्होंने दावा किया कि आयोग ने फॉर्म-6 से जुड़े नये घोषणा पत्र को लेकर पहले कहा था कि इसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा है, लेकिन बाद में शीर्ष अदालत ने इस दावे का खंडन किया। रमेश ने कहा कि आयोग अब दावा कर रहा है कि नया घोषणा पत्र अलग है और फॉर्म-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन फॉर्म-6 जमा करने के लिए इस घोषणा पत्र को भरना अनिवार्य था और इस कारण (शेष पृष्ठ ९ पर)

रामलीला मैदानकी अनुमतिपर कांग्रेस और दिल्ली पुलिस आमने-सामने

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और दिल्ली पुलिस के बीच विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष के विरोध-प्रदर्शन को रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने रामलीला मैदान में रैली की अनुमति वापस लेने का दावा किया, जबकि दिल्ली पुलिस ने इससे इनकार किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, कांग्रेस को 25 अक्टूबर (शेष पृष्ठ ९ पर)

ज्ञानेशके इस्तीफे तक जारी रहेगा संघर्ष-राहुल



नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जब तक वह इस्तीफा नहीं देते, तब तक विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाता रहेगा। राहुल गांधी ने मंगलवार को दिल्ली के त्रिलोकपुरी में आयोजित 'जन सुनवाई' में लोगों की समस्याएं सुनीं और मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाकर उनके मतदान के अधिकार को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि चार बूथों से 416 मतदाताओं के नाम कथित तौर पर गैरकानूनी तरीके से हटाए गए हैं। उन्होंने इस मामले में चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से (शेष पृष्ठ ९ पर)

हटेंगे तीन सालसे तैनात अधिकारी-चुनाव आयोग

नयी दिल्ली (आससे.)। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत चुनाव आयोग ने (शेष पृष्ठ ९ पर)

सुप्रीमकोर्टने एसआईआरपर कहा-हमें सब पता, जांच करेंगे



नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्ट्रक और चुनाव आयोग के कामकाज पर दायर राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप 10 दिन में चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब दें। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 17 नवंबर तय की। दरअसल, याचिकाकर्ताओं की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने अपील की थी कि चुनाव आयोग ने सोमवार को ही अपना जवाब दिया है। हमें जवाब देने के लिए वक्त चाहिए। सिंघवी ने दलील दी कि कोर्ट फिलहाल (शेष पृष्ठ ९ पर)

याचिकाकर्ता १० दिनमें दें जवाब

फिर जेल जायेंगे आसाराम, सुप्रीम-कोर्टका पैरोल बढ़ानेसे इनकार

जयपुर (एजेंसी)। जोधपुर में नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल आधार पर आसाराम की पैरोल को बढ़ाने से इनकार कर दिया है। साथ ही आसाराम को निर्देश दिया कि वह आज (मंगलवार) शाम पांच बजे तक जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर करने को कहा। हालांकि अभी तक आसाराम ने सरेंडर नहीं किया। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से कहा है कि वह आसाराम की सेहत का ध्यान रखें। दरअसल, आसाराम 20 दिन की मेडिकल पैरोल पर बाहर है, जिसे बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

एमएलसी चुनावमें भाजपा कर रही बेईमानी-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद



चुनाव में सपा प्रत्याशी कांति सिंह की सीट पर मतदान को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने आरोप लगाया कि 97 बूथों पर बिना फोल्ड किये हुए वोट मिले हैं। अखिलेश ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि पूरा डिब्बा वोट डालकर लाया गया होगा। उन्होंने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी कराने का आरोप लगाया। वहीं, धर्मेंद्र कश्यप ने पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज के एक दर्जन से ज्यादा लोगों की हत्या हो चुकी है और इन घटनाओं में जाति विशेष के लोगों का हाथ है। धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि आज अखिलेश यादव जरूरी हैं और वह समाजवादी (शेष पृष्ठ ९ पर)

रोहतासमें दिनदहाड़े तीन करोड़ की सोना- चांदी की लूट

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े महात्मा गांधी चौक के समीप कंचन ज्वेलर्स की दुकान में हथियारबंद बदमाशों ने भय दिखाकर तीन करोड रुपए के सोना -चांदी के आभूषण और दो लाख नकद लूट लिया। दोपहर अपाचे मोटरसाइकिल से सवार चार नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने कंचन ज्वेलर्स में धावा बोलकर दुकान मालिक अविनाश कुमार वर्मा और वहां मौजूद करीब छह कर्मचारियों को बंधक बना लिया और लूट का अंजाम देकर फरार हो गए।

चक्रवात अर्नब को लेकर केंद्र सतर्क

नयी दिल्ली (आससे)। चक्रवात अर्नब के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों को सतर्क रहने, स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु सहित 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, मछली पकड़ने पर पूरी तरह रोक लगाने और प्रभावित इलाकों के लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है। लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों और कमजोर इमारतों से दूर रहने तथा यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। छोटी नौकाओं और मोटरबोट से आवाजाही को असुरक्षित बताया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की समुद्री चेतावनियों पर नजर रखने और आपातकालीन तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। राज्यों से स्थिति में बदलाव की जानकारी गृह मंत्रालय को देने को कहा गया है।

हिमाचल : कांगड़ामें चिट्टा तस्करी मामले में १.०१ करोड़ की संपत्ति फ्रीज

नूरपुर (कांगड़ा) (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ कारवाई करते हुए नूरपुर पुलिस ने बड़ी कारवाई की। पुलिस ने इंदौरा के छन्नी गांव में 1 करोड़ 1 लाख 55 हजार 718 रुपये मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज करने संबंधी आदेश का बोर्ड लगाया है। यह कारवाई पुलिस थाना इंदौरा में वर्ष 2017 में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में की गयी है। पुलिस के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी की ओर से संपत्ति फ्रीजिंग आदेश की पुष्टि होने के बाद यह कदम उठाया गया। कारवाई के दौरान डीएसपी संजीव यादव और पुलिस थाना प्रभारी आशीष पठानिया सहित पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही। नूरपुर पुलिस के अनुसार, फ्रीजिंग आदेश के दायरे में आने वाली संपत्तियों में आवासीय मकान, घरेलू सामान और एक कार शामिल है। इन सभी संपत्तियों का कुल मूल्य 1,01,55,718 रुपये बताया गया है। पुलिस ने संबंधित संपत्तियों पर फ्रीजिंग आदेश की जानकारी देने वाला बोर्ड लगाया है। यह कारवाई चिट्टा तस्करी के मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत की गयी है। नूरपुर पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों पर कानूनी शिकंजा कसना अभियान का अहम हिस्सा है।

पुलिसने घर और कारपर लगाया बोर्ड

हापुड़में पिकअप-मोटरसाइकिल में टक्कर, तीन की मौत

हापुड़ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मंगलवार दोपहर सड़क किनारे खड़े एक पिकअप वाहन से जा टकराने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शाहपुर जट गांव के पास उस समय हुआ, जब एक मोटरसाइकिल पर सवार गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी तीन लोग गढ़ गंगा में अपने मकान मालिक के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान गोविंद (35), रवि (37) और ब्रजेश (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर जब तीनों राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शाहपुर जट गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन से पीछे से जा टकरायी।

बिहार में जाली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

मोतिहारी (आससे.)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने 4.95 लाख रुपये मूल्य के जाली भारतीय नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के जनरवा गांव निवासी शेख ऐनुल के रूप में हुई है। इसमें कहा गया है कि ऐनुल को सोमवार शाम सेमरा रेलवे स्टेशन के पास वाहनों की जांच के दौरान पकड़ा गया। बयान के मुताबिक, तुर्कौलिया थाना पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि कुछ लोग बाजार में जाली नोट उतारने की कोशिश कर रहे हैं।

यूपी : विवाह पंजीकरणमें आधार कार्ड उम्र निर्धारणका प्रमाण नहीं-हाईकोर्ट

प्रयागराज (आससे.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया में उम्र के सत्यापन को अनिवार्य बनाने का निर्देश जारी किया है। न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी की कोर्ट ने दीपक पाल की आपराधिक अपील के मामले में फैसला सुनाया। कहा कि केवल आधार कार्ड के आधार पर किसी की उम्र प्रमाणित नहीं मानी जा सकती। स्कूल का स्थानांतरण प्रमाणपत्र भी उम्र साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। विवाह पंजीकरण अधिकारी को वर और वधू दोनों की उम्र का विश्वसनीय दस्तावेजों से सत्यापन करना होगा। संदेह या विसंगति होने पर विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ायी जायेगी। मथुरा निवासी याची ने ट्रायल कोर्ट के दुष्कर्म व पॉक्सो मामले में सुनाई गयी सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि घटना के समय पीड़िता की आयु लगभग 19 वर्ष थी। पीड़िता ने स्वेच्छा से विवाह किया था। विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है। कोर्ट ने कहा कि विवाह पंजीकरण का उद्देश्य रेकार्ड तैयार करना नहीं बल्कि बाल विवाह रोकना, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और विवाह संबंधी धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है।

जन्मतिथि का सत्यापन जरूरी

ब्रिक्स संसदीय मंचमें आतंकवादपर भारतका कड़ा प्रहार

नयी दिल्ली (आससे)। भारत की अध्यक्षता में आयोजित 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच मंगलवार को संयुक्त घोषणा-पत्र अंगीकृत किए जाने के साथ संपन्न हो गया। घोषणा-पत्र में सीमापार आतंकवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और दोहरे मापदंडों को समाप्त करने पर जोर दिया गया। साथ ही, वैश्विक शासन व्यवस्था में ग्लोबल साउथ की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों का समर्थन किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस मंच के संयुक्त घोषणा-पत्र में संयुक्त राष्ट्र चार्टर, देशों की संप्रभु समानता, परस्पर सम्मान, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। घोषणा-पत्र में नई दिल्ली घोषणा के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में विकासशील देशों की भूमिका बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। समापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का स्थायी समाधान संघर्ष और युद्ध में नहीं, बल्कि संवाद, शांति और सहयोग में निहित है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में अस्थिरता, आर्थिक अनिश्चितता और क्षेत्रीय संघर्षों के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी व्यवस्था की दिशा में काम करना चाहिए, जो राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करे और सभी देशों को समान विकास के अवसर उपलब्ध कराए। बिरला ने कहा कि वैश्विक शांति का अर्थ केवल संघर्षों का अभाव नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान, न्याय और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना भी है।



यूएनएससी सुधारोंका समर्थन, संयुक्त घोषणा-पत्र में सीमापार आतंकवाद, फंडिंग-सुरक्षित ठिकानों की निंदा



यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com

मौसम

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.२२

तापमान
अधि. : ३२.१
न्यून. : १९.२

चोरीकी घटनाओंको अंजाम देने वाले दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

चोरी के जेवरात, नकदी, अवैध पासपोर्ट और घर तोड़ने के औजार बरामद

सारनाथ पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बांग्लादेश के दो शातिर चोरों फरीदपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के जेवरात, नकदी, अवैध पासपोर्ट और घर तोड़ने के औजार बरामद किया हैं। थाना सारनाथ में धारा ३३१(४)/३०५ए, ३१७(२) दर्ज मुकदमे के सिलसिले में सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी और उप-निरीक्षक विपिन कुमार पाण्डेय अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली खास सूचना पर पुलिस ने फरीदपुर अंडरपास के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गये दोनों आरोपियों की पहचान बांग्लादेश के नागरिकों के रूप में हुई है। लालापुर गोमसपुर, आलमपुर, चपाय नवाबगंज, बांग्लादेश निवासी मोहम्मद बैरूल इस्लाम (पुत्र मोहम्मद मुकुल अली और मोहम्मद शफीकुल इस्लाम मुन्ना (पुत्र विलायत हुसैन)। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से निम्नलिखित सामान बरामद किया। एक जोड़ी पायल (सफेद धातु) एक अदद चेन (सफेद धातु) चार हजार रुपये नकद (विभिन्न नोटों में) २ अदद लोहे की सब्बल और पेचकस (ताला तोड़ने के उपकरण) २ एंड्रॉइड एवं पैड मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे भारत घूमने के उद्देश्य से आये थे। यहां पैसे खत्म होने और कोई रोजगार न मिलने के कारण उन्होंने चोरियों का रास्ता चुना। आरोपियों ने बताया कि वे दिन में घरों की रेकी करते थे और मौका पाकर ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने १९ अक्तूबर २०२६ को अमनपुरी कॉलोनी में एक घर का ताला तोड़कर चोरी की थी। चोरी किये गये कुछ गहनों को वे पहले ही बेच चुके थे, जबकि शेष बचे गहने और नकदी पुलिस ने उनके पास से बरामद कर ली है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की आगे की कानूनी काररवाई शुरू कर दी है।

गंगापुर में छत की पटिया तोड़ दुकान से ४५ हजार नकदी समेत किराना सामान चोरी

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगापुर पुलिस चौकी अंतर्गत नगर पंचायत गंगापुर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। रजिस्ट्री कार्यालय के बगल स्थित मां लक्ष्मी प्रोविजन जनरल स्टोर को चोरों ने निशाना बनाया। गांधी नगर निवासी श्याम कसौधन की दुकान में सोमवार की रात चोर पीछे के रास्ते से पहुंचे और छत की पटिया तोड़कर अंदर घुस गये। दुकान में रखे ४५ हजार रुपये नकद और किराना सामान लेकर फरार हो गये। दुकानदार श्याम कसौधन ने बताया कि रोजाना की तरह वह शाम को दुकान बंद कर गल्ले में नकदी रखकर घर चले गये थे। सुबह दुकान खोलने पर छत टूटी मिली और गल्ले से रुपये गायब थे। घटना देख उनके होश उड़ गये। सुबह जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी और हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री कार्यालय जैसे व्यस्त इलाके में हुई चोरी से व्यापारियों में दहशत है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं चौकी प्रभारी गंगापुर मोहम्मद परवेज ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को लिखित रूप से नहीं दी गयी है। तहरीर मिलने पर जांच कर कारवाई की जायेगी।

चौबेपुर में ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

चौबेपुर क्षेत्र के तरयां गांव के सामने मंगलवार को ट्रेन से कटकर सूरज राजभर नामक युवक ने जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमगढ़वां चौबेपुर निवासी सूरज कुमार पुत्र बांगुर राजभर २८ वर्ष ने पूर्वाह्न लगभग १० बजे तरयां गांव के पोखरा के पास बाइक खड़ी कर रेलवे ट्रैक की ओर गया। ट्रैक पर आ ट्रेन के सामने कूद गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा और शादीशुदा था। उसको एक पुत्री भी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया।

जंसा मेले में युवक से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के कुरौना गांव निवासी संदीप पाण्डेय ने बीते विजयादशमी मेले के दौरान मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर कारवाई की मांग की है। वहीं, जंसा थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, संदीप पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ पाण्डेय विजयादशमी के मेले में कुरौना बाजार स्थित मुकेश बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के पास रात १०.३० बजे पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के शिवम पाण्डेय, कमला पाण्डेय के पुत्र अरविंद, सिटी दादा के पुत्र अंकित और दो अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें घेर लिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे, रॉड और पंच से मारपीट की। संदीप का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे राजेश पाण्डेय पुत्र बच्चा पाण्डेय के साथ भी मारपीट की गयी। घटना में उन्हें शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आयीं। आरोप है कि मारपीट के दौरान उनका मोबाइल तोड़ दिया गया, कपड़े फट गये और सोने की अंगूठी भी गायब हो गयी। उन्होंने डायल ११२ पर सूचना देने की बात कही है। पीड़ित के मुताबिक, इससे पहले भी उनके साथ मारपीट हुई थी, जिस संबंध में के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ताजा घटना के बाद भी आरोपित उनके घर पहुंचकर महिलाओं से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से मामले में उचित कानूनी कारवाई की मांग की है।

रामनगर : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रामनगर। स्थानीय थाने की भीटी पुलिस चौकी अंतर्गत मंगलवार को प्रात: धुंधराज पुल के समीप हुई सड़क दुर्घटना में चंदौली जनपद के सकलडीहा थाना अंतर्गत पौरा गांव निवासी अंबेडकर राम (३५ वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के जीवित होने की आस में उसे लेकर यहां के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सालय पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मोटरसाइकिल में मिले कागजातों एवं उसके मोबाइल में अंकित नंबरों पर फोन करके घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। जिसके बाद उसके परिजन यहां के थाने पहुंचे और उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी। जिसके आधार पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया, तो वही उसने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही इस घटना को लेकर लोग इसके उलट चर्चाएं करते देखे गये।

मिर्जामुराद में मकान का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी

मिर्जामुराद। क्षेत्र के कोषडा (चक्रपानपुर) गांव में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का घरेलू सामान उड़ा ले गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने मौका मुआयना किया। शिवकुमार विश्वकर्मा अपना नवनिर्माण मकान कोषड़ा (चक्रपानपुर) गांव में बनवाये है। महीनो पूर्व अपने परिवार के साथ मुंबई चले गये थे, मंगलवार की सुबह जब उनका पुत्र आर्यन अपने दादी के साथ घर पहुंचा, तो दरवाजा खोलते ही देखा कि ताला टूटा हुआ है और अन्दर रखे तीन पीतल के परात और एक पीतल का हांडा और दो गैस सिलेंडर और चूल्हा गायब है। जिस पर वह तुरंत मिर्जामुराद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए आवश्यक कानूनी कारवाई में जुट गयी।

पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण: EL-MWS-GKP-2026-27-20;** प्रोविजन ऑफ डी-चेक ऑफ ग्रीव्स कॉटन मेक पावर कार्स, क्वांटिटी-06 नं०, पावर कार्स इन मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर।; **अनुमानित लागत: ₹1,37,10,043.52; बयाने की राशि: ₹2,74,200/-; निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹0.00; कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से:** 24 महीना। • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 18.11.2026 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.),
मुजाधि/विद्युत-242 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

सं० MC-45-DRMLS-RIRO-DDU

दिनांक : 23.10.2026

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/डीडीयू०/पू.म.रे, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी/ठीकेदार से खुली ई- निविदा स०:- MC-45-DRMLS-RIRO-DDU, दिनांक 23.10.2026 के लिये आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित है।

कार्य का विवरण : ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की जांच (सेफ-टू-रन एग्जामिनेशन) के लिए 'रोलिंग-इन रोलिंग-आउट' सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु, DDU और गया (GAYA) में CCTV कैमरों और अन्य आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 46,11,049.40/- (केवल छियालीस लाख ग्यारह हजार उनचास रुपये और चालीस पैसे)। **धरोहर राशि:** रू. 92,200/- (केवल बानवे हजार दो सौ रुपये) **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** 30.10.2026 से लेकर 13.11.2026 को 14:00 बजे टेंडर बंद होने की तारीख तक। **वेबसाइट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS Website:- www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार नहीं होगा।

नोट: विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

वरीय मंडल यॉत्रिक अभियंता (समाडि)/डीडीयू०

पीआर/1197/डी०डी०यू०/एमईसीएच/टी/26-27/44

बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004

No. WP/S/Re-engagement (NG)/2026 **अधिसूचना** दिनांक: 26.10.2026

विषय:- ब रे का में यांत्रिक विभाग के सर्विस इंजीनियरिंग डिवीज़न में संविदा के आधार पर सेवानिवृत वरिष्ट तकनीशियन प्लम्बर, लेवल-6 तकनीशियन कर्मचारियों के Re-engagement के सम्बन्ध में।

बरेका/वाराणसी में यांत्रिक विभाग के सर्विस इंजीनियरिंग डिवीजन मे संविदा के आधार पर एक सेवानिवृत वरिष्ट तकनीशियन प्लम्बर, लेवल-6 कर्मचारी के Re-engagement के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की गयी है। **बरेका/वाराणसी में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25.11.2026 को 17.00 बजे तक है।** अधिसूचना और निर्धारित प्रोफार्मा का विवरण बरेका के वेबसाइट **http://blw.indianrailways.gov.in** पर देखा जा सकता है।

पीआरओ/बरेका/पी-07 स.का.अ./कर्मशाला, महाप्रबंधक/कार्मिक

/blwvaranasi वेबसाइट: www.blw.indianrailways.gov.in

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रिया पाण्डेय दर्ज है जबकि शादी के बाद मेरा नाम प्रिया तिवारी हो गया है। जो आधार कार्ड व पैन कार्ड पर दर्ज है। प्रिया तिवारी व प्रिया पाण्डेय दोनों नाम एक ही महिला का है। **प्रिया तिवारी** पत्नी स्व. विशाल कुमार तिवारी ग्राम तिनाहरी पो. परसूपुर थाना -मधुबन जिला मऊ

सूचना- हम शपथकर्ता के पासपोर्ट में जारी मेरा नाम विनय कुमार सिंह की जगह विनय कुमार हो गया। जबकि वास्तविक नाम **विनय कुमार सिंह** पुत्र रामाशंकर ग्राम-सोनहरा, पोस्ट ओड़राई, तहसील जखनियां जिला गाजीपुर है, सही व शुद्ध नाम दर्ज किया जाय।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वंश यादव डालिम्स सनबीम रोहनिया वाराणसी कक्षा-9 के अंक पत्र में पिता का नाम सुध्वंश यादव (SHUDH VANSH YADAV) दर्ज है जो गलत है जबकि मेरा सही नाम सुध्वंश यादव (SUDH VANSH YADAV) है। उसके विद्यालय के रिकार्ड में संशोधन किया जाना न्यायसंगत होगा। **सुध्वंश यादव** ग्रा. सुरजनपुर पो. पो. बीसहम अबूसइदपुर आजमगढ़

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे इण्डियन बैंक शाखा स.सं.वि. वाराणसी में खाता सं. 50338065780 में मेरा नाम अनिता देवी पत्नी राजेश सोनकर अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम नीतू सोनकर तथा जन्मतिथि 01.01.1986 दर्ज है एवं मुझे उपरोक्त दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है तथा दोनो नाम मेरे ही है। **नीतू सोनकर** पत्नी राजेश सोनकर निवासिनी म.नं. जे. 13/70 चौकाघाट, वाराणसी।

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि हम शपथकर्ता के ड्राइविंग लाइसेंस नंबर यू०पी० 61 20220011456 में मेरा नाम जय प्रकाश यादव दर्ज हो गया है जो गलत है, जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड व हाई स्कूल के प्रमाण पत्र में मेरा नाम जय प्रकाश सिंह यादव है जो सत्य व सही है, सही नाम रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **जय प्रकाश सिंह यादव** पुत्र मन्नू ग्राम व पोस्ट पलिवार, थाना बहरियाबाद तहसील जखनिया, जिला गाजीपुर

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में महंगी देवी पत्नी इस्लाम है लेकिन परिवार रजिस्टर में सकिना उर्फ महंगी पत्नी इस्लाम व अन्य दस्तावेज में शकीना पत्नी स्व इस्लाम दर्ज है। मै धर्म व ईमान से बयान करती हूँ कि महंगी उर्फ सकिना व शकीना सभी नाम मेरे ही है। मुझे इन्ही सभी नामों से जाना व पहचाना जाता है। **महंगी देवी उर्फ शकीना** पत्नी इस्लाम ग्राम व पोस्ट-सेवराई, जनपद-गाजीपुर (उ०प्र०)

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम सौरव मिश्रा है जबकि उसके आधार कार्ड पर उसका नाम भूलवश शौर्य (SHAURYA) दर्ज है जो गलत है। उसके आधार कार्ड पर सही नाम **सौरव मिश्रा** दर्ज किया जाय। **सीता मिश्रा** पत्नी मयाशंकर मिश्रा पता-कुरौठी सागर पोस्ट नदिनी जिला मीरजापुर।

सूचना-सूचित किया जाता है- मेरा पूर्व नाम- LAVA KUSH था अबसे बदलकर **LAVKUSH** पुत्र RAM BAHORI रख लिया है। अब मुझे इसी नामसे जाना पहचाना. जाय ,पता - H-NO- 12, बम्हरौली फतेहपुर ,उत्तरप्रदेश

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लज-ओटी-237, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में GD-BBK सेक्शन में LC नंबर 253, 267, 283, 284, 306 और 313 की जगह 'एयर पुशिंग' तकनीक का इस्तेमाल करके LHS का निर्माण। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 23-11-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 23-11-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 35,39,485.60, बयाना राशि: ₹ 70,800/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 09 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लज-ओटी-238, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 06 नंबर स्टेशनों (LIR-PF-2, JBR-PF-1, BRCK-PF-1, MOTG-PF-1, JLHI-PF-1 और PATI-PF-1&2) पर 07 नंबर पैसेंजर प्लेटफॉर्मों के विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 27-11-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 27-11-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 1,15,85,274.46, बयाना राशि: ₹ 2,31,700/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 09 माह। **क्रम सं.-3,** निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लज-ओटी-239, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में एएचयू, बीएचजीपी, बीआरएसए, बीजेएलपी, जेकेआई, जेएलटी, एलपीडब्ल्यू, एलवीआर, एमएचबीजी एवं एमएचबीजेड पर 10 पी.एफ. को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक बढ़ाने के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 27-11-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 27-11-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 83,12,664.38, बयाना राशि: ₹ 1,66,300/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 09 माह।

नोट: (1) इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-243 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सम्मन बगरज एन फैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1व 5 बअदालत सिविल जज (सी.डी.) चन्दौली

बमुकदमा नम्बर 527 सन् 2026 ई. सार्वजनिक रास्ता/सार्वजनिक हित के बाबत सर्वसाधारण को इस्तेहार/सूचना आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी.

मुनीर वगै. बनाम गनेश प्रसाद सिंह. वगै. बनाम : 1. मुनीर पुत्र स्व. मद्दू कुर्बान अली सुल्तान अहमद इस्लाम, असलम पुत्रगण स्व. अब्दुल्लाह निवासीगण खण्डवारी चहनियाँ परगना महुआरी तहसील सकलडीहा जिला चन्दौली.

वादीगण

बनाम

गनेश प्रसाद सिंह, गोपाल नरायन सिंह , मनीष सिंह वयस्क पुत्रगण स्व. अवधेश बहादुर सिंह सभी निवासीगण लक्ष्मनगढ़ परगना महुआरी तहसील सकलडीहा जिला चन्दौली हालपता खण्डवारी चहनियां जिला चन्दौली.

वादीगण

बावजह हो कि आदेश 1 नियम 8 सी. पी.सी./ सर्वसाधारण हेतु सूचना एकना. लिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता / वकिल हाजिर हो कर कुछ उज्र हो आज तारिख 29 माह 10 सन् 2026 ई. वक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता / वकिल अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमे की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 26 माह 10 सन् 2026 ई. की जारी किया गया।

मुहर अदालत

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई-निविदा सं०- ई.सी.आर.-सी.ए.ओ.-सी/एस/ई.टी.ई.एन.-एच. जेड.एम.इ.-10, कार्य का नाम :** ECR के धनबाद डिवीजन में गोमोह फ्लाई ओवर (डाउन कनेक्टिविटी के लिए) के निर्माण के सिलसिले में, रेल, स्लीपर, फिटिंग आदि जैसे P.Way मैटेरियल की ढुलाई और रेलवे के स्पेसिफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार अन्य संबंधित कार्यों सहित परमानेंट वे (Permanent way) को जोड़ने का काम। इसमें ये लाइनें शामिल हैं: टैलो से गोमोह ROR लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से गोमोह तक), टैलो से मटारी UP लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक) और टैलो से मटारी DN लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक)। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 9,81,37,322.92, **ईएमडी प्रतिभूति (रू.) :** 19,62,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 (नौ) महीना। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 17.11.2026 (समय 15:30)। काई भी ई-निविदा जो डाक/कुरियर/फैक्स अथवा हस्तप्रति के माध्यम से भेजी जायेगी, स्वीकार नहीं की जाएगी। फर्म के लेटर पैड पर प्रस्तुत की गई अथवा समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की हस्तलिखित प्रस्तुती भी स्वीकार्य नहीं होगी। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज संपूर्ण जानकारी के साथ वेबसाइट **ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

नोट : निविदा सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पाये जाने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण अंतिम एवं मान्य होगा। निविदाकारों से अनुरोध है कि इस ई-निविदा से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/संशोधन आदि के लिए अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व वेबसाइट **ireps.gov.in** का अवलोकन कर लें।

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/1, हजारीबाग

पीआर/1281/सीओएन एचजेडबीएन/सीओएनएसटी/टी/26-27/48

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी भेलूपुर, वाराणसी-221010

पत्रांक संख्या-292/II/(जोन-2)/ज.क.वि.न.नि.वा. दिनांक-27.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी में भेलूपुर जोन-2 के अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाने /बदलने का कार्य कराये जाने हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के पंजीकृत ठेकेदार जो जलकल विभाग में न्यूनतम 01 वर्ष के कार्य का अनुभव रखते हो, से दिनांक 03.11.2026 को सायं 03:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र/फार्म कैशियर मुख्यालय, जलकल विभाग, भेलूपुर, वाराणसी से दिनांक 28.10.2026 से 03.11.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की धरोहर धनराशि महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के नाम से बन्धक एफ. डी. आर. (मूल प्रति) के रूप में जमा कराकर निविदा लिफाफे पर उल्लेख करना आवश्यक हैं।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि
1.	भेलूपुर जोन-2 के सीरगोवर्धनपुर वार्ड के अन्तर्गत श्री मनोज जी के घर से रविदास मन्दिर, लंगर हॉल तक 40 मीटर 250 एम.एम. व्यास की डी.डब्ल्यू.सी. सीवर लाइन बिछाने एवं अन्तः संयोजन का कार्य ।	6000.00	500.00	20 दिवस

नोट:- नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (जोन-2)
जलकल विभाग,
नगर निगम, वाराणसी।

आवश्यकता है

योग्य, ऊर्जावान एवं प्रतिभाशाली शिक्षण कर्मियों की **उर्मिला पब्लिक स्कूल, औरी मोड़, अनपरा** (CBSE से संबद्ध) विद्यालय में निम्न पदों हेतु डायनेमिक, योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित हैं: प्रमुख पद **Principal** (प्रधानाचार्य), **Vice Principal** (उप-प्रधानाचार्य), शिक्षण पद PGT - Chemistry, Mathematics, English TGT - Social Science, Science Trained School Coordinators Dynamic & Fit Sports Teacher वांछित अभ्यथी: उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता, विषय-ज्ञान, अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं विद्यार्थियों के साथ प्रभावी संवाद कौशल रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वेतन: अभ्यर्थी की योग्यता, अनुभव एवं क्षमता के अनुरूप आकर्षक वेतन।

Walk-in Interview-दिनांक-मंगलवार, 10 नवम्बर 2026 इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume/CV urmilapublic@ gmail.com पर भेजें अथवा विद्यालय कार्यालय में जमा करें। पता: उर्मिला पब्लिक स्कूल, औरी मोड़, अनपरा, सोनभद्र (उ.प्र.)

श्री हरिवंश बाबा इंटर कॉलेज, पूर, बलिया (उ.प्र.)

श्री हरिवंश बाबा इ.का. पूर, बलिया की प्रबन्ध समिति के निर्वाचन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया गया है-

नामांकन - 07.11.2026, प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक।
नामांकन की जाँच - 07.11.2026 को 12 बजे से 1.00 बजे तक।
नामांकन पर आपत्ति एवं निस्तारण- 07.11.2026 को 1.00 बजे से 2.00 बजे तक।
नाम वापसी - 07.11.2026 को 2.00 बजे से 4.00 बजे तक।
मतदान दिनांक - 22.11.2026 को प्रात: 8 बजे से 12.00 बजे तक।
मतगणना- मतदान समाप्ति के तुरंत बाद से गणना की समाप्ति तक।
नवनिर्वाचित प्रबन्ध समिति के अनुमोदन के लिए साधारण सभा की बैठक दिनांक 22.11.2026 को दिन में 3.00 बजे से।
समस्त कार्यक्रम श्री अमरेंद्र कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य/निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से विद्यालय भवन पर सम्पन्न होंगे।
सभी सदस्यगण अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

रामाकान्त चतुर्वेदी. प्रहलाद सिंह
अध्यक्ष प्रबन्धक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-विन्ध्याचल,मीरजापुर
पता:-जाहन्वी होटल के पास पुतलीघर, मीरजापुर

E-mail ID :- seredmirzapur@gmail.com

पत्रांक 882 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली सा0कार्य/पत्रा0 सं0 96/अनु0सहा0/2026-27/दिनांक 21.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना(प्रथम काल)

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल विन्ध्याचल, मीरजापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0 एवं सी0 श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप भवन मार्ग निर्माण हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।कार्य से सम्बंवित विवरण निम्नवत् है:-

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू.मे)	बिड सिकुरिटि (इ.म.डी.) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास-सोनभद्र (भवन निर्माण से सम्बन्धित)						
1	सोनभद्र	राजकीय इण्टर कालेज सुअरसोत में 600 मीटर मय गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	60.50	1.21	3319.00	4 माह
2	सोनभद्र	राजकीय बालिका छात्रावास बभनी में 520 मीटर गेटमय चहारदीवारी का निर्माण कार्य तथा सुरक्षा हेतु गार्ड रूम का निर्माण कार्य।	55.05	1.10	3265.00	4 माह
3	सोनभद्र	भारतीय इण्टर कालेज विण्ढमगंज में 03 शिक्षण कक्ष 01 कार्यालय कक्ष तथा 2 शौचालय का निर्माण कार्य।	55.65	1.12	3271.00	4 माह
4	सोनभद्र	राजकीय हाई स्कूल नेमना सोनभद्र में 355 मीटर मय गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	64.51	1.29	3360.00	4 माह
5	सोनभद्र	राजकीय हाई स्कूल खजुरा सोनभद्र में 400 मीटर गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	38.97	0.74	3084.00	3 माह
6	सोनभद्र	राजकीय हाई स्कूल बेलगढ़ी सोनभद्र में 400 मीटर गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण। तथा सुरक्षा हेतु गार्ड रूम का निर्माण कार्य।	72.50	1.45	3439.00	6 माह
7	सोनभद्र	राजकीय हाई स्कूल कमारीडाड सोनभद्र में 350 मीटर गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	37.14	0.75	3086.00	3 माह
8	सोनभद्र	राजकीय हाई स्कूल बैरपुर सोनभद्र में 250 मीटर गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	39.57	0.80	3110.00	3 माह
9	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल नवाटोला चोपन सोनभद्र में 250 मीटर गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	47.42	0.95	3189.00	4 माह
10	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल घघरी सोनभद्र में 350 मीटर मय गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य	36.80	0.74	3082.00	3 माह
11	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल बेलहत्थी में 300 मीटर मय गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	48.93	0.94	3184.00	4 माह
12	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी में प्रा.वि. बरवाटोला-2 में नवीन भवन निर्माण व चार दीवार का निर्माण कार्य। (लम्बाई 100 मीटर)	41.07	0.83	3125.00	3 माह
13	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा में प्रा.वि. बकाही में नवीन भवन निर्माण व चार दीवार का निर्माण कार्य। (लम्बाई 120 मीटर)	56.20	1.13	3276.00	4 माह
14	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन में प्रा.वि. क.वि.बरवाखाड में नवीन भवन निर्माण व चार दीवारी का निर्माण कार्य। (लम्बाई 150 मीटर)	45.75	0.92	3172.00	3 माह
15	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर कें क.वि. कोड़ार में नवीन भवन निर्माण व चार दीवार का निर्माण कार्य। (लम्बाई 190 मीटर)	38.10	0.77	3095.00	3 माह
16	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के उ.प्रा.वि. धुर्वाह में नवीन भवन निर्माण व चार दीवार का निर्माण कार्य। (लम्बाई 300 मीटर)	63.58	1.28	3353.00	4 माह
17	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के क.वि. लि.लासी में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य	38.00	0.76	3094.00	3 माह
18	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा के प्रा.वि. रानीतारा में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य लम्बाई 120 मीटर	34.65	0.70	3061.00	3 माह
19	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा कें प्रा.वि. मोकर्सिम में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य लम्बाई 80 मीटर	34.65	0.70	3061.00	3 माह
20	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा. विघालय पोडूचट्टान में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य (लम्बाई 300 मीटर)	45.06	0.91	3165.00	3 माह
21	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा के क.वि. करकोली में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य (लम्बाई 25 मीटर)	39.67	0.80	3111.00	3 माह
22	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा के प्रा.वि. किंगरी में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य (लम्बाई 200 मीटर)	36.16	0.73	3076.00	3 माह
जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास-सोनभद्र (मार्ग निर्माण से सम्बन्धित)						
23	सोनभद्र	जुडवरिया सम्पर्क मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 2.00 मीटर)	134.45	2.69	4059.00	6 माह
24	सोनभद्र	पगिया सम्पर्क मार्ग से पटेहरा प्राथमिक विघालय तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 1.30 मीटर)	83.97	1.68	3554.00	4 माह
25	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के ग्राम पंचायत सुपाचुआ में रनमत के घर से रशम प्लान्टेशन तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।(लम्बाई 2360 मीटर)	147.05	2.95	4185.00	6 माह
26	सोनभद्र	विकास खण्ड-करमा के सिरसिया ठकुराई में राम पथरा से विश्वकर्मा बस्ती तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।(लम्बाई 1400 मीटर)	103.36	2.07	3748.00	5 माह
27	सोनभद्र	विकास खण्ड-राबर्टसगंज के ग्राम पंचायत कुंसी डौर में हूबलाल के घर से रामलाल के घर होते हुए घाघरा नहर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।(लम्बाई 1100 मीटर)	82.35	1.65	3538.00	4 माह

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:- 29.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की तिथि/समय:-29.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:-15.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 15.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
6. निविदा आनलाईन वेब साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(नूर आलम)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल-विन्ध्याचल, मीरजापुर
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

उ.प्र.-259478
दिनांक-26.10.2026

आज
वाराणसी, २८ अक्तूबर, २०२६
आजमगढ़
५

इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय के मध्याह्न भोजन में मिली छिपकली

पवई शिक्षा क्षेत्र के गुमकोठी का मामला, बच्चों में मचा हड़कंप, अभिभावक भी नाराज

माहुल, आजमगढ़। पवई शिक्षा क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गुमकोठी में मंगलवार को

लापरवाही

प्रधानाध्यापिका को रसोइया के खिलाफ रिपोर्ट प्रेषित करने का बीईओ ने दिया निर्देश



नौनिहालों के भोजन में छिपकली मिलने से बच्चों में हड़कंप मच गया, तो जानकारी के बाद अभिभावकों ने भी नाराजगी जताई। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान दिनेश यादव ने स्वास्थ टीम बुलाकर बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कराया।

इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गुमकोठी में 103 बच्चों का नामांकन है तथा इन्हें पढ़ाने के लिए एक शिक्षामित्र और चार अध्यापक तैनात हैं। सरकार और विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में मध्याह्न भोजन तैयार होने के बाद प्रधानाध्यापक द्वारा उसका निरीक्षण करने के बाद ही बच्चों को परोसा जाता है। मीनू के हिसाब से विद्यालय में रसोइए द्वारा मंगलवार को दाल और चावल बनाया गया था। बिना प्रधानाध्यापक द्वारा भोजन का निरीक्षण किए ही दोपहर के समय बच्चों की थाली में मध्याह्न

शिक्षामित्र ने भोजन को रसोई से उठाकर बाहर फेंकवाया, प्रधान ने करायी स्वास्थ्य जांच

भोजन परोसा गया। बच्चे भोजन कर ही रहे थे कि एक बच्चे के थाली की दाल में छिपकली दिखाई थी और वह डर गया। उसके बाद सारे बच्चे भोजन छोड़कर उठ गए और विद्यालय में अफरातफरी मच गई। जानकारी होने पर शिक्षामित्र छगनलाल ने मध्यान्ह भोजन को रसोई से उठाकर बाहर फेंकवा दिया। जैसे ही बच्चों के खाने में छिपकली की सूचना ग्राम प्रधान दिनेश यादव को हुई तो आनन-फानन में प्रधान ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पवई के चिकित्सकों को बुलाकर बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कराया। सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक भी विद्यालय पर पहुंच गए। चिकित्सकीय परीक्षण में बच्चों के स्वास्थ को ठीक पाए जाने पर लोगो ने राहत की सांस लिया। उसके बाद सारे अभिभावक अपने-अपने बच्चों को विद्यालय से अपने साथ लेकर घर चले गए। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी पवई संतोष कुमार सिंह का कहना है कि मध्यान्ह भोजन में छिपकली निकलना घोर लापरवाही है और यह अक्षम्य है। हमने प्रधानाध्यापिका सुनीता यादव को सम्बंधित रसोइया के खिलाफ रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। ईश्वर की कृपा से सारे बच्चे सुरक्षित हैं।

स्टाम्प, रजिस्ट्रेशन विभाग में साहिस्ता का चयन

कलान, आजमगढ़। तहसील फूलपुर क्षेत्र के ग्राम हंडिया, मित्तूपुर निवासी मोहम्मद यासीन अंसारी की पुत्री साहिस्ता का चयन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में कनिष्ठ लिपिक पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। साहिस्ता की उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साहिस्ता के चयन की जानकारी मिलते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने इसे परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लिए भी गर्व की बात बताया। साहिस्ता की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी आगे बढ़ने और मेहनत के दम पर सफलता हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। उनकी सफलता पर परिवार में उत्साह का माहौल है और लोग लगातार उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।

जनगणना प्रगणक, सुपरवाइजर अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक करें निर्वहन

आजमगढ़। जनगणना 2027 के सफल, सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन के उद्देश्य से जनपद में

नवागत एडीएम ने सदर तहसील में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का किया शुभारंभ

प्रगणक एवं सुपरवाइजर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को तहसील सदर में नवागत एडीएम एफआर/जिला जनगणना अधिकारी राजीव कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। वहीं, तहसील बूढ़नपुर एवं फूलपुर में संबंधित एसडीएम/उप जिला जनगणना अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को उनकी जिम्मेदारियों, जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित प्रश्नों के माध्यम से सही जानकारी संकलित करने व मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग के संबंध में आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को जनगणना संबंधी कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित कराया जा रहा है। जिससे वास्तविक क्षेत्र में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई न हो और आंकड़ों की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर समुचित प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। जिससे जनगणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में शुद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जा सके। इस मौके पर स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह आदि रहे।

हादसे में घायल लूम संचालक की इलाज के दौरान मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के सेंटरवा बाजार स्थित यूनियन बैंक के पास एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में घायल लूम संचालक की सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

निजामाबाद थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी 54 वर्षीय अनिल यादव मुंबई में लूम चलाकर परिवार की जीविका चलाते थे। करीब एक माह पूर्व वह परिवार से मिलने के लिए घर आए थे। एक सप्ताह पहले वह अपने भतीजे योगेश के साथ बाइक से सेंटरवा बाजार जा रहे थे। बाजार के पास पहुंचते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में अनिल यादव और उनके भतीजे योगेश घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अनिल यादव की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें शहर के लक्ष्मिरामपुर स्थित वेदांता अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार कराया गया। रविवार को वहां से रेफर किए जाने पर परिजन उन्हें दोबारा जिला अस्पताल ले आए और भर्ती कराकर इलाज कराने लगे। सोमवार की सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अनिल यादव की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तीन नवंबर को ३३३ जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

आजमगढ़। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में अनुसूचित जाति, अनुसूचित

सावित्री बाई फुले राजकीय पालिटेक्निक में आयोजन की तैयारियां की जा रही



जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के पात्र परिवारों की पुत्रियों के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन तीन नवंबर को हर्रा की चुंगी स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय पालिटेक्निक में किया जाएगा। योजना के अंतर्गत शासन से जनपद के लिए निर्धारित संशोधित लक्ष्य 1,588 के सापेक्ष 1,255 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। शेष लक्ष्य 333 जोड़ों का सामूहिक विवाह तीन नवंबर को कराया जाएगा। उपलब्ध आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र जोड़ों का सत्यापन एवं आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने संबंधित विकास खंडों एवं नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पोर्टल पर किए गए आवेदन पत्रों का सघन सत्यापन कराया जाए। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि विवाह पूर्व से संपन्न न हुआ हो तथा आवेदन पत्र में कन्या का बैंक खाता संख्या उपलब्ध हो। डीएम ने सत्यापन के उपरांत पात्र जोड़ों की सूची एवं आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय सीमा के अंदर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता न बरती जाए। जनपद के समस्त पात्र परिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित पोर्टल पर आवेदन/पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराएं तथा संबंधित विकास खंड, नगर पालिका परिषद अथवा नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक अभिलेख एवं सत्यापन की कार्यवाही समय से पूर्ण कराएं।

अतरौलिया के ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन भी उमड़ा आस्था का सैलाब

अतरौलिया (आजमगढ़)। नगर पंचायत में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन आस्था और उल्लास का सैलाब उमड़ पड़ा। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते कस्बे में देर रात तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। दो दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संग्राम यादव और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने भी विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के दूसरे दिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नगर के प्रमुख चौक व मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

शोषितों-वंचितों के हक की लड़ाई और तेज करेगी सुभासपा- अरुण

अतरौलिया, आजमगढ़। सुभासपा का 24वां स्थापना दिवस मंगलवार को क्षेत्र के भिउरा स्थित पार्टी कार्यालय पर मनाया गया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा और मिठाई बांटकर शुभकामनाएं दीं। अरुण राजभर ने कहा कि सुभासपा शोषितों, वंचितों, पिछड़ों और दलितों के अधिकारों एवं आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ने वाला मंच है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के संघर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महज 287 वोटों से शुरू हुआ पार्टी का सफर आज छह विधायकों और सरकार में मंत्री पद तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जातिवार जनगणना, आर्थिक आधार पर आरक्षण और समाज के कमजोर वर्गों को उनका हक दिलाने के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। अरुण राजभर ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

इनरव्हील क्लब ने महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति निकाली जागरुकता रैली

आजमगढ़। महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच के महत्व को समझाने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब द्वारा एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लक्ष्मिरामपुर स्थित केएन लाल मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रांगण से डा. निर्मल श्रीवास्तव के नेतृत्व में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सचिव वैजयंती साव और एडिटर पुष्पा श्रीवास्तव, रुचि अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, गिरिजा यादव, ऊषा आर्य और अन्नपूर्णा अग्रवाल आदि क्लब सदस्यों द्वारा रैली निकाली गई। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शीघ्र पहचान ही आपका सबसे बड़ा बचाव है और अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेते हुए नियमित जांच कराना बेहद जरूरी है। निर्मल श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में शामिल है, लेकिन यदि इसे सही समय पर पहचान लिया जाए, तो यह शत-प्रतिशत ठीक हो जाता है।

रोड जाम, उपद्रव मामले में तीन वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

आजमगढ़। मुबारकपुर थाने के एसआई प्रदीप वाजपेयी की टीम ने मंगलवार को दिन के लगभग ग्यारह बजे ग्राम गूजरपार स्थित घर से रोड जाम व उपद्रव आदि मामलों में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में गोविन्द पुत्र स्व सोहित राम, विजय कुमार पुत्र शंकर राम तथा नागेन्द्र यादव पुत्र स्व. रामबदन यादव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 13 अक्टूबर को गूजरपार बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए थे। इसके उपरांत कुछ लोगों द्वारा गूजरपार बाजार चौराहे पर एकत्र होकर मुबारकपुर-जीयनपुर मुख्य मार्ग जाम कर दिया गया। पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज एवं ईंट-पत्थर चलाकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया, जिससे एम्बुलेंस, बसों एवं आमजन के वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली के एसआई ओम प्रकाश मिश्रा व अमित कुमार वर्मा ने सोमवार की रात लगभग सवा नौ बजे मुखबिर की सूचना पर बाइक चोरी के मामले में प्रकाश में आए शिवम चौहान पुत्र अर्जुन चौहान निवासी कोलपुर, थाना निजामाबाद को खालिसपुर नहर तिराहे से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में 25 अक्टूबर को सन्नी देवल पुत्र मनोज कुमार निवासी अंजान शहीद द्वारा तहरीर दी गई थी कि अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटरसाइकिल को बागखालिस बाजार से चोरी कर लिया गया है।

पिस्तौल-कारतूस के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। बिलरियागंज थाने के उपनिरीक्षक गिरिजेश यादव की टीम सोमवार को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग तथा अपराध नियंत्रण हेतु भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मसीरपुर से ग्राम तेंदुआ की तरफ आने वाले एक व्यक्ति के पास अवैध तमंचा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा हाजी पट्टी मसीरपुर मोड़ के पास पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए योगेन्द्र उर्फ जोगेन्द्र पुत्र मकरी राम उर्फ मकड़ी निवासी ग्राम अराजी अमानी, थाना महराजगंज के खिलाफ दर्जन भर से ज्यादा मुकदमें दर्ज बताए गए हैं।

राज्य ताइक्कांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने झटके कई पदक

आजमगढ़। ताइक्कांडो एसोसिएशन मऊ के तत्वावधान में मऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य

मऊ से लौटने पर मुकेरीगंज में रोटरी क्लब ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2026 में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मान बढ़ाया है। फिजा रियाज व अनुराधा ने स्वर्ण पदक, इरम, अलशिफा, अंबिया, जैनब, इस्मा और नाजिश ने रजत पदक, अक्सा, हाजरा, जाकिर और अरनव प्रताप सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में मुकेरीगंज स्थित राउंड 11 किकबॉक्सिंग फिटनेस क्लासेस में आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल और अकादमी के संस्थापक व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आरिफ खान ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्रेय ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इसी लगन और कड़ी मेंहनत के साथ आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल कर देश, प्रदेश और अपने जिले का नाम रोशन करते रहें। अकादमी के संस्थापक आरिफ खान ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कराटे गर्ल्स अकादमी की कोच अलीशा शाहिद, वासिक आदि मौजूद रहे।



चक्रवाती तूफान के संभावित प्रभाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

आजमगढ़। चक्रवाती तूफान अर्णब के संभावित प्रभाव 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य प्रदेश में बेमौसम वर्षा, तेज हवाओं एवं गरज-चमक की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संभावित आपदा से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाएं। विशेष रूप से कृषक, पशुपालक एवं कच्चे मकानों में निवास करने वाले परिवार अतिरिक्त सतर्कता बरतें।

अपर जिलाधिकारी वि/रा ने बताया हैं कि जनहानि से बचाव हेतु आकाशीय बिजली चमकने एवं गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेतों, तालाबों तथा जलस्रोतों से दूर रहें। तेज हवाओं एवं वर्षा के दौरान सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े न हों। मौसम खराब होने पर अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थान पर रखें। जर्जर भवनों, कच्ची दीवारों एवं कमजोर छतों से दूर रहें। पशुहानि से बचाव हेतु पशुओं को खुले मैदान में बांधकर न रखें। उन्हें सुरक्षित एवं मजबूत पशुशाला में रखें। पशुशाला में जलभराव रोकने तथा चारे एवं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के दौरान पशुओं को पेड़ों, बिजली के खंभों एवं तारों के पास न बांधें । पशुओं को सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय स्वयं की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। फसल क्षति से बचाव हेतु खेतों में पककर तैयार फसलों की स्थिति के अनुसार कटाई एवं सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था करें।

गोवध के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। गम्भीरपुर थाने के उपनिरीक्षक योगेश कुमार सरोज की टीम ने मंगलवार को करीब 11.15 बजे बेचन बाबा मंदिर गम्भीरपुर के पास से गोवध के मुकदमे में वांछित आरोपी वकील पुत्र स्व. मोबीन निवासी ग्राम लहबरिया सरसेना खालसा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उल्लेखनीय है कि 25 अक्टूबर की रात ग्राम सरसेना खालसा में प्रतिबंधित पशु का वध कर उसका मांस बेचने तथा वध में प्रयुक्त उपकरणों एवं अवशेषों को छिपाने के प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई थी। इस दौरान मुठभेड़ में जमील को प्रतिबंधित पशु के मांस एवं अवैध तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था तथा सलमान भी पकड़ा गया था। वकील वांछित चल रहा था।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय कुमार सिंह गौर उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

एसआई से इंस्पेक्टर बने राजेश कुमार और योगेंद्र

आजमगढ़। पुलिस कार्यालय में एसपी डा. अनिल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव द्वारा पदोन्नति प्राप्त पुलिसकर्मियों के कंधों पर निरीक्षक पद के स्टार लगाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गईं। एसआई से निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वालों में देवगांव कोतवाली के राजेश कुमार सिंह व योगेंद्र सिंह यादव शामिल हैं। दोनों को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासित कार्यशैली से विभाग एवं जनपद का गौरव बढ़ाते रहेंगे तथा नई जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम कौस्तुभ त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय कुमार सिंह गौर आदि उपस्थित रहे।

निजी अस्पताल समय से पूरा करें पंजीकरण और आयुष्मान कार्ड निर्माण

आजमगढ़। जनपद के निजी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और सरकारी योजनाओं के

सीएमओ ने की डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं की समीक्षा



क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा ने अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वास्थ्यकर्मियों एवं चिकित्सा संस्थानों का पंजीकरण, मरीजों के स्वास्थ्य अभिलेखों का डिजिटल संधारण और आयुष्मान कार्ड निर्माण सहित सभी लंबित कार्य समय से पूरे किए जाएं। बैठक में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली, मरीजों के पंजीकरण एवं अभिलेखों के रखरखाव, चयनित एवं गोद लिए गए गांवों में आयुष्मान कार्ड निर्माण, जननी सुरक्षा योजना तथा पीएम राहत कार्यक्रम की समीक्षा की गई। सीएमओ ने पात्र स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सा संस्थानों का पंजीकरण शीघ्र पूरा कराने तथा अभिलेखों में त्रुटियों को दूर कर उन्हें अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों के उपचार संबंधी विवरण को शुद्धता के साथ दर्ज करने और स्वास्थ्य अभिलेखों की सुरक्षा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निजी चिकित्सालयों को आवंटित गांवों में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने कार्ड से वंचित पात्र परिवारों को चिह्नित कर उनका कार्ड बनवाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डा. उमाशरण पांडेय ने निजी चिकित्सालयों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं, पंजीकरण और मरीजों के अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण से जुड़े दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करने को कहा। बैठक में जननी सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के अभिलेखों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं तथा पीएम राहत कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों और आवश्यक विवरण प्रस्तुत करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण और सरकारी योजनाओं के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रभारी प्रचार प्रसार मनीष तिवारी, आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. नितिन मिश्रा एवं डिस्ट्रिक्ट ग्रीवांस मैनेजर/डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशन मैनेजर रंजन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

आनलाइन अश्लील सामग्री को बनाया कारोबार, हुआ गिरफ्तार

इनपुट की जांच के बाद साइबर सेल और जीयनपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त काररवाई

आजमगढ़। आनलाइन अश्लील सामग्री को कारोबार बनाना एक युवक पर भारी पड़ गया जब पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर उसकी मोबाइल की जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए गोपाल चौहान पुत्र रामाशीष चौहान, निवासी असरूपुर, जीयनपुर के पास से 2 मोबाइल फोन एवं 2,210 नकद बरामद हुए। मोबाइल फोन की प्रारंभिक जांच में आपत्तिजनक फोटो-वीडियो एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित गतिविधियां प्रकाश में आईं। बैंकिंग हिस्ट्री के प्रारंभिक अवलोकन में लगभग 4.34 लाख के क्रेडिट ट्रांजेक्शन सामने आए। अभी डिजिटल साक्ष्यों एवं संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जांच जारी है।



साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश से बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री से संबंधित प्राप्त इनपुट पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल एवं थाना जीयनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोपाल चौहान को गिरफ्तार कर उसकी मोबाइल की जांच की तो आपत्तिजनक सामग्री मिली। प्रारंभिक पूछताछ एवं मोबाइल फोन की जांच में प्रकाश में आया कि सोशल मीडिया एवं मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर लड़की की पहचान का उपयोग कर लोगों से संपर्क करता था। इंटरनेट से प्राप्त तस्वीरों तथा अश्लील वीडियो से तैयार स्क्रीनशॉट का उपयोग कर लोगों को आकर्षित करता और टेलीग्राम के माध्यम से

लगभग ४.३४ लाख के क्रेडिट ट्रांजेक्शन सामने आये , आगे की जांच में जुटी पुलिस


अश्लील वीडियो कॉलिंग एवं आपत्तिजनक सामग्री उपलब्ध कराने के नाम पर धनराशि प्राप्त करता था। कुछ व्यक्तियों को स्क्रीनशॉट भेजकर वीडियो उपलब्ध न कराने तथा धोखे से मोबाइल रिचार्ज कराने की बात भी बताई गई है।

मोबाइल फोन की प्रारंभिक डिजिटल जांच में विभिन्न अश्लील एवं वयस्क सामग्री से संबंधित वेबसाइटों की सर्च हिस्ट्री, टेलीग्राम पर विभिन्न चैटिंग एवं 18 प्लस ग्रुपों से संबंधित गतिविधियां तथा मोबाइल गैलरी में आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो पाए गए। एक जनवरी से 22 अक्टूबर तक की उपलब्ध बैंकिंग हिस्ट्री के प्रारंभिक अवलोकन में 20 से 500 तक की अनेक छोटी धनराशियों के क्रेडिट ट्रांजेक्शन मिले। इस अवधि में लगभग 4.34 लाख की धनराशि क्रेडिट होने के तथ्य प्रकाश में आए हैं। आरोपी कथित रूप से स्नैपचैट सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़की की पहचान का उपयोग कर लोगों से संपर्क करने, टेलीग्राम ग्रुपों एवं चैनलों के माध्यम से सामग्री साझा करने तथा वीडियो कॉलिंग एवं आपत्तिजनक बातचीत के नाम पर धनराशि प्राप्त करने की बात सामने आई है।

मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हुए लखन और रोने लगे राम

जहानागंज, आजमगढ़। आदर्श रामलीला समिति दौलताबाद जहानागंज की ओर से दसवें दिन लक्ष्मण शक्ति और

दौलताबाद जहानागंज की रामलीला के दसवें दिन कई प्रसंगों का हुआ मंचन



राम विलाप के भावपूर्ण प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों के सधे हुए अभिनय और संवाद अदायगी ने वहां मौजूद हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होने और भाई के वियोग में भगवान श्रीराम के करुण विलाप को देखकर पूरा पंडाल भावुक हो उठा और कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

लीला की शुरुआत मेघनाद और लक्ष्मण जी के बीच हुए भीषण और रोमांचक युद्ध से हुई। दोनों ओर से मायावी अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग किया गया, जब मेघनाद के सभी पारंपरिक वार निष्फल होने लगे, तो उसने छल का सहारा लेते हुए ब्रह्मा जी से प्राप्त शक्ति बाण से लक्ष्मण पर प्रहार कर दिया, बाण लगते ही लक्ष्मण अचेत होकर रणभूमि में गिर पड़े, जिससे रामादल में गहरा सन्नाटा और शोक पसर गया। अनुज लक्ष्मण को अचेत अवस्था में देखकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम विलाप करने लगे। इसके बाद विभीषण की सलाह पर हनुमान जी लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आए, जिन्होंने लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने का उपाय बताया। हनुमान जी द्वारा द्रोणागिरी पर्वत लाकर संजीवनी बूटी उपलब्ध कराने और सुषेण वैद्य के उपचार के बाद जैसे ही लक्ष्मण जी की मूर्छा टूटी, पूरी वानर सेना में भारी उत्साह लौट आया। रामलीला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह प्रसंग हमें भाई के प्रति कर्तव्य, भ्रातृप्रेम और अधर्म पर धर्म की जीत की सीख देता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु देर रात तक उपस्थित रहे।

२.३७ करोड़ के लेन-देन मामले में और दो आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र। जनपद की दुद्धी कोतवाली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण में मंगलवार को दो और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इस गंभीर मामले में तीन आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि समन्वय (जेएमआईएस) पोर्टल के माध्यम से सत्य सनातन ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत बैंक खाते की जांच में साइबर फ्रॉड से संबंधित 35 शिकायतें तथा 2 करोड़ 37 लाख के संदिग्ध लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 281/ 2026, धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 66डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया था। उक्त प्रकरण में मुख्य अभियुक्त हरिकेश पाण्डेय उर्फ ऋषिकेश सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण में विवेचना एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को देर शाम रनटोला तिराहा, थाना म्योरपुर क्षेत्र से 02 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन बरामद हुए। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए 27 अक्टूबर को दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस द्वारा जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है उनमें प्रवेश राज सिंह पुत्र विष्णुदेव सिंह, निवासी वार्ड नंबर-11, कस्बा अनपरा, उम्र करीब 40 वर्ष, जोनसीन क्रिशायान उर्फ राजेश कुमार पुत्र सोमारू, निवासी रेहटा, थाना अनपरा, उम्र करीब 36 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनमें प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, संजय सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा दुद्धी, उपनिरीक्षक हरिकेश राम आजाद, हेड कांस्टेबल शेरबहादुर यादव, कांस्टेबल सुनील सरोज, गणेश मिश्रा, अरविन्द कुमार यादव (चालक) थाना दुद्धी सोनभद्र शामिल रहे।

एनसीएल खड़िया परियोजना के विस्तार को लेकर लोक सुनवाई आज

बीना(सोनभद्र)। कोयला उत्पादन क्षमता को लेकर 15.0 एमटीपीए से बढ़ाकर 20.0 एमटीपीए किया जाना प्रस्तावित है। प्रभावित क्षेत्र इस विस्तार के दायरे में वैध, खड़िया, चिल्काटांड, परसवर राजा और भैरवा गांव शामिल हैं। लोक सुनवाई 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से होगी। स्थान डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल ग्राउंड, खड़िया कॉलोनी निर्धारित किया गया। जनता से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) करेंगे।

बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

बीजपुर(सोनभद्र)। बीजपुर के पुनर्वास में रविवार को समृद्धि जन कल्याण संस्थान के कार्यालय एवं सेवा केंद्र का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर समाजसेवी संजय सिंह धुर्वे,नीरेंद्र सिंह गोंड और विजय प्रताप सिंह मौजूद रहे। संजय सिंह ने संस्था की पहल की सराहना करते हुए शिक्षा महिला सशक्तीकरण और जरूरतमंदों की सहायता को सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं,नीरेंद्र सिंह गोंड ने कहा कि केंद्र के माध्यम से बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने के साथ महिलाओं को सिलाई एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सामाजिक कार्यों में सहयोग देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यालय में नि:शुल्क पेंटिंग करने वाले हरीशचंद्र, आर्थिक सहयोग देने वाले अभय मिश्रा तथा कार्यालय में वायरिंग एवं इलेक्ट्रिकल कार्य करने वाले प्रदीप कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

डीएम, सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर जनगणना जागरुकता रैली को किया रवाना

सोनभद्र। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर, सोनभद्र से जनजागरूकता रैली

जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं के आधार-जिलाधिकारी

निकाली गई। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर बढ़उली चौराहे तक गई। इसके माध्यम से जनपदवासियों को जनगणना के महत्व, इसकी प्रक्रिया तथा इसमें सक्रिय सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि जनगणना किसी भी राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का आकलन करने का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना से प्राप्त विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण आंकड़े भविष्य की नीतियों के निर्धारण, विकास योजनाओं के निर्माण तथा संसाधनों के कुशल नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए जनगणना की प्रक्रिया में शुद्धता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि जनगणना के दौरान प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाकर जनगणना के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में जनसंख्या गणना की प्रक्रिया आगामी 01 दिसंबर, 2026 से 04 जनवरी, 2027 तक निर्धारित की गई है। इससे पूर्व आगामी 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से जनपदवासी निर्धारित पोर्टल पर स्वयं से संबंधित 40 प्रश्नों के उत्तर भरकर अपनी गणना स्वयं कर सकेंगे। इसके उपरांत 05 जनवरी से 09 जनवरी, 2027 तक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि जनगणना-2027 को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर जनपद में जनगणना कार्य को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग दें। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित जनगणना कार्य से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी लाल बिहारी की जीत सुनिश्चित

सोनभद्र। विधानसभा परिषद की वाराणसी खण्ड स्नातक और शिक्षक एमएलसी के सम्पन्न हुए चुनाव में मंगलवार को वाराणसी स्थित पहड़िया मंडी में प्रात: आठ बजे से परिणाम आने तक मतगणना जारी रही। मतगणना संपन्न होने तक शिक्षक निर्वाचन के एमएलसी प्रत्याशी व निवर्तमान एमएलसी लाल बिहारी यादव अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी से इतने आगे थे कि उनकी जीत लगभग सुनिश्चित थी। वहीं स्नातक निर्वाचन की मतगणना में गाजीपुर से सुनील सिंह आगे चल रहे थे,सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा दूसरे तो केदारनाथ सिंह तीसरे स्थान पर चल रहे थे। समाचार लिखे जाने तक स्नातक निर्वाचन की मतगणना जारी रही। गौरतलब है कि वाराणसी खण्ड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन के क्षेत्र में आठ जनपद आते हैं जिसमें सोनभद्र भी शामिल है।

स्नातक की मतगणना जारी,सुनील सिंह आगे,सपा, भाजपा पीछे

बीइओ ने प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

दुद्धी(सोनभद्र)। खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय कलकली बहरा प्रथम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रार्थना सभा का अवलोकन किया। बच्चों की अनुशासित सहभागिता, प्रार्थना एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी की गतिविधियों को जानकारी लिया। उन्होंने बच्चों के ज्ञान, आत्मविश्वास एवं उत्साह की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा ऐसी गतिविधियों में नवीनता के समावेशीकरण को महत्व दियें। निरीक्षण के दौरान शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, छात्र उपस्थिति, शैक्षणिक अभिलेखों, परीक्षा पंजिका, प्रवेश पंजिका को प्रमाणित करने, प्रवेश फार्म की गॉर्ड फाइल एवं विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की जाँच की। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विद्यालय परिवार को प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका वर्षा रानी, सरिता, अविनाश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्लास्टिक मुक्त विद्यालय का गूंजा संदेश

विंढमगंज(सोनभद्र)। महुली स्थित आदर्श इंटरमीडिएट कालेज में मंगलवार को 'हरित प्लास्टिक मुक्त विद्यालय कार्यक्रम' के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर आईटीसी के माध्यम से सशक्त फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के प्रशिक्षक अरविंद कुमार तिवारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय एवं शारीरिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि प्लास्टिक का अनियंत्रित उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती है।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

सोनभद्र। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाये जाने को लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को पत्रकार वार्ता की गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष नंदलाल ने 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 28 को गोष्ठी, 31 को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडीयाद गांव में एक किसान परिवार में हुआ था वे जीवन भर किसान मजदूर और ग्रामीण भारत की आवाज बने रहे खेड़ा सत्याग्रह 1918 और बारदोली सत्याग्रह 1928 में उन्होंने किसानों का नेतृत्व किया। बारदोली की सफलता के बाद देशवासियों ने उन्हे सरदार की उपाधि दी। स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री के रुप में उन्होने देश की प्रशासनिक नींव मजबूत की। अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना में उनकी बड़ी भूमिका रही जिन्हे देश की स्टीमप्रेम कहा जाता है। उनका निधन 15 दिसंबर 1950 को हुआ। उन्हे 1991 में मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1947 में जब देश आजाद हुआ तब लगभग 565 रियासतें थी। अंग्रेजों ने उन्हे भारत में मिलने या स्वतंत्र रहने का विकल्प दे दिया था। इस मौके पर जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, अशोक कुमार मौर्या, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा निशान्त कुशवाहा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा ओम प्रकाश यादव, जिला मिडिया प्रभारी रजनीश रघुवंशी, अमन वर्मा मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री



नेशनल गेम्स में चमके सोनभद्र के रवि

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के बॉयलर एवं को-जनरेशन विभाग में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय रेफरी रवि सिंह को 70वें नेशनल स्कूल गेम्स में रेफरी एवं तकनीकी अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट जिम्मेदारी निभाने के लिए सम्मानित किया गया। जम्मू-कश्मीर सरकार के युवा सेवा एवं खेल विभाग की महानिदेशक अनुराधा गुप्ता ने उन्हें मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रतियोगिता 22 से 26 अक्टूबर तक गांदरबल, श्रीनगर में आयोजित हुई। इसमें अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में रवि सिंह ने रेफरी एवं तकनीकी अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाई। रवि सिंह ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अंतरराष्ट्रीय रेफरी अतुल पंगोत्रा, मास्टर विनोद, अपने माता और पिता को दिया। रवि सिंह की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने किया सम्मानित



शिक्षण में तकनीक को शामिल करने से भाषा कौशल को निखारने में मिलेगी सहायता

मधुपुर(सोनभद्र)। विद्यार्थियों के भाषा कौशल को बेहतर बनाने तथा शिक्षण प्रक्रिया में तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बहुअरा राबर्ट्सगंज में शिक्षकों के लिए लैंग्वेज लैब प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती रिजवाना बेगम सहित शिक्षक सिद्धार्थ सिंह पटेल, बिंदुमती, रूपेश सिंह, अलका साहू एवं अन्य शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक तमन्ना त्रिपाठी एवं तकनीकी इंजीनियर धीरज कुमार ने शिक्षकों को लैंग्वेज लैब के प्रभावी एवं व्यावहारिक संचालन की जानकारी दी।

प्रेम प्रसंग : युवती मोबाइल टावर पर चढ़ी

सिंगरौली। मोरवा थाना क्षेत्र केएनसीएल की शिवकुंज कॉलोनी के नीचे सड़क किनारे लगे मोबाइल टावर पर मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक 19 वर्षीय युवती चढ़ गई। युवती को टावर पर चढ़ते देख स्थानीय लोगों ने मोरवा पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए पुलिस और नगर निगम प्रशासन को करीब डेढ़ घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। युवती के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और उसे नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया। हालांकि, जब भी कोई उसके करीब पहुंचने की कोशिश करता, वह और ऊपर चढ़ जाती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम प्रशासन को भी मौके पर बुलाया गया। टावर के चारों ओर नुकीली जाली लगी थी, जबकि नीचे कांटेदार झाड़ियां और कीचड़ होने के कारण युवती के गिरने पर गंभीर हादसा होने की आशंका थी। इसे देखते हुए पुलिस ने सावधानी बरतते हुए उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश जारी रखी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तीन अन्य लोगों के साथ मोरवा थाने के प्रधान आरक्षक श्याम सुंदर वैश्य टावर पर चढ़े और युवती को समझाया। काफी प्रयास के बाद वह नीचे उतरने के लिए तैयार हुई।

डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उतरी नीचे, पुलिस और नगर निगम की टीम ने संभाला मोर्चा

समरसेबल खराब होने से पेयजल आपूर्ति बाधित

मारकुंडी(सोनभद्र)। नगर पंचायत चुर्क-गुरमा में समरसेबल मोटर खराब होने से जलापूर्ति प्रभावित होने की समस्या सामने आई है। मोटर की खराबी की जानकारी वाटर सप्लाई कर्मचारी संजय गिरी ने दी। उन्होंने बताया कि बिजली आने के बाद मोटर चालू किया गया, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। जांच में समरसेबल मोटर खराब पाया गया। इस संबंध में ऑपरेटर ने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए मोटर की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि जलापूर्ति सुचारु हो सके।

नौकोठिया मोड़ पर चार ओवरलोड वाहन खराब

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र में रिहंद बांध से तुर्रा चौराहे के बीच नौकोठिया मोड़ के पास मंगलवार को चार ओवरलोड भारी वाहनों के एक साथ खराब होने से यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। देखते ही देखते करीब तीन किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। दो घंटे से अधिक समय तक लगे जाम में रोडवेज बसों के साथ छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन भी फंसे रहे। इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंची पिपरी पुलिस और 112 नंबर की टीम ने एक वाहन को किनारे करवाकर किसी तरह एक तरफ से यातायात शुरू कराया। हालांकि संकरी सड़क और तीखे मोड़ों के कारण वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हुई। रिहंद बांध से तुर्रा चौराहे के बीच खड़ी चढ़ाई, ढलान और तीखे मोड़ होने के कारण भारी वाहनों के खराब होने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। सिंगल लेन सड़क होने से एक साथ कई वाहन खराब होने पर पूरा रास्ता जाम हो जाता है। समस्या केवल बड़े वाहनों तक सीमित नहीं है। सड़क किनारे पटरी नहीं होने और कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क के किनारे का हिस्सा मुख्य सड़क से काफी नीचे होने के कारण वाहन उतारने पर फंसने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यदि सड़क के दोनों ओर पर्याप्त पटरी होती तो जाम के दौरान दोपहिया और छोटी गाड़ियों को निकलने का रास्ता मिल सकता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर जाम की समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ओवरलोड वाहनों के खराब होने और सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को बार-बार घंटों जाम में फंसना पड़ता है। लोगों ने सड़क किनारे पटरी बनाने, गड्ढों को दुरुस्त करने और ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि इस मार्ग पर यातायात सुचारु हो सके और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो।

तीन किलोमीटर तक लगी वाहनों की कतार, लोगों को गमनागमन में परेशानी

परियोजना के गेट नंबर दो के पास स्पीड ब्रेकर की उठी आवाज

अनपरा(सोनभद्र)। अनपरा तापीय परियोजना के गेट नंबर-दो के पास मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू ने चिंता जताई है। लाल मैदान अनपरा में देर शाम तक चली यूनियन की बैठक में मजदूरों ने परियोजना प्रबंधन से गेट नंबर-दो के पास तत्काल स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। मजदूरों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे गेट नंबर-दो पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में मजदूरों ने कहा कि परियोजना के गेट नंबर-दो के पास मुख्य सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से परियोजना में काम करने वाले मजदूरों का लगातार आवागमन होता है। इसके बावजूद वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से श्रमिकों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। मजदूरों का कहना था कि इस स्थान पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मजदूरों ने कहा कि कांता पनिका की प्लांट से निकलते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद श्रमिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। बैठक में कहा गया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रबंधन को केवल आश्वासन देने के बजाय सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने चाहिए। मजदूरों ने मांग की कि गेट नंबर-दो के पास सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों की गति नियंत्रित हो सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अध्यक्षता जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल एवं संचालन यूनियन के उपाध्यक्ष गडेस सिंह ने किया। बैठक में खेताराम प्रजापति, नंदू, हीरालाल, उपेंद्र, हरिनारायण, वीरेंद्र यादव, कन्हैया लाल, राम रक्षा, रामजतन, ईश्वर प्रसाद, राहुल गुप्ता, राजेश कुमार, विनोद पनिका और रविचंद्र मौजूद रहे।

नहीं तो प्रदर्शन करेंगे मजदूर, सीटू की बैठक



ट्रकों, ट्रेलरों में लगे प्रेशर हार्न के विरुद्ध की काररवाई

अनपरा(सोनभद्र)। बड़े वाहनों में तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए सोनभद्र पुलिस के निर्देश पर अनपरा क्षेत्र में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान औड़ी मोड़ पर बड़े ट्रकों और ट्रेलरों में लगे प्रेशर हॉर्न के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देश और क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। थाना अनपरा क्षेत्र में यातायात उपनिरीक्षक उमेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने औड़ी मोड़ पर बड़े वाहनों की जांच की और उनमें लगे प्रेशर हॉर्न को लेकर कार्रवाई की गई तथा पुलिस टीम की कार्यवाही में लगभग पच्चीस ट्रकों और ट्रेलरों में लगे प्रेशर हॉर्न को गाड़ियों से उतरवाया गया और हिदायत देकर छोड़ा गया कि अब वे यातायात नियमों के अनुसार ही सड़कों पर वाहन चलाएंगे। प्रेशर हॉर्न से निकलने वाली तेज आवाज के कारण सड़क पर चलने वाले लोगों, आसपास के रहवासियों और अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। इससे ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ता है। खासकर औद्योगिक क्षेत्र अनपरा में भारी वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण ऐसे हार्न का इस्तेमाल यातायात व्यवस्था और आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। यातायात पुलिस का यह अभियान तेज आवाज वाले हॉर्न के इस्तेमाल पर रोक लगाने और सड़क पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित मानकों के विपरीत प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। पुलिस के इस अभियान से क्षेत्र में भारी वाहनों के चालकों के बीच नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ाने की उम्मीद है।

ध्वनि प्रदूषण रोकने पर जोर, प्रेशर हार्न के खिलाफ यातायात पुलिस का विशेष अभियान

मान्यता प्राप्त पत्रकारों, उनके परिजनों को मिलेगा पांच लाख तक के नि:शुल्क उपचार का लाभ

सोनभद्र। मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पत्रकार डेटा कलेक्शन पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मान्यता प्राप्त पत्रकारों का आवश्यक विवरण अपलोड किया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित डेटा भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर भेजा जाएगा, जहां निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण की कार्रवाई की जाएगी। अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके माध्यम से पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके पात्र परिजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है।नोटरू अंतिम प्रकाशन से पहले यह पुष्टि कर लें कि पत्रकारों के लिए योजना के अंतर्गत पंजीकरण तथा परिजनों को लाभ देने की पात्रता संबंधी शर्तें आधिकारिक रूप से निर्धारित हैं।

दिशिता महिला मंडल ने २६ मेधावी छात्रों को दी छात्रवृत्ति

अनपरा(सोनभद्र)। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के तत्वावधान में डीएमएम रेनुसागर कार्यालय के प्रांगण में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, रेनुसागर के 26 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन उनकी प्रतिभा एवं उज्ज्वल भविष्य का परिचायक है। उन्होंने कहा कि दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करना सराहनीय पहल है, जो विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। इतना ही नही मेधा का सम्मान, उज्ज्वल भविष्य की पहचान है। हेड एच आर आशीष पांडेय ने कहा कि दिशिता महिला मंडल रेनुसागर ने छात्रवृत्ति उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदान की गई जो सराहनीय पहल है। इस पहल से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और बेहतर प्रदर्शन करने की भावना को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उपलब्धियों को सम्मानित करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, शिक्षक विजय शंकर, ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्याये निशा पांडेय, मेनका अरोड़ा, सुनीता यादव, किरण श्रीवास्तव, बिनीता सिंह, वंदना सिंह मौजूद रहीं।

सरयू की कटान से दो मकान नदी में विलीन, आधा दर्जन पर खतरा

ग्रामीणों ने लगाया राजस्व विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप, जांच की मांग



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर टांडी में मंगलवार को सरयू नदी की कटान में दो लोगों के मकान नदी में समा गए। इनमें मुसाफिर यादव का पूरा मकान और हंसराज यादव के मकान का एक हिस्सा शामिल है। वहीं टांडी में शिवनाथ यादव, विजय सिंह समेत आधा दर्जन लोगों के मकान कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर गोपालनगर में हरिशंकर यादव, प्रभुनाथ यादव, लालजी साहनी और बच्चा यादव समेत करीब एक दर्जन लोगों के मकानों पर भी कटान का खतरा मंडरा रहा है। कटान की भयावह स्थिति के बीच ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले तीन महीने से लेखपाल को मौके पर पहुंचकर स्थिति देखने के लिए बुलाया जा रहा है,लेकिन वह अब तक नहीं आए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक,शिकायत करने पर लेखपाल कथित तौर पर कहते हैं कि वह रिपोर्ट भेज रहे हैं और सरकार से जो सहायता मिलनी होगी, वह मिल जाएगी। रामजी यादव, कमलेश यादव, जिऊत यादव, दीपक यादव और दशरथ यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नदी लगातार उपजाऊ जमीन को काटते हुए बस्तियों की ओर बढ़ रही है। इसके बावजूद कटान प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेने के लिए संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने और कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार मांझा से चाई छपरा तक करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में सरयू नदी कटान कर रही है। इसकी चपेट में उपजाऊ भूमि के साथ वशिष्ठनगर, धूपनाथ के डेरा, गोपालनगर टांडी, गोपालनगर, मानगढ़ और शिवाल मठिया की बस्तियां भी हैं। कटान की रफ्तार बनी रही तो कई अन्य मकानों के नदी में समाने का खतरा है। सरयू नदी की कटान से प्रभावित दियरांचल को बचाने की मांग को लेकर दियरांचल बचाव संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को प्रदीप यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बैरिया रमेश चंद्र वर्मा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कटान की गंभीर स्थिति से अवगत कराते हुए प्रभावित गांवों को बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रधान प्रदीप यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र प्रसाद, विजय यादव समेत दर्जनों लोग शामिल रहे। सुरेमनपुर दियरांचल के ग्रामीणों ने मंगलवार को गोपालनगर-वशिष्ठनगर के सिवान स्थित कटान स्थल पर हनुमान जी की शरण ली। दर्जनों ग्रामीणों ने पूरे दिन हनुमान चालीसा का पाठ कर नदी की कटान रुकने और गांवों की सुरक्षा की प्रार्थना की।

नाले में मिला युवती का शव

सूचना पर सीओ व प्रभारी निरीक्षक के साथ पहुंची फॉरेंसिक टीम

सिकन्दरपुर (बलिया)। थाना क्षेत्र के किकोढ़ा बड़ी पुलिया में मंगलवार की सुबह एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय मुस्कान के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार, मृतका की मां मुरैना ने बताया कि उनकी बेटी काफी दिनों से शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। मंगलवार की सुबह वह घर से निकली थी। इसी दौरान नहर की पुलिया से नीचे गिर गई। नाले में युवती का शव मिलने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए बलिया स्थित मोर्चरी हाउस भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका की मां ने उसके लंबे समय से बीमार रहने की बात बताई है। हालांकि, युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

हार्वेस्टर की चपेट में आने से हेल्पर घायल

सिकन्दरपुर (बलिया)। थाना क्षेत्र के उचवार गांव में मंगलवार की दोपहर धान की कटाई के दौरान हार्वेस्टर मशीन की चपेट में आने से एक हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ काम कर रहे मजदूरों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के बारापन्नो गांव निवासी लक्ष्मण राजभर (38) पुत्र मोती राजभर के रूप में हुई है। लक्ष्मण उचवार गांव निवासी सुशील बाबा के हार्वेस्टर पर हेल्पर के रूप में काम करता है। मंगलवार की सुबह वह अपने ही गांव के चालक जितेंद्र कुमार के साथ उचवार गांव में धान की कटाई करने गया था। अचानक वह मशीन के ब्लेड की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जया किशोरी की कथा में उमड़ेगी ४० हजार की भीड़, आठ दिन रहेगा रूट डायवर्जन

बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के छोड़हर गांव में 28 अक्टूबर से चार नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा वाचिका पूज्य जया किशोरी के कार्यक्रम में प्रतिदिन करीब 35 से 40 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। भारी वाहनों, बसों और चार पहिया वाहनों का रूट डायवर्जन प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक लागू रहेगा। यातायात व्यवस्था के तहत बांसडीह, बैरिया, रेवती और सहतवार की ओर से बलिया आने वाले बड़े और भारी वाहनों को बांसडीह कोतवाली के कचहरी तिराहे से सुखपुरा की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। बांसडीहरोड तिराहे से रेवती और सहतवार की ओर से बलिया आने वाले वाहनों को बांसडीह कोतवाली की तरफ भेजा जाएगा। वहीं, बलिया शहर से बांसडीह की ओर जाने वाले वाहनों को कुंवर सिंह चौराहा से सुखपुरा की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। एनसीसी तिराहे से आने वाले वाहनों को कुंवर सिंह चौराहा होते हुए सुखपुरा की ओर भेजा जाएगा। सुखपुरा और बलिया की तरफ से शंकरपुर आने वाले वाहनों को हनुमानगंज में रोककर वापस डायवर्ट किया जाएगा। कथा के मद्देनजर नवानगर, प्रशासनिक पार्किंग, वीवीआईपी प्रवेश द्वार, भरटोलिया हनुमानगंज रोड और हनुमानगंज से शंकरपुर जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगाए जाएंगे। इन स्थानों पर प्रतिदिन सुबह नौ बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक चार पहिया, तीन पहिया और दो पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और विशेष अनुमति प्राप्त वाहनों को प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। पुलिस ने श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

महानायक मंगल पाण्डेय' नाटक का मंचन एक नवम्बर को

बलिया। जनपद बलिया के स्थापना दिवस के अवसर पर 'महानायक मंगल पाण्डेय' नाटक का मंचन 1 नवम्बर को टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में दिन में 2 बजे से होगा। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के सचिव वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने बताया कि बलिया का नाम आते ही महर्षि भृगु मुनि के बाद जो गर्व के साथ नाम लिया जाता है वह नाम है मंगल पाण्डे का। 1857 में मंगल पाण्डे ने ब्रिटानिया हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंक और अंग्रेजी साम्राज्यवाद की नींव हिला दी। आशीष त्रिवेदी ने कहा कि हम जनपद के साहित्यकारों, कलाकारों बुद्धिजीवियों को इस नाट्य प्रस्तुति को देखने की अपील की।

मजदूर नेताओं पर कारवाई के विरोध में सौंपा ज्ञापन



रसड़ा (बलिया)। इंकलाबी मजदूर केंद्र के बैनर तले विभिन्न मजदूर संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा मजदूर नेताओं पर की गई दमनकारी कार्रवाई के विरोध में मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को संबोधित ज्ञापन मंगलवार को उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग किया कि मई माह में इंकलाबी मजदूर केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज बवाड़ी, केंद्रीय परिषद सदस्य जयप्रकाश यादव तथा पीपल्स यूथ फ्रंट के ललित इंजीनियर के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके बाद अपर जिलाधिकारी द्वारा 16 अक्टूबर को इन सभी को जिला बदर करने का एकतरफा और अलोकतांत्रिक फैसला लिया गया। आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर को उत्तराखंड पुलिस ने सादे वेश में जय प्रकाश यादव को उनके कमरे से बिना किसी स्पष्ट सूचना के हिरासत में ले लिया और उनका फोन भी जब्त कर लिया। इसके बाद उन्हें जबरन जिला बदर के आदेश पर हस्ताक्षर कराकर उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नजीबाबाद रोड पर सुनसान जगह पर लावारिस छोड़ दिया गया। इस दौरान दूधनाथ, विंध्याचल, शिवानंद, चुनीन, फूलन, अवधेश, विक्रमा, चंद्र प्रकाश, सुबेदार कुछ, रामसरन और मुन्ना प्रसाद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

साइकिल सवार सब्जी विक्रेता को डीसीएम ने मारा धक्का, मौत

नरहीं (बलिया)। भरौली गोलम्बर से सब्जी की दुकान बंद कर सायकिल से अपने घर जा रहें दुकानदार को एनएच 31 पर पीछे से डीसीएम ने धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने डीसीएम को शोर मचा कर पकड़ लिया तथा घायल वृद्ध को सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अमांव गांव निवासी मकसूद अहमद अंसारी 70 वर्ष भरौली गोलम्बर पर गुमटी में सब्जी की दुकान चलाते हैं। मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े दस बजे वे दुकान बंद कर साइकिल से घर खाना खाने जा रहे थे। जैसे ही सेंट्रल बैंक के सामने पहुंचे बिहार के नवादा से बंजारों को लेकर गोरखपुर जा रही डीसीएम ने पीछे से धक्का मार दिया। डीसीएम का पहिया उनके कमर के निचले हिस्से पर चढ़ गया। जिससे मकसूद गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने उन्हें सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मकसूद अंसारी की 4 पुत्रियां शायरा बानों, खुश्बुन खातून, शैरून व सरीयम हैं जिनकी शादी हो चुकी है। परिवार में पत्नी आयशा बानो हैं जिनका रोते रोते बुरा हाल है। नरहीं थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है।

वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे के साथ रामलीला मैदान में जुटेंगे कांग्रेसी

1 नवंबर को दिल्ली चलो, बलिया से ५०० लोगों की सहभागिता का लक्ष्य



बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी बलिया के कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी, लखनऊ द्वारा दिल्ली रैली के लिए बलिया का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे ने जनपदवासियों से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में शामिल होने की अपील की। पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे ने कहा कि देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया के नाम पर विपक्षी विचारधारा के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि बलिया से कम से कम 500 लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में मतदाता अधिकारों और संविधान की रक्षा के मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। सच्चिदानंद तिवारी, सत्यप्रकाश उपाध्याय, संतोष चौबे, अबुल फैज, विजेन्द्र पाण्डेय मुखिया, अरुण भारती, फुलबदन तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, मणिनाथ तिवारी, संग्राम तिवारी आदि मौजूद रहे।

मंडी में अतिक्रमण हटाने के दौरान कर्मचारियों से अभद्रता

बलिया। नवीन कृषि उत्पादन मंडी परिखरा में हुए अतिक्रमण हटाने के दौरान मंडी कर्मचारियों के साथ अभद्रता, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पांच नामजद समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथकिमी दर्ज किया है। पुलिस ने मंडी समिति के प्रभारी सचिव आशुतोष सिंह की तहरीर पर कार्रवाई की है। वहीं, अब प्रशासन मंडी समिति के अंदर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की तैयारी में जुट गया है। कृषि उत्पादन मंडी समिति के प्रभारी सचिव आशुतोष कुमार सिंह की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया हे कि 25 अक्तूबर को दोपहर करीब तीन बजे नवीन मंडी स्थल, परिखरा में अतिक्रमण हटाने का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान अंजनी सिंह निवासी तिखमपुर, सुशील वर्मा, शुभम वर्मा और सूरज वर्मा निवासी तिखमपुर तथा सत्यम निवासी माधोपुर केशरवानी टोला समेत करीब 10 अज्ञात लोग मौके पर पहुंच गए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान इन लोगों ने मंडी कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। तहरीर के मुताबिक, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मंडी समिति के प्रभारी सचिव आशुतोष कुमार सिंह, मंडी निरीक्षक दिलीप मोहन वर्मा, मंडी सहायक कमलेश रावत, ओम प्रकाश, मंडी अभिरक्षक बृजेश उपाध्याय, कंप्यूटर ऑपरेटर विन पटेल और पीयूष कुमार सिंह सहित सुरक्षा गार्ड मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मंडी अतिक्रमण हटाने के दौरान अभद्रता करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

आज तेज हवा संग बारिश की आशंका, सतर्क रहें किसान

बलिया। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 28 अक्टूबर को प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश होने की संभावना जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग और प्रादेशिक मौसम केंद्र, लखनऊ की ओर से 26 अक्टूबर को जारी विशेष मौसम संदेश के मद्देनजर जिला कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के किसानों से तैयार धान की फसल की कटाई अगले एक से दो दिनों के भीतर पूरी करने की अपील की है, ताकि संभावित बारिश, तेज हवाओं और अतिवृष्टि से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए किसान भाई अपनी तैयार फसलों की कटाई तत्काल कर लें। कटाई के बाद फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें, जिससे बारिश और तेज हवाओं के कारण उपज खराब न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों ने रबी की फसलों की बुवाई के लिए तैयारी कर ली है, वे फिलहाल बुवाई से संबंधित कार्य मौसम की प्रतिकूल अवधि समाप्त होने के बाद ही करें। कृषि विभाग ने किसानों को संभावित प्राकृतिक आपदा से फसलों को बचाने के लिए कई जरूरी उपाय अपनाने की सलाह दी है। फसलों को गिरने से बचाएं: खेतों में फसलों की जड़ों के पास मिट्टी चढ़ाएं। गन्ने की फसल को उचित सहारा दें और बांधकर रखें। फिलहाल सिंचाई स्थगित रखें।

एक नजर इधर भी

मांगों को लेकर पूर्व विधायक ने निकाला बाइक जुलूस

रसड़ा (बलिया)। स्वास्थ्य विभाग में सुधार और किसान सहकारी चीनी मिल को चालू कराने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाइक जुलूस निकाला। रसड़ा के रामलीला मैदान परिसर से शुरू हुआ जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुआ। जुलूस में शामिल लोगों ने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने और लंबे समय से बंद पड़ी किसान सहकारी चीनी मिल को चालू कराने की मांग उठाई। रसड़ा से निकले इस जुलूस में माधोपुर, संवरा, चिलकहर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों का काफिला जुड़ता गया। इससे जुलूस में शामिल लोगों की संख्या बढ़ती गई। पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करना और आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसान सहकारी चीनी मिल चालू होने से किसानों को राहत मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।



श्रीमद्भागवत यज्ञ कथा समापन पर भंडारा

नरहीं (बलिया)। उजियार गांव में गंगा भवन में चल रहे श्रीमद्भागवत यज्ञ कथा समापन के दिन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी कथा श्रवण किया तथा इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए साधुवाद दिया। मंगलवार को बड़े भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में दूर दराज से बड़ी संख्या में संत महात्मा पधारे थे। दोपहर से प्रसाद वितरण शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभाग किया। इस मौके पर राजीव उपाध्याय, नीरज उपाध्याय, पीयूष, ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, जयप्रकाश, सत्यप्रकाश, संजीव उपाध्याय, यश, राजू, देव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

दलन छपरा पहुंचा जन आशीर्वाद पदयात्रा


बैरिया (बलिया)। भाजपा नेत्री विजयालक्ष्मी सिंह की जन आशीर्वाद पदयात्रा के तहत मंगलवार को आपकी बेटी आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन वह मुरली छपरा ब्लॉक क्षेत्र के दलन छपरा गांव पहुंचीं। यहां भाजपा कार्यकर्ता रमेश पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय के द्वार पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिया और लोगों से संवाद कर उनका समर्थन मांगा। विजया लक्ष्मी सिंह ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं समेत सभी वर्गों का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। जन आशीर्वाद पदयात्रा लोगों से सीधे मिलने और उनकी समस्याओं को समझने का एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनका कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जन आशीर्वाद पदयात्रा का समापन एक नवंबर को जूनियर हाईस्कूल बैरिया में होगा। उन्होंने जनता से सहयोग और आशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रमेश पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, अमरनाथ मिश्रा, शंभूनाथ पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, विक्की सिंह, गजेंद्र सिंह और टुनटुन भाई समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त

खेजुरी (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़सरा के बेलौना गांव में जर्जर बिजली के तार बदलने की मांग को लेकर हरिपुर-बेलौना मोड़ पर चले रहे धरना के दूसरे दिन मंगलवार को विद्युत विभाग के एसडीओ सुखपुरा रंजीत यादव धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों से वार्ता कर जर्जर तारों को बदलने और ट्रांसफार्मर लगाने के लिए समयसीमा निर्धारित कर धरना समाप्त कराया। कहा कि तीन नवंबर तक 100 मीटर से अधिक जर्जर बिजली के तार बदले जाएंगे। साथ ही 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसके अलावा जनवरी तक बेलौना गांव में सभी पुराने और जर्जर बिजली के तार बदलने का आश्वासन दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने एक बार पुन: जर्जर तारों के कारण हादसे की आशंका और बिजली सप्लाई में आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए उसे दुरुस्त कराने की मांग की। इस मौके पर भुवाल आनंद भारतीय, सुमित यादव, रजनीश यादव, राहुल वर्मा, मिथिलेश कुमार गुप्ता, डब्लू प्रजापति, दीपक प्रसाद और मुन्ना कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका के विकास कार्यों का ब्योरा नहीं देने पर सभासद ने सौंपा ज्ञापन

बलिया। नगर पालिका परिषद बलिया के सभी 25 वार्डों में वर्ष 2023 से अब तक कराए गए विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर शासन द्वारा मनोनीत सभासद एवं भाजपा नगर मंत्री रवि सोनी ने अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने विकास कार्यों से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं कराने के मामले में जिलाधिकारी के समक्ष प्रथम अपील दर्ज कराई है। सभासद रवि सोनी ने बताया कि उन्होंने बीते 24 सितंबर को अपने आधिकारिक लेटर पैड पर अधिशासी अधिकारी से वर्ष 2023 से अब तक सभी 25 वार्डों में स्वीकृत एवं पूर्ण कराए गए विकास कार्यों का वार्डवार विवरण मांगा था। इसमें सड़क, नाली और इंटरलॉकिंग के कार्यों के साथ टेंडर, स्वीकृत बजट, पेयजल के लिए लगाए गए आरो प्लांट, चापाकल एवं मिनी ट्यूबवेल की सटीक लोकेशन और लोकार्पण शिलापट्टों का प्रमाणित विवरण शामिल था। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन की ओर से सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इसे उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए विकास कार्यों में पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। रवि सोनी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सभी सूचनाएं नि:शुल्क उपलब्ध नहीं कराई गईं तो वह इस मामले को राज्य सूचना आयोग और नगर विकास मंत्रालय तक ले जाएंगे।



नितेश मिश्रा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

बलिया। भारतीय जनता पार्टी के बलिया जिला सोशल मीडिया संयोजक नितेश मिश्रा को उनके कार्यों और संगठन के प्रति योगदान को देखते हुए गोरखपुर क्षेत्र के सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके इस मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नितेश मिश्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बांसडीह विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, आनन्द स्वरूप शुक्ला, संजय यादव, देवेन्द्र यादव, हिमांशु प्रताप सिंह, आलोक शुक्ला, संजीव डम्पू, जयप्रकाश जायसवाल, संजीव सिंह, लवकुश, सुरेन्द्र सिंह आदि ने बधाई दी है। नितेश मिश्रा को मिली इस नई जिम्मेदारी को लेकर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित सात कर्मियों को कारण बताओ नोटिस

बैरिया (बलिया)। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी बैरिया ने सात प्रगणकों और पर्यवेक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित कर्मियों से नोटिस प्राप्त होने के एक दिन के अंदर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। कार्यालय तहसीलदार/चार्ज अधिकारी बैरिया की ओर से 26 अक्टूबर को जारी पत्रांक के अनुसार, जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 26 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, बैरिया में आयोजित किया गया है। इसमें संबंधित कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद सात कार्मिक 26 अक्टूबर को बिना पूर्व सूचना और अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित पाए गए। नोटिस पाने वालों में मुरली छपरा के प्रगणक मंजीत कुमार यादव, देव कुमार सिंह, राजेश मिश्रा और धर्मशील पांडेय तथा पर्यवेक्षक अंशु कुमार शामिल हैं। वहीं, बैरिया के प्रगणक करन कुमार जायसवाल और शारदा यादव को भी नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में अनुपस्थिति को जनगणना कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में बताया गया है। संबंधित कर्मियों से पूछा गया है कि उनकी अनुपस्थिति के संबंध में डीएम एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी को कार्रवाई की संस्तुति क्यों न भेजी जाए।

अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा,आधा दर्जन घायल

बलिया। बैरिया क्षेत्र के टेंगरही बकुलहा बांध पर जयप्रकाश नगर रेगुलेटर के पास बीएसटी बांध पर सोमवार की शाम एक ई-रिक्शा घुमाते समय नीचे की तरफ पलट गया। ई-रिक्शा घने झाड़-झंखाड़ में जाकर पलट गया। हादसे के समय वाहन में करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। दुर्घटना में सवारियों को मामूली चोटें आईं। किसी को गंभीर चोट लगने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक बीएसटी बांध पर वाहन घुमा रहा था। इसी दौरान ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बांध से नीचे की तरफ पलट गया और घने झाड़-झंखाड़ में जा गिरा। अचानक हुई इस घटना से सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। ई-रिक्शा पलटने के बाद सवारियों को चोटें आईं, हालांकि राहत की बात रही कि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं मिली। घने झाड़-झंखाड़ में वाहन पलटने के कारण सवारियों को चोटें आईं।

धनुष यज्ञ का मंचन, सुषमा शेखर ने किया शुभारंभ



गड़वार (बलिया)। कस्बा के रामलीला मंच पर चल रहे लीला के क्रम में सोमवार की रात में रावण-बाणासुर सवांद व धनुष यज्ञ का कलाकारों द्वारा किए गए जीवंत व भावपूर्ण मंचन को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। लीला का शुभारंभ डॉ. सुषमा शेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया। लीला में दिखाया गया कि विदेह राज जनक अपनी सुपुत्री जानकी के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किए हैं। महाराज दशरथ के पुत्र श्रीराम व लक्ष्मण भी महर्षि विश्वामित्र के साथ आए हुए हैं। श्रीराम विश्वामित्र की आज्ञा से शिव धनुष को तोड़ देते हैं। जानकी प्रभु श्रीराम के गले में जयमाला डाल देती हैं। जनक की भूमिका महीप सिंह, श्रीराम की राकेश मौर्य, लक्ष्मण की मिंटू सिंह, सीता की मिथिलेश, नारद की धनजी शर्मा, विश्वामित्र की सोनू तिवारी, शतानन्द की करन साहनी, बाणासुर की घनश्याम सिंह, नारद की धनजी शर्मा, रावण की जुलुम सिंह ने निभाया। संचालन मोहन सिंह ने किया।

श्रीराम-माता जानकी का हुआ विवाह उत्सव

बेल्थरारोड (बलिया)। क्षेत्र के उधरन कुटी पर पांचवें दिन सोमवार को श्रीरामलीला मंचन प्रभु श्रीराम की आरती से प्रारंभ हुई। रामलीला में प्रभु श्रीराम और माता जानकी का विवाह उत्सव हुआ। श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा क्षेत्रीय सहयोग से कन्या के रूप में अनिल राजभर की पुत्री पचमा निवासी और वर पक्ष के रूप में घोसी से बारात आई थी। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि राजेश पासवान एवं गुमान सिंह, विशिष्ट अतिथि परमानंद मिश्रा संरक्षक रहे। राहुल सिंह, विद्याभूषण मिश्र, पुष्कल सिंह पप्पू, नारायण चौहान, सुरेशदासजी महाराज, अंबेश सिंह चुनमुन आदि मौजूद रहे।

पचरुखिया गंगा घाट पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम

हल्दी (बलिया)। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर मंगलवार को पचरुखिया गंगा घाट पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मत्स्य पालक विकास अभिकरण, बलिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गंगा नदी में एक लाख मत्स्य अंगुलिकाओं (मछलियों के छोटे बच्चों) का संचय किया गया। परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, बेलहरी ब्लॉक प्रमुख शंकर शेखर तिवारी तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में मत्स्य बीजों को गंगा नदी में छोड़ा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना तथा नदी में मछलियों की संख्या और उपलब्धता बढ़ाना है। इस अवसर प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव, अनिल दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रभु श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

रसड़ा (बलिया)। नगर की ऐतिहासिक छोटी काशी की प्रसिद्ध रामलीला सोमवार की रात प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक (राजगद्दी) के साथ सकुशल संपन्न हो गया। नगर के ब्रम्हस्थान को रामलीला कमेटी द्वारा आर्कषक ठंग से सजाकर अयोध्या का रूप देकर भव्य मंच का निर्माण किया गया था। जहां पूरी रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच भोर मे अपने गणों के साथ पहुंचे भोलेदानी शिव जी ने प्रभु श्रीराम को राज तिलक लगाकर अयोध्या की राजगद्दी सौपी। मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन विशिष्ट नारायण सोनी मेला मालिक रामजी स्टेट एवं मेलाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मेला कमेटी के अलावा कई दुर्गा पुजा कमेटियों द्वारा झांकी (लाग) निकाली गयी जो दर्शकों का खूब मनोरंजन करायी। लंकापति रावण का वध कर प्रभु श्रीराम विभीषण को राजतिलक लगाकर लंका की कमान सौप अयोध्या पहुचे। जहां प्रभु श्री राम, माता जानकी एवं लक्ष्मण के आने की सूचना पाकर भरत जी काफी खुश होते है। वे पूरे अयोध्यावासियों को साथ लेकर उनके आगवानी में निकल पड़ते है। रास्ते मे भैया भरत को देख प्रभु श्रीराम उनको गले लगाते हुए उन्हें अयोध्या लेकर लौटते है। लोग पुष्प वर्षा एवम फूल-माला लेकर उनका भव्य तरीके से स्वागत करते है। इस मौके पर निर्मल कुमार पाण्डेय, अनिल सोनी, बल्लू जी सोनी, दाऊद अंसारी, राजेन्द्र सोनी, मिंटू अग्रवाल, शिव जी जायसवाल, अंजनी तिवारी आदि सहयोग में लगे रहे। संचालन संयोजक अविनाश सोनी ने किया।

दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तीन गंभीर

मारपीट में लाठी-डंडा चलने के साथ फायरिंग किये जाने का आरोप, पुलिस ने गोली चलने की नहीं की है पुष्टि

भदोही। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेवादा कलां गांव में मंगलवार सुबह दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में रणधीर सिंह (50 वर्ष) और उनकी पत्नी बबीता (47) वर्ष और भांजा संदीप सिंह (24) वर्ष निवासी अस्ति जो ननिहाल आए थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय और सीओ सुमित त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। वहीं एएसपी शुभम अग्रवाल ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। एएसपी ने अनुसार, यह विवाद करीब एक साल पुरानी घटना से जुड़ा है। तब रणधीर सिंह के बेटे वैभव उर्फ बिट्टू उर्फ सीटू पर दूसरे पक्ष के रविंद्र सिंह की भांजी को लेकर जाने का आरोप लगा था। उन्होंने बताया कि लगभग 15-16 दिन पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई थी। उसी पुराने विवाद को लेकर आज सुबह 5:30 बजे एक बार फिर झगड़ा हो गया। जिसकी सूचना डायल 112 पर मिली कि उक्त गांव निवासी रणधीर सिंह और उनकी पत्नी बबीता को विपक्षी रविंद्र सिंह और उनके परिवार वालों ने बुरी तरह मारा है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटना के दौरान गोली



चलने की भी चर्चा है। हालांकि, एएसपी ने स्पष्ट किया कि गोली चलने की बात की अभी पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से मारपीट में इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले कुछ सामान भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद किसी भी तरह की दूसरी घटना को रोकने के लिए पुलिस मौके पर मुस्तैद है। घटनास्थल पर दोनों पक्षों के घरों में ताले लगे हुए हैं। बताया गया कि रणधीर सिंह का छोटा बेटा वैभव उर्फ सीटू अपने माता-पिता के उपचार की देखरेख कर रहा है। वहीं, दूसरे पक्ष के जिन लोगों पर मारपीट का आरोप है, उनके घरों में भी ताले लगे हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में तहरीर और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गोली चलने की सूचना की भी जांच की जा रही है।

जमीन विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ऊंज। ऊंज थाना क्षेत्र के भैरौपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। भैरौपुर निवासी अनुज कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में अपने पड़ोसी सुभाष मिश्रा, शंकर मिश्रा, विद्याशंकर और अमित कुमार के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दज्र कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक नवंबर से शुरू होगी धान खरीद, २८ क्रय केंद्र स्वीकृत

ज्ञानपुर। खरीफ विपणन वष्र 2026-27 में न्यूनतम समथ्रन मूल्य योजना के तहत भदोही जिले में एक नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। इसके लिए जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जिले में 28 क्रय केंद्रों को स्वीकृति दी गई है। इस वर्ष जिले में 28,500 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों से सामान्य धान की खरीद 2441 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। जिला विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि धान बेचने के लिए किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। फाम्रर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को खरीद में सुविधा मिलेगी। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, उन्हें तहसील स्तर से सत्यापन कराना होगा। खरीद में लघु व सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि क्रय केंद्रों पर साफऔर अच्छी तरह सुखाया हुआ धान ही लेकर आएं। धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। खरीद के बाद किसानों को भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। इसके लिए बैंक खाता आधार से लिंक होने के साथ एनपीसीआई में मैप्ड होना जरूरी है। विभाग के अनुसार, खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान भेजने की व्यवस्था की गई है। जिले में खाद्य विभाग, पीसीएफऔर भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से धान खरीद की जाएगी। स्वीकृत केंद्रों में औराई, औराई प्रथम, समधाखास, गोपीगंज मंडी, गोपीगंज मंडी यार्ड प्रथम, ज्ञानपुर, रमईपुर, जंगीगंज, जंगीगंज प्रथम, अभोली, सुरियावां, भदोही, भदोही प्रथम, जगदीशपुर और जगदीशपुर प्रथम शामिल हैं। इसके अलावा भरतपुर, उदयकरनपुर, मऊरामशाला, हरिहरपुर, डोमनपुर चौरी, अजयपुर, बेदमनपुर और बढ़ौना समेत विभिन्न स्थानों पर भी खरीद की व्यवस्था की गई है।

दो उपनिरीक्षक निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत

ज्ञानपुर। जिले में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत हुए अजय कुमार ओझा और रामध्यान यादव को पुलिस अधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार, 27 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पदोन्नत दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई दी। अजय कुमार ओझा वर्तमान में गोपीगंज थाने की कस्बा चौकी के प्रभारी हैं, जबकि रामध्यान यादव गोपीगंज थाने में तैनात हैं। दोनों पुलिसकर्मियों की पदोन्नति पर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके आगामी सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

ज्ञानपुर रोड रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

गोपीगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पिछले शुक्रवार को बरामद होने से हड़कंप मच गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है लेकिन तीन दिन भी जाने के बाद भी शव का पहचान कराने में पुलिस सफ्ल नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 11:15 बजे स्टेशन मास्टर ज्ञानपुर रोड द्वारा जीआरपी को मेमो दिया गया कि गोपीगंज कोतवाली के माधोरामपुर के पास किलोमीटर संख्या 264/28-26 के मध्य बनारस की तरफ डाउन लाइन पर एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी ज्ञानपुर रोड आनंद कुमार यादव मय हमराह कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल जिगर यादव के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा मिला। मृतक के पूरे शरीर पर चोट और खरोंच के निशान थे तथा सिर के दाहिने हिस्से में गंभीर चोट लगी हुई थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जीआरपी ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को मोच्ररी हाउस भेज दिया। जीआरपी चौकी प्रभारी आनंद कुमार ज्ञानपुर रोड ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन 3 दिन बाद सोमवार की देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार वाराणसी में संपन्न कर दी गई है।

दो स्थानों पर लगेगा वृहद रोजगार मेला

ज्ञानपुर। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो स्थानों पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से गठित रोजगार मिशन के अंतर्गत आयोजित इन मेलों में 20 से अधिक निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इनके माध्यम से 2000 से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों के चयन का अवसर मिलेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि पहला रोजगार मेला दो नवंबर को पं. बुद्धिराम दुबे महिला महाविद्यालय, ईटहरा, विकास खंड डीघ में आयोजित होगा। वहीं, दूसरा मेला पांच नवंबर को श्री काशीराज इंटरमीडिएट कॉलेज, जीटी रोड, औराई में लगेगा। दोनों मेले एक दिवसीय होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाली कंपनियां अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगी और उनकी शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता के अनुसार चयन करेंगी। रोजगार की तलाश कर रहे इच्छुक युवा अपने सभी शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंच सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। इसके बाद मेले में प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना भी अनिवार्य है। बिना पंजीयन और आवेदन के पहुंचने के बजाय अभ्यर्थी पहले पोर्टल पर अपनी प्रक्रिया पूरी कर लें। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला सेवायोजन कार्यालय, ज्ञानपुर में किसी भी कार्यदिवस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मेले में प्रतिभाग करने के लिए अलग से कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

३१ तक आंधी-बारिश और वज्रपात का अलर्ट

ज्ञानपुर। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से भदोही में 28 से 31 अक्तूबर तक तेज हवाओं, आंधी-तूफान, गरज-चमक, वज्रपात और तेज बारिश की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनपद में अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है, जबकि झोंकों की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे या इससे अधिक होने की संभावना है।प्रशासन ने लोगों को आंधी-तूफान और बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित, पक्के भवनों में रहने तथा खिड़की-दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है। खुले मैदान, खेत, छत और ऊंचे स्थानों पर जाने से बचें। पेड़ों, होर्डिंग, टीनशेड और कमजोर संरचनाओं के नीचे आश्रय न लें। बिजली के खंभों, तारों और ट्रांसफार्मर से दूरी बनाए रखें। तेज बारिश के दौरान जलभराव वाले रास्तों, नालों, तालाबों और नदियों के किनारे जाने से बचें। मौसम खराब होने पर अनावश्यक यात्रा और दोपहिया वाहनों के इस्तेमाल से भी परहेज करें। जर्जर भवनों और अस्थायी ढांचों से दूर रहें। पशुओं को खुले में न छोड़ें और सुरक्षित स्थान पर रखें।उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने किसानों को कटाई के लिए तैयार फसलों की जल्द कटाई करने तथा कटी फसल और कृषि उत्पादों को सुरक्षित, ढके हुए स्थान पर रखने की सलाह दी है।

राम-सीता विवाह की लीला ने मोहा मन

गोपीगंज। जय श्री राम रामलीला कमेटी सरई पठखानी कोतवाली गोपीगंज के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद तथा श्रीराम विवाह की लीला का भव्य एवं मनमोहक मंचन किया गया। भगवान श्रीराम की लीलाओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ।



इसके पश्चात धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया, जिसमें राजा जनक द्वारा आयोजित स्वयंवर में देश-विदेश के अनेक राजा-महाराजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे हिला तक नहीं सका। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय धनुष भंग कर दिया। धनुष टूटते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। धनुष भंग होने के पश्चात भगवान परशुराम के आगमन तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सजीव मंचन किया गया। लक्ष्मण जी के ओजस्वी संवाद और परशुराम जी के क्रोधपूर्ण स्वरूप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं भगवान श्रीराम के विनम्र एवं शांत स्वभाव ने मर्यादा और आदर्श का संदेश दिया। इस प्रसंग ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। इसके बाद भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह की मंगलमय लीला प्रस्तुत की गई।

श्रीराम जन्म के दृश्य पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल

उंज। क्षेत्र के ऐतिहासिक रामलीला मैदान बीसा में सोमवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि काशी निवेश महाविद्यालय, ज्ञानपुर के शासी अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीश चंद्र पांडेय ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पहले दिन नारद मोह, श्रीराम जन्म और ताड़का वध की लीलाओं का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रवीश चंद्र पांडेय ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, संस्कार और मर्यादा का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से बच्चों और युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला हमें सत्य, धर्म और सदाचार के माग्र पर चलने की सीख देती है। मंचन के दौरान नारद मोह की लीला में दिखाया गया कि किस तरह नारद जी को अपने तप पर अहंकार हो जाता है और भगवान विष्णु उनका अहंकार दूर करते हैं। इसके बाद राजा दशरथ के दरबार, पुत्रेष्टि यज्ञ और भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म का दृश्य प्रस्तुत किया गया। श्रीराम जन्म की लीला के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मंगला प्रसाद दुबे, सुभाष चंद्र दुबे, वंश नारायण दुबे, राकेश दुबे, शिवकुमार विश्वकर्मा, लालचंद दुबे, सुरेश पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मेगा विधिक सहायता शिविर की तैयारियों का लिया जायजा

ज्ञानपुर। आगामी एक नवंबर को कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलवार को न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और शिविर को सफ्ल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चंद के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन एक नवंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक में अपर जिला जज और मेगा कैंप की नोडल अधिकारी पुष्पा सिंह, अपर जिला जज (पॉक्सो न्यायालय) दुर्गेश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद मिश्रा तथा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बलराम पवार मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी एवं मेगा कैंप के नोडल अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला सहित खंड विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर में आने वाले लोगों की सुविधा, आवश्यक व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने दायित्वों का समय से निर्वहन करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। शिविर का उद्देश्य आमजन को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही विभिन्न सरकारी



विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे एक नवंबर को कार्पेट एक्सपो मार्ट पहुंचकर शिविर में उपलब्ध विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

जदयू का एक नवंबर को वाराणसी में होगा राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

भदोही। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) द्वारा एक नवंबर को वाराणसी के करौता स्थित रामलीला मैदान में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारी और सफलता को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनुप सिंह पटेल मंगलवार को भदोही पहुंचे और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों और कालीन कारोबारियों से भी मुलाकात की। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनुप सिंह पटेल ने कहा कि इस सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा तथा पार्टी के युवा नेता और बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री निशांत कुमार मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शवाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, अयोध्या मंडलों सहित प्रदेश के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। श्री पटेल ने कहा कि यह सम्मेलन 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से बेहद अहम है। इस मौके पर जदयू के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर प्रसाद राय, वरिष्ठ नेता तेज बहादुर यादव एडवोकेट, जिलाध्यक्ष सर्वेश राय, ओमप्रकाश मौर्य, शैलेंद्र कुमार राय, अबरार अहमद, देवी प्रसाद गुप्ता, अभिनय श्रीवास्तव व नैरंग आलम खां आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

राम-भरत मिलन पर हुई पुष्पवर्षा

घोसिया। माधोसिंह बाजार में आदर्श भरत मिलाप कमेटी की ओर से आयोजित भरत मिलाप महोत्सव में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का भावुक दृश्य देखते ही पूरा बाजार जय श्रीराम और भरत मिलाप के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया। महोत्सव के तहत निकाली गई भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इसमें दो दर्जन से अधिक लाग-विमान और मां काली, मां दुर्गा, भैरव बाबा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। काल भैरव के विराट और रौद्र स्वरूप को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। वहीं, डीजे और आर्केस्ट्रा की धुन पर युवाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की। मंच पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के मिलन का दृश्य भावुक कर देने वाला रहा। चारों भाइयों के मिलन के दौरान हुई पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, गोपाल जी बरनवाल, नितीश चौबे, भोला नाथ, रमेश चंद्र चौरसिया, शिव कुमार गुप्ता, भरत लाल, ओम प्रकाश गुप्ता और श्याम सुंदर गुप्ता समेत हजारों श्रद्धालु व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वनवासी महिलाओं के साथ धरने पर बैठे पूर्व सभासद

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद कार्यालय पर मंगलवार को वाड्र नंबर 14 के पूर्व सभासद अनूप कुमार जायसवाल बनवासी महिलाओं की समस्या को लेकर तालाब में पालिका प्रशासन द्वारा गिराया जा रहे गंदे पानी को तत्काल रोकने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए पालिका प्रशासन को जब सभासद द्वारा धरने पर बैठने की जानकारी मिली तो कार्यालय में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कोतवाली के ठीक सामने प्राचीन जोगी वीर तालाब में इन दिनों पालिका प्रशासन द्वारा मशीन लगाकर तालाब में पश्चिम मुहल्ले के नलियों का सड़को पर बह रहे गंदे पानी को तालाब में गिराए जाने से नाराज पूर्व सभासद ने कुछ दिन पहले ही पालिका प्रशासन को मांग पत्र सौंपते हुए मांग किया कि प्राचीन और आस्था से जुड़े तालाब में गंदा पानी न गिराया जाए जबकि इसके पूर्व की अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह और पालिका अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता के कार्यकाल में तालाब से गंदा पानी मशीन से निकाल कर जेसीबी मशीन लगाकर तालाब की सफाई कराई गई थी ऐसे में बर्तमान पालिका प्रशासन द्वारा तालाब में मशीन लगाकर गंदा पानी गिराये जाने से आसपास की बस्तियों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है पास में ही बनवासी समाज के सैकड़ो गरीब लोगों की बस्ती आबाद है जहां उनके छोटे बच्चे और महिलाएं संक्रामक बीमारी की चपेट में आ सकती हैं तालाब में गंदा पानी ना गिराए जाने को लेकर सभासद धरने पर बैठे हैं और उन्होंने पालिका प्रशासन सहित जनपद के उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि पालिका प्रशासन की मनमानी के कारण तालाब में गंदा पानी गिराया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है।


अलग-अलग मामलो में बीस हजार रुपये खाते में वापस

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी के कुशल निर्देशन में साइबर हेल्पडेस्क थाना गोपीगंज व थाना औराई, जनपद- भदोही द्वारा तीन अलग-अलग मामलों में पीड़ितों के खातों से फ्राड की गयी कुल 20,000/- रूपये (2,560/- रु0, 15,440/- रु0 एवं 2,000/- रु0) की धनराशि को कराया गया वापस। स्थानान्तरित धनराशि अपने खाते में पाकर पीडितों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद। जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना व थानों की साइबर हेल्पडेस्क को किसी पीडित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित काय्रवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। अमित विश्वकर्मा नि0 रैपुरी थाना- गोपीगंज जनपद- भदोही के साथ 2,560 /- रूपये का फ्राड फोन पे के माध्यम से हो गया था, जिसको लेकर पीडित काफी परेशान था। उक्त के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत पंजीकृत किया गया था। साइबर हेल्पडेस्क थाना गोपीगंज जनपद- भदोही द्वारा त्वरित काय्रवाही करते हुए कुल 2,560/- रु0 की धनराशि को पीडित के खाते में वापस कराया गया। आवेदक आशुतोष निवासी महराजगंज थाना- औराई जनपद- भदोही के साथ 15,440 /- रूपये का अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्राड हो गया था, जिसको लेकर पीडित काफी परेशान था। उक्त के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पडेस्क पर शिकायत पंजीकृत किया गया था। साइबर हेल्पडेस्क थाना औराई जनपद- भदोही द्वारा त्वरित काय्रवाही करते हुए कुल 15,440/- रु0 की धनराशि को पीडित के खाते में वापस कराया गया। आवेदिका थाना- औराई जनपद- भदोही द्वारा 2000 /- रूपये का फ्राड मीशो ऐप में कंप्लेन करने के लिए गूगल से नंबर सच्र करने के दौरान हो गया था, जिसको लेकर पीड़ित काफी परेशान थी।

महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत मंगलवार को भदोही पुलिस ने जनपद के बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में एंटी रोमियो टीमों व महिला बीट अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान महिला अधिकारों, पाक्सो एक्ट और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

डा. ओपी शुक्ला ने संभाला सीएमओ का कार्यभार



ज्ञानपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक को अपर निदेशक पद पर प्रोन्नति मिलने के बाद मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सराहना की। वहीं, डॉ. ओपी शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, भदोही का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही जिले में स्वास्थ्य विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारी का हस्तांतरण हुआ। समारोह के दौरान डॉ. संतोष कुमार चक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अपर निदेशक पद पर उनकी प्रोन्नति को स्वास्थ्य विभाग में उनकी नई जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की पहचान-प्रो. माया

भदोही। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन आशीष जायसवाल ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे का सेवन व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे कार्यक्षमता घटने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नशे की लत व्यक्ति के सामाजिक जीवन को प्रभावित करने के साथ परिवार को आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानियां भी पहुंचाती है। प्रो. माया ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

दो नवंबर को धरना देंगे पेंशनर्स

ज्ञानपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनस्र एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के सेवारत एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी समस्याओं को लेकर दो नवंबर को प्रदेश के सभी जनपदों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र सौंपकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की जाएगी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय नाथ द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के प्रकरणों के निस्तारण की प्रक्रिया को सरल बनाने के बजाय जटिल बना दिया गया है। इससे सेवारत और सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के विरोध में संगठन ने प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जिले में दो नवंबर को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री के माध्यम से मांगपत्र भेजकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाने और कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने की मांग की जाएगी।

सेज के नाम पर किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

किसानों ने तहसील पर धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा पत्र

चौरी। जनपद में प्रस्तावित विशेष आर्थिक जोन (सेज) के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने अब राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। किसान सहयोग समिति के बैनर तले किसानों ने मंगलवार को तहसील पर धरना-प्रदर्शन किया। पत्र में मांग की है कि मुआवजा न लेने वाले किसानों की खतौनी से यूपीसीडा का नाम निरस्त कर फिर से किसानों का नाम दर्ज किया जाए और 25 जनवरी 2023 को जिला प्रशासन और यूपीसीडा के बीच हुए समझौते को लागू किया जाए। किसानों ने कहा कि हम भदोही जनपद के लघु-सीमान्त कृषक हैं, खेती ही हमारी जीविका का एकमात्र साधन है। सेज के निर्माण हेतु सन् 2002 में पांच गांवों कंधिया, धनापुर, गोंडामौर इमामअली, जोलहापुर एवं कछुआबोझ के 208 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हुई थी। किसानों ने कृषि भूमि की आजीविका समाप्त होने के डर से अधिग्रहण का विरोध किया था, इसके बावजूद यूपीसीडा के अधिकारियों ने कुछ किसानों को बहला-फुसलाकर एवं धमकाकर मुआवजा वितरण हेतु



हस्ताक्षर करा लिया था। किसानों के लगातार विरोध के चलते 25 जनवरी 2023 को जिला प्रशासन, यूपीसीडा के अधिकारियों और किसानों के बीच एक समझौता हुआ था, जिसमें सहमति बनी थी कि मुआवजा न लेने वाले किसानों की भूमि को अधिग्रहित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश शासन और जिला प्रशासन को निर्देशित भी किया गया था। किसानों ने चिंता जताई है कि समझौते और हाई कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना करते हुए क्षेत्रीय राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा न लेने वाले किसानों की खतौनी पर भी यूपीसीडा का नाम दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इससे किसानों को मिलने वाली सरकारी सुविधाएं जैसे कृषि ऋण, सरकारी क्रय-विक्रय, उर्वरक एवं बीज प्राप्ति में असुविधा हो रही है, जिससे सभी किसान परेशान और हताश हैं। किसानों ने राज्यपाल से आग्रह किया कि उनकी आजीविका को ध्यान में रखते हुए मुआवजा न लेने वाले किसानों की खतौनी में दर्ज यूपीसीडा का नाम निरस्त कर केवल संबंधित किसानों का नाम दर्ज करने हेतु आदेश पारित किया जाए। इस मौके पर इंद्रदेव पाल, ज्ञानप्रकाश प्रजापति, जगन्नाथ मौर्य, रामचंद्र सिंह, अवधनारायण पटेल, अमृतलाल मौर्य व जयप्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

भदोही की शिवाली मौर्य ने सोनभद्र में लहराया परचम

बाबूसराय औराई ब्लॉक के अंतर्गत बाबूसराय इंटर कॉलेज की छात्रा शिवाली मौर्य ने मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। महादेवपुर निवासी शिवाली ने सोनभद्र में आयोजित मंडल स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिवाली की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

देवाधिदेव के अलौकिक स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल

गोपीगंज। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ब्रह्मांड नायक देवाधिदेव महादेव बाबा बड़े शिव व बाबा तिलेश्वर नाथ, गोपेश्वरनाथ का भव्य श्रृंगार कर आरती पूजन की गई। देवाधिदेव महादेव के अलौकिक स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। दर्शन पूजन के लिए जुटी अपार भीड़ के जयघोष से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। स्तुति गान के उपरांत महाप्रसाद का वितरण कराया गया।

रेलवे फाटक बंद होने पर अतिक्रमण ने बढ़ायी परेशानी

सुरियावा। सुरियावां रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक 41ए को अनुरक्षण कार्य के चलते 25 और 26 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक बंद किए जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। रेलवे की ओर से आवागमन के लिए पश्चिमी फाटक 42ए को विकल्प के रूप में चालू किया गया, लेकिन यहां सड़क पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई।

'अर्नब' से सतर्कता

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि चक्रवाती तूफान 'अर्नब' अपेक्षाकृत अधिक गम्भीर तूफान है और इससे उत्तर प्रदेश, बिहार सहित नौ राज्योंपर प्रभाव पड़नेकी आशंका है। इन राज्योंमें आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी भी शामिल हैं। इसके प्रभावके प्रथम चरणमें छत्तीसगढ़, तेलंगाना, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेशमें भारी वर्षा हो सकती है। अर्नब तूफान बंगालकी खाड़ीमें तेजीसे मजबूत हो रहा है। तूफान बुधवारको आंध्रप्रदेशके तटीय क्षेत्रमें टकरानेकी आशंका है। यह तूफान ११५ से १२५ किलोमीटर प्रति घण्टेकी तेज हवा और लगभग १४० किलोमीटर प्रति घण्टेतकके झोंकेसे चल सकते हैं। आंध्रप्रदेश और दक्षिण ओडिशा सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेशके लिए भी सावधानी बरतनेकी आवश्यकता है। वैसे सभी नौ राज्योंके लिए 'अर्नब' का अलर्ट जारी कर दिया गया है। २८ से ३० अक्तूबरके दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहारमें भारी वर्षाका अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेशमें २९ अक्तूबरको बहुत भारी वर्षा सम्भव है। जहां चक्रवातका अधिक प्रभाव पड़ने वाला है वहां स्कूल-कालेज बंद कर दिये गये हैं। ओडिशाके छह जिलोंमें पर्यटनपर रोक लगा दी गयी है। सभी तटीय क्षेत्रोंमें मछली पकड़नेपर भी प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। चक्रवाती तूफानसे निबटनेके लिए केन्द्र और राज्य सरकारोंने पूरी तैयारी कर ली है जिससे कि तूफानके प्रभावसे क्षति कम हो सके। केन्द्र और राज्य सरकारोंने सतर्कता बढ़ा दी है। केन्द्र सरकारके कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथनने प्रभावित होने वाले राज्योंमें हुई तैयारियोंकी समीक्षा भी की है। राज्योंके मुख्य सचिवोंको आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। अर्नबके खतरेको देखते हुए दक्षिणी तटीय रेलवेने ५३ ट्रेनें रद कर दी हैं और २४ घण्टे सक्रिय रहने वाले वार रूम भी बनाये गये हैं। राहत और बचावके लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफकी टीमोंको तैयार रखा गया है। आश्रय स्थलोंकी भी व्यवस्था की गयी है। सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक बलोंको आवश्यकता पड़नेपर राहत और बचाव कार्योंमें सक्रिय रहनेके निर्देश दे दिये गये हैं। जिला प्रशासनको पूरी तरह तत्परता बरतनेका आदेश दिया गया है। आम जनताको अपने स्तरसे सभी निर्देशोंका पालन करनेकी जरूरत है। तूफानके बाद भी सावधानी आवश्यक है, क्योंकि तेज हवाओंका दौर पुन: वापस आनेकी भी आशंका बनी रहती है। अर्नब तूफान बड़ी चुनौती है और इसमें किसी भी स्तरपर शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

ग्राहकोंका शोषण अक्षम्य

केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) का ब्रिटानिया ब्रेडके भ्रामक विज्ञापनपर रोक और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेडपर एक लाख रुपये जुर्माना लगाना उपभोक्ताओंके हितमें महत्वपूर्ण कदम माना जायगा। भ्रामक विज्ञापनके माध्यमसे ग्राहकोंके साथ किस कदर धोखाधड़ी की जा रही थी, इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि कम्पनीके उत्पाद ब्रेडमें गेहूंके आटेकी मात्रा ६२ प्रतिशत थी। शेष ३८ प्रतिशतमें चावलकी भूसी एवं अन्य सामग्री शामिल हैं जबकि विज्ञापनमें दावा किया गया कि ब्रेड शत-प्रतिशत गेहूंसे बना है, जो ग्राहकोंका शोषण है। इस तरहकी धोखाधड़ी अक्षम्य अपराध है। सीसीपीए मामलेको गम्भीरतासे लेते हुए इसी माह २२ अक्तूबरके अपने आदेशमें कम्पनीके सभी प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया समेत इण्टरनेट मीडियापर तत्काल प्रभावसे इस विज्ञापनको बन्द करनेका निर्देश दिया है। साथ ही १५ दिनके भीतर अनुपालन रिपोर्ट देनेको कहा है। हालांकि कम्पनीने जांचमें यह स्वीकार किया है कि 'शत-प्रतिशत होल ह्वील' ब्रेडमें गेहूंका आटा केवल ६२ प्रतिशत है लेकिन सीसीपीएने इस दलीलको यह कहते हुए खारिज कर दिया कि दावा उत्पादकी गुणवत्ता बतानेके लिए था। इस सन्दर्भमें सीसीपीएका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह दावा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम २०१९ के तहत भ्रामक है, क्योंकि इससे ऐसा लगता है कि ब्रेड पूरी तरह गेहूंसे बना है। इस तरहके विज्ञापनोंसे भ्रमकी स्थिति पैदा होती है। जब किसी उत्पादमें अन्य सामग्री मिलायी जा रही है तो उसे शत-प्रतिशत शुद्ध होनेका दावा कैसे किया जा सकता है। सीसीपीएकी ब्रिटानिया कम्पनीपर काररवाई उचित और न्यायसंगत है। साथ ही उन कम्पनियोंके लिए बड़ा सबक है जो भ्रामक विज्ञापनोंके माध्यमसे ग्राहकोंको आकर्षित करते हैं। लोगोंको भी ऐसे भ्रामक विज्ञापनोंसे बचना चाहिए।

लोक संवाद

किसे नहीं रखना चाहिए व्रत

महोदय,-करवा चौथका व्रत सुहागिन महिलाएं पतिकी लम्बी उम्र और सुखी दांपत्य जीवनकी कामनाके लिए रखती हैं। इस दिन महिलाएं सूर्योदयसे लेकर चंद्रोदयतक निर्जला व्रत करती हैं और चंद्रमाको अर्घ्य देनेके बाद व्रत खोलती हैं। इस साल करवा चौथ २९ अक्तूबर २०२६ को मनाया जायगा। हालांकि पूरे दिन बिना कुछ खाये-पिये रहना हर किसीके लिए सुरक्षित नहीं होता। खासकर गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और कुछ स्वास्थ्य समस्याओंसे जूझ रही महिलाओंको व्रत रखनेसे पहले अपनी सेहतका ध्यान रखना चाहिए। आइये जानते हैं किन परिस्थितियोंमें निर्जला व्रत रखनेसे बचना चाहिए। गर्भावस्थाके दौरान शरीरको पर्याप्त पोषण और तरल पदार्थोंकी जरूरत होती है। ऐसेमें लंबे समयतक बिना पानी और भोजनके रहनेसे डिहाइड्रेशन, चक्कर, कमजोरी और ब्लड शुगरमें उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्भवती महिलाओंको निर्जला व्रत रखनेसे बचना चाहिए। यदि आप किसी धार्मिक परम्पराके कारण व्रत रखना चाहती हैं तो पहले अपने डाक्टरसे सलाह लें और सेहतको प्राथमिकता दें। जो महिलाएं छोटे बच्चोंको स्तनपान कराती हैं, उनके लिए पर्याप्त पानी, कैलोरी और पोषक तत्व लेना जरूरी है। लम्बे समयतक बिना पानी और भोजनके रहनेसे मांको कमजोरी, सिरदर्द या डिहाइड्रेशन हो सकता है। खासकर यदि बच्चा नवजात है या मांकी सेहत पहलेसे कमजोर है तो निर्जला व्रत रखनेसे बचना बेहतर है। व्रत रखनेसे पहले डाक्टरसे सलाह जरूर लें। **-मिनाली शर्मा, वाया ईमेल।**

ब्रिक्स संसदीय मंचसे शान्तिका संकल्प

आज जब विश्व युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे गम्भीर चुनौतियोंसे घिरी है, तब अंतरराष्ट्रीय सहयोग आमजनके जीवनमें सकारात्मक परिवर्तन लानेमें निहित है। ऐसे समयमें संविधान सदनमें आयोजित १२वां ब्रिक्स संसदीय मंच वैश्विक लोकतांत्रिक संवाद और बहुपक्षीय सहयोगका अवसर है।

❐ ललित गर्ग

नयी दिल्लीके संविधान सदनमें आयोजित १२वां ब्रिक्स संसदीय मंचका सबसे महत्वपूर्ण संदेश है कि विकासका वास्तविक उद्देश्य केवल आर्थिक समृद्धि नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्तिके जीवनमें सम्मान, सुरक्षा, अवसर और खुशहाली सुनिश्चित करना है। सकल घरेलू उत्पादकी वृद्धि, तकनीकी प्रगति, व्यापारका विस्तार और बुनियादी ढांचेका विकास तभी सार्थक हैं, जब उनका लाभ समाजके अंतिम व्यक्तितक पहुंचे। विकासकी चमकके बीच यदि गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, असमानता और सामाजिक वंचना बनी रहती है तो प्रगतिका दावा अधूरा है। इसलिए जन-केन्द्रित विकासकी अवधारणा आज वैश्विक नीतियोंकी अनिवार्य कसौटी बननी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाका संसदीय संवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहितको प्राथमिकता देनेपर बल इसी दृष्टिसे विशेष प्रासंगिकता रखता है। संसद लोकतंत्रकी आत्मा है। वह केवल कानून बनाने वाली संस्था नहीं, बल्कि जनताकी आकांक्षाओं, पीड़ाओं, अधिकारों और अपेक्षाओंकी प्रतिनिधि है। सांसदोंका दायित्व सरकारोंके निर्णयोंका समर्थन करना भर नहीं, बल्कि उनकी समीक्षा करना, जनहितके प्रश्न उठाना और सत्ताको जवाबदेह बनाये रखना भी है। जब विभिन्न देशोंके निर्वाचित प्रतिनिधि एक मंचपर बैठकर अनुभवों और विचारोंका आदान-प्रदान करते हैं, तब संसदीय लोकतंत्रकी शक्ति राष्ट्रीय सीमाओंसे आगे बढ़कर वैश्विक कल्याणका माध्यम बन सकती है। इस मंचकी



प्रासंगिकता इसलिए भी बढ़ जाती है कि वर्तमान विश्व व्यवस्था अनेक विरोधाभासोंसे जूझ रही है। एक ओर विज्ञान, संचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ताने मानव जीवनको अभूतपूर्व क्षमताएं प्रदान की हैं, वहीं दूसरी ओर युद्धों, अविश्वास, हथियारोंकी प्रतिस्पर्धा और आर्थिक विषमताओंने मानवताके भविष्यको अनिश्चित बनाया है। ऐसे वातावरणमें सांसदोंका साझा दायित्व है कि वे अपने-अपने देशोंकी नीतियोंको मानवीय संवेदनाओं, शांति और न्यायके व्यापक उद्देश्योंसे जोड़ें। संसदोंके बीच संवाद कार्यपालिकाकी कूटनीतिको जनप्रतिनिधियोंके अनुभवोंसे समृद्ध करता है और अंतरराष्ट्रीय निर्णयोंमें पारदर्शिता तथा लोकतांत्रिक उत्तरदायित्वको प्रोत्साहित करता है।

ब्रिक्स संसदीय मंचके चार प्रमुख आधार-संस्थागत लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास-भविष्यकी वैश्विक राजनीतिके लिए विशेष महत्व रखते हैं। संस्थागत लचीलापन लोकतांत्रिक संस्थाओंको संकटोंके बीच भी सक्षम और उत्तरदायी बनायेगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीकके उपयोगमें नैतिकता, पारदर्शिता तथा मानवीय हितोंकी रक्षा आवश्यक है, ताकि तकनीक सुविधाका माध्यम बने, असमानता और नियंत्रणका नहीं। इसी प्रकार सतत विकासका अर्थ आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षणके बीच संतुलन स्थापित करना है। जलवायु संकटका सामना कोई देश अकेले नहीं कर सकता, इसके लिए संसाधनों, ज्ञान और उत्तरदायित्वका न्यायपूर्ण बंटवारा जरूरी है। इस सम्मेलनका एक महत्वपूर्ण पक्ष ग्लोबल साउथ अर्थात विकासशील देशोंकी आवाजको अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रियामें अधिक प्रभावशाली बनाना है। विश्वकी बड़ी आबादी इन देशोंमें निवास करती है, लेकिन वैश्विक वित्तीय व्यवस्था, व्यापारिक नियमों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओंमें उनकी अपेक्षाओंको हमेशा पर्याप्त स्थान नहीं मिला है। खाद्य सुरक्षा, उर्वरक उपलब्धता, ऊर्जाकी सुलभता, ऋणका बोझ और विकासके लिए वित्तीय संसाधनोंकी कमी जैसी समस्याएं करोड़ों लोगोंके जीवनको प्रभावित करती हैं। ऐसेमें ब्रिक्स देशोंके सांसदोंको यह सुनिश्चित करनेका प्रयास करना चाहिए कि वैश्विक नीतियां शक्तिशाली देशोंके हितोंतक सीमित न रहें, बल्कि विकासशील समाजोंकी वास्तविक आवश्यकताओंको भी प्रतिबिंबित करें। भारतकी भूमिका इस संदर्भमें विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। भारत अपनी लोकतांत्रिक परम्पराओं, विविधतापूर्ण सामाजिक संरचना, विकास संबंधी अनुभवों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगकी नीतिके माध्यमसे विभिन्न देशोंके बीच संवादका सेतु बन सकता है। भारतकी शक्ति केवल उसकी आर्थिक क्षमता या जनसंख्यामें नहीं, बल्कि विविधताओंको साथ लेकर चलने और मतभेदोंके बीच सहमति खोजनेकी लोकतांत्रिक क्षमतामें भी निहित है। नयी दिल्लीमें इस मंचका आयोजन भारतीय संसदीय कूटनीतिको नयी ऊर्जा प्रदान करता है।

भारतका प्रयास होना चाहिए कि ब्रिक्स सहयोग किसी एक देशके वर्चस्वका साधन न बने, बल्कि सभी सदस्य और साझेदार देशोंके साझा हितोंका मंच बने।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाने अपने उद्घाटन संबोधनमें इस बातपर विशेष बल दिया कि ब्रिक्सकी वास्तविक सफलता संवादको ठोस परिणामोंमें बदलनेसे मापी जायगी। उन्होंने युवाओंकी आकांक्षाओंको अवसरोंसे जोड़ने तथा विकास और पर्यावरण संरक्षणको परस्पर पूरक बनानेकी आवश्यकता भी रेखांकित की। इन विचारोंमें भविष्यकी दिशा छिपी है। दुनियाकी युवा आबादीको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोजगार और नवाचारके अवसर उपलब्ध कराना केवल राष्ट्रीय सरकारोंका दायित्व नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोगका भी विषय है। यदि युवाओंकी ऊर्जाको सकारात्मक दिशा नहीं मिलेगी तो निराशा और असमानता सामाजिक अस्थिरताको जन्म दे सकती हैं। इसी तरह आतंकवादके विरुद्ध साझा रणनीति, अंतरराष्ट्रीय कानूनोंका सम्मान और संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओंमें सुधार आजकी अपरिहार्य जरूरतें हैं। भारतने आतंकवादके विरुद्ध सहयोग और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण वैश्विक शासन व्यवस्थाकी आवश्यकताको संसदीय संवादके महत्वपूर्ण विषयोंके रूपमें उठाया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओंकी विश्वसनीयता तभी बढ़ेगी, जब वे सभी देशोंके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करें और संकटोंके समाधानमें प्रभावी भूमिका निभायें। शांतिका अर्थ केवल युद्धका अभाव नहीं, बल्कि भयमुक्त जीवन, न्यायपूर्ण अवसर और मानवीय गरिमाकी सुरक्षा भी है।

अंतत: १२वें ब्रिक्स संसदीय मंचका वास्तविक महत्व इस बातमें निहित है कि वह दुनियाके सांसदोंको उनकी मूल जिम्मेदारीका स्मरण कराता है-वे केवल अपने देशोंकी सीमाओंके भीतर जनताके प्रतिनिधि नहीं, बल्कि साझा मानव भविष्यके निर्माणमें भागीदार भी हैं। संविधान सदनसे उठने वाला संदेश स्पष्ट है कि लोकतंत्रकी सार्थकता जनताके विश्वास, संस्थाओंकी जवाबदेही और नीतियोंके मानवीय परिणामोंमें है। यह सम्मेलन तभी ऐतिहासिक सिद्ध होगा, जब इसके विचार ठोस नीतियों, प्रभावी कानूनों और जनजीवनमें दिखाई देने वाले परिवर्तनोंका रूप लेंगे। दुनियाको आज केवल शक्तिशाली राष्ट्रोंकी नहीं, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व, उत्तरदायी संसदों और मानवीय दृष्टिसे प्रेरित नीतियोंकी आवश्यकता है। भारतकी अध्यक्षतामें ब्रिक्स संसदीय मंच इसी दिशामें आशा जगाता है कि संवाद संघर्षोंको कम कर सकता है, सहयोग विषमताओंको घटा सकता है और लोकतंत्र विकासको मानवीय बना सकता है। यही इस सम्मेलनका संदेश है, यही इसकी प्रासंगिकता और यही एक शांतिपूर्ण, समावेशी तथा न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्थाकी सबसे बड़ी आवश्यकता है।

यह सम्मेलन तभी ऐतिहासिक सिद्ध होगा, जब इसके विचार ठोस नीतियों, प्रभावी कानूनों और जनजीवनमें दिखने वाले परिवर्तनोंका रूप लेंगे। दुनियाको आज केवल शक्तिशाली राष्ट्रोंकी नहीं, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व, उत्तरदायी संसदों और मानवीय दृष्टिसे प्रेरित नीतियोंकी आवश्यकता है। भारतकी अध्यक्षतामें ब्रिक्स संसदीय मंच इसी दिशामें आशा जगाता है कि संवाद संघर्षोंको कम कर सकता है, सहयोग विषमताओंको घटा सकता है और लोकतंत्र विकासको मानवीय बना सकता है। यही सम्मेलनका संदेश और समावेशी तथा न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्थाकी सबसे बड़ी आवश्यकता है।

मणिपुरमें शान्तिके प्रयास

मणिपुरमें स्थायी शान्तिकी स्थापना महत्वपूर्ण विषय बना है। मई २०२३ से राज्यमें मैतेई और कुकी समुदायोंके बीच जो अविश्वासकी खाईं उत्पन्न हुई है, उसने वहांके सामाजिक ताने-बानेको गहरे स्तरपर प्रभावित किया है।

❐ महेन्द्र तिवारी

मणिपुरमें मैतेई और कुकी समुदायोंके बीच जातीय हिंसाके कारण केवल सैकड़ों निर्दोष लोगोंको अपनी जान गंवानी पड़ी है। इन जटिल चुनौतियोंका समाधान केवल सैन्य बल प्रयोगसे कदापि संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए एक पारदर्शी, जवाबदेह और व्यापक संवाद आधारित प्रशासनिक व्यवस्थाकी नितान्त आवश्यकता है। इसी सकारात्मक दिशामें एक महत्वपूर्ण कदमके रूपमें २५ अक्तूबर २०२६ को राज्यके मुख्य मंत्री युमनाम खेमचंद सिंहने कांगपोकपी जिलेमें स्थित सिनाई शिविरका सघन दौरा किया। यह दौरा कई मायनोंमें ऐतिहासिक और रणनीतिक दृष्टिसे अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय समाचार माध्यमोंसे प्राप्त जानकारीके अनुसार यह पहला अवसर था जब किसी पदस्थ मुख्य मंत्रीने केन्द्र सरकार और विद्रोही गुटोंके बीच हुए बहुचर्चित अभियान निलम्बन समझौतेके अंतर्गत निर्धारित किसी शिविरका प्रत्यक्ष रूपसे निरीक्षण किया। यह विशिष्ट समझौता मुख्य रूपसे इसलिए किया गया था, ताकि सशस्त्र समूह मुख्यधारामें लौट सकें, अवैध हथियारोंका प्रयोग बंद हो और राज्यमें शांति प्रक्रियाको जमीनी स्तरपर बल मिल सके। मुख्य मंत्रीका यह साहसिक कदम यह दर्शाता है कि वर्तमान राज्य सरकार अब इन समझौतोंकी जमीनी हकीकतको परखने और सुरक्षा तंत्रमें मौजूद गम्भीर खामियोंको दूर करनेके लिए पूरी तरहसे प्रतिबद्ध है। सिनाई शिविरका यह पूरा मामला तब और भी अधिक चर्चा और चिन्ताका विषय बन गया जब एक संयुक्त सुरक्षा अभियानके पश्चात इस शिविरको पूरी तरहसे निरस्त्र कर दिया गया और इसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बलने अपने सीधे नियंत्रणमें ले लिया। इस सघन सुरक्षा काररवाईके दौरान जो चौंकाने वाले तथ्य सामने आये, वे राज्यकी आन्तरिक सुरक्षा प्रणाली और अभियान निलंबन समझौतेके वास्तविक पालनपर कई गम्भीर प्रश्न खड़े करते हैं। जांचके दौरान वहां १७ ऐसे व्यक्ति पकड़े गये जो पंजीकृत सदस्य होनेका जाली दावा कर रहे थे और उनके पाससे फर्जी पहचान पत्र भी प्राप्त हुए। राज्यके आरक्षी अधिकारियों और खुफिया एजेंसियोंकी आरंभिक पड़तालके अनुसार, इन १७ व्यक्तियोंमेंसे ८ ने एक विशिष्ट जातीय राष्ट्रीय सेनाका सदस्य होनेका दावा कियाए जबकि अन्य नौ व्यक्तियोंने एक अलग मुक्ति सेनाका सदस्य होनेकी झूठी पहचान प्रस्तुत की।

इस सघन और गोपनीय अभियानके दौरान सुरक्षाबलोंने भारी मात्रामें घातक हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की, जिसने सभीको चौंका दिया। प्राप्त विवरणके अनुसार, वहांसे २४ अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र, ३८ कारतूस रखनेके पात्र, भारी मात्रामें मारक गोला बारूद, जानलेवा विस्फोटक और उच्च स्तरीय संचार उपकरण जब्त किये गये। हथियारोंका यह विशाल जखीरा इस बातका स्पष्ट और अकाट्य संकेत है कि अभियान निलम्बन समझौतेके तहत निर्धारित नियमोंका कहीं न कहीं घोर उल्लंघन हो रहा था। सबसे अधिक चिन्ताजनक बात यह है कि इस शिविरकी कुल क्षमता १५० सदस्योंको रखनेकी थी, लेकिन वहां केवल वे १७ लोग मिले जिनकी पहचान पूरी तरहसे जाली पायी गयी। यह अनपेक्षित स्थिति प्रशासन और खुफिया एजेंसियोंके सामने यह यक्ष प्रश्न खड़ा करती है कि आखिर असली पंजीकृत सदस्य कहां गये, ये जाली लोग इतनी कड़ी सुरक्षा वाले शिविरके भीतर कैसे प्रविष्ट हुए और इतनी बड़ी मात्रामें अवैध हथियार किसके संरक्षण और सहमतिसे वहां रखे गये थे। मुख्य मंत्रीने अपने दौरेके समय उपस्थित सभी शीर्ष सुरक्षा अधिकारियोंको स्पष्ट और सख्त निर्देश दिये कि किसी भी सुरक्षा अभियानके दौरान निर्दोष नागरिकोंके जीवन और उनकी संपत्तिको कोई क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने भटके हुए युवाओं और विद्रोही गुटोंसे मार्मिक अपील की कि वे तत्काल प्रभावसे हिंसाका विनाशकारी मार्ग छोड़ें, अपने सभी अवैध हथियार प्रशासनको बिना किसी शर्तके सौंप दें और समाजकी मुख्यधारामें शामिल होकर राज्यके नवनिर्माण और विकासमें अपना बहुमूल्य योगदान दें। मुख्य मंत्रीका यह संदेश बहुत स्पष्ट है कि हिंसा और प्रतिशोधकी संस्कृतिको समाप्त किये बिना मणिपुरमें स्थायी और सुदृढ़ शांतिका सपना कभी साकार नहीं हो सकता। इसके साथ ही उन्होंने इस बातपर भी विशेष बल दिया कि किसी एक हिंसक घटनाके लिए पूरेके पूरे समुदायको लांछित या दंडित करना घोर अनुचित है। अपराधियोंकी पहचान उनके व्यक्तिगत कृत्योंसे होनी चाहिए, न कि उनकी जातीय या धार्मिक पहचानके आधारपर।

हालमें राज्यमें हुई तीन निर्दोष नागरिकोंकी नृशंस हत्या और सिनाई शिविरसे मिले जाली सदस्योंके मामलेको अलग अलग दृष्टिकोणसे देखने और जांचनेकी आवश्यकता है। यद्यपि ये दोनों घटनाएं राज्यकी लचर कानून व्यवस्थासे जुड़ी हैं, लेकिन प्रत्यक्ष रूपसे इनके बीच कोई ठोस संबंध अभीतक स्थापित नहीं हुआ है। न्यायके सर्वमान्य और मूल सिद्धांतोंके अनुसार दोनों मामलोंकी बिल्कुल पृथक, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। केवल पुख्ता साक्ष्यों और वैज्ञानिक तथ्योंके आधारपर ही वास्तविक दोषियोंकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें न्यायालयके माध्यमसे कठोर दंड दिया जाना चाहिए ताकि भविष्यमें ऐसी अमानवीय घटनाओंकी पुनरावृत्तिको रोका जा सके। जांच एजेंसियोंको यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वे हर प्रकारके राजनीतिक, सामाजिक और जातीय दबावोंसे पूरी तरह मुक्त होकर अपना कार्य पूरी निष्ठाके साथ करें।मणिपुरमें शांति, सद्भाव और विश्वासकी बहालीके लिए केवल हथियारोंकी जब्ती और विद्रोही शिविरोंकी कड़ी निगरानी ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक बहुआयामी और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनानेकी नितान्त आवश्यकता है। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, सुरक्षाबलों, विभिन्न नागरिक संघटनों और समाजके सभी वर्गोंके प्रतिनिधियोंके बीच निरन्तर, पारदर्शी और सार्थक संवाद होना चाहिए। सुरक्षा बलोंको अपनी सभी कारखाइयोंमें पूर्ण पारदर्शिता लानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे मानवाधिकारोंके सख्त दायरेमें रहकर ही अपना कर्तव्य निभायें। विस्थापित परिवारोंकी उनके मूल स्थानोंपर सुरक्षित वापसी और उनका समग्र पुनर्वास इस समय प्रशासनकी सबसे बड़ी और अनिवार्य प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्हें न केवल पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए, बल्कि उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास भी जगाना होगा कि वे अब अपने घरोंमें पूरी तरहसे सुरक्षित हैं इसके अतिरिक्त प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रोंमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगारके छिने हुए अवसरोंको तत्काल प्रभावसे बहाल करना भी अत्यंत आवश्यक है। जबतक युवाओंके हाथोंमें रोजगार नहीं होगा और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षासे वंचित रहेंगे, तबतक उनके असामाजिक तत्वों द्वारा गुमराह होनेकी आशंका निरन्तर बनी रहेगी। विभिन्न समुदायोंके बीच पनपे गहरे अविश्वासकी दीवारको गिरानेके लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमोंको बढ़ावा दिया जाना चाहिए और ग्राम स्तरपर शांति समितियोंका सक्रिय रूपसे गठन किया जाना चाहिए। अंतत: मणिपुरकी वास्तविक और स्थायी सफलता इसी बातमें निहित है कि वहांका प्रत्येक नागरिक, चाहे वह किसी भी समुदाय, वर्ग या क्षेत्रका हो, बिना किसी भय, तनाव या आशंकाके अपना गरिमापूर्ण जीवनयापन कर सके। त्वरित और निष्पक्ष न्याय, दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शी प्रशासनिक जवाबदेही और अटूट आपसी भाईचारेके माध्यमसे ही इस प्राकृतिक रूपसे खूबसूरत राज्यको पुन: स्थायी शांति और निरन्तर विकासके सुनहरे मार्गपर अग्रसर किया जा सकता है।

आत्मबोध

महाभारतमें अट्ठारहका महत्व

❐ अनुज कुमार आचार्य

भारतीय संस्कृति और सनातन परम्परामें संख्याओंका विशेष महत्व माना गया है। इनमें कुछ संख्याएं केवल गणनाका माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे गहन दार्शनिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संकेत भी देती हैं। महाभारत जैसे विश्वके महानतम महाकाव्यमें बार-बार प्रकट होने वाली संख्या १८ इसी प्रकारका एक रोचक विषय है। महाभारतके अनेक प्रसंगों, संरचनाओं और घटनाओंमें अट्ठारह अंककी उपस्थिति विद्वानों, शोधकर्ताओं और अध्यात्म प्रेमियोंको सदियोंसे आकर्षित करती रही है। महाभारतका सबसे प्रसिद्ध प्रसंग कुरुक्षेत्रका युद्ध है, जो कुल १८ दिनोंतक चला। इस युद्धमें कौरवोंकी ११ अक्षौहिणी और पांडवोंकी सात अक्षौहिणी सेना सम्मिलित थी, अर्थात् कुल १८ अक्षौहिणी सेनाओंने इस महासंग्राममें भाग लिया। यह केवल संयोग नहीं माना जाता कि युद्धकी अवधि और सेनाकी कुल संख्या दोनोंमें अट्ठारह अंक उपस्थित है। युद्ध समाप्त होनेके बाद भी दोनों पक्षोंसे कुल १८ प्रमुख योद्धाओंके जीवित बचनेका उल्लेख मिलता है। कौरव पक्षसे कृपाचार्य, अश्वत्थामा और कृतवर्मा जीवित रहे, जबकि पांडव पक्षमें पांडवों सहित अन्य प्रमुख योद्धा बचे। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाभारतको १८ पर्वोंमें विभाजित किया गया है। आदि पर्व, सभा पर्व, वन पर्व, विराट पर्व, उद्योग पर्व, भीष्म पर्व, द्रोण पर्व, कर्ण पर्व, शल्य पर्व, सौप्तिक पर्व, स्त्री पर्व, शांति पर्व, अनुशासन पर्व, अश्वमेधिक पर्व, आश्रमवासिक पर्व, मौसल पर्व, महाप्रस्थानिक पर्व तथा स्वर्गारोहण पर्व-ये सभी मिलकर इस महान ग्रंथकी संरचना बनाते हैं। इसी प्रकार महाभारतका अमूल्य आध्यात्मिक सार कहे जाने वाले श्रीमद्भगवद्गीताके भी कुल १८ अध्याय हैं, जिनमें मानव जीवन, कर्तव्य, कर्म, ज्ञान, भक्ति और मोक्षका अद्वितीय दर्शन प्रस्तुत किया गया है। महाभारतके युद्धके प्रमुख पात्रों और सूत्रधारोंकी संख्या भी परम्परागत रूपसे १८ मानी जाती है। इनमें धृतराष्ट्र, दुर्योधन, दु:शासन, कर्ण, शकुनि, भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, अश्वत्थामा, कृतवर्मा, युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव, द्रौपदी, विदुर और भगवान श्रीकृष्ण प्रमुख हैं। इसी प्रकार युद्धमें प्रयुक्त विभिन्न सैन्य व्यूहोंकी संख्या भी १८ बतायी जाती है, जिनमें चक्रव्यूह, पद्मव्यूह, वज्रव्यूह, मकरव्यूह, क्रौंचव्यूह, सर्वतोभद्रव्यूह और शकटव्यूह जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। संख्या १८ का महत्व केवल महाभारततक सीमित नहीं है। सनातन साहित्यमें १८ महापुराण और १८ उपपुराणोंका भी उल्लेख मिलता है। यह तथ्य विशेष ध्यान आकर्षित करता है कि महाभारत और पुराण-दोनोंकी रचनाका श्रेय महर्षि वेदव्यासको दिया जाता है। कुछ परम्पराओंमें यह भी माना जाता है कि महाभारतमें लगभग १८ लाख शब्द हैं, यद्यपि विभिन्न संस्करणोंमें यह संख्या भिन्न हो सकती है। महाभारतका मूल नाम 'जय' माना जाता है। संस्कृतकी पारम्परिक अंक-पद्धतियोंमें जय शब्दको भी विशेष महत्व दिया गया है। अनेक विद्वान इसे धर्मकी विजय और जीवनकी पूर्णताका प्रतीक मानते हैं। भारतीय अंक-दर्शनमें १८ का योगफल नौ होता है और नौको पूर्णता, सिद्धि तथा आध्यात्मिक उत्कर्षका अंक माना जाता है।

आधुनिक जीवनशैली और मानसिक तनावसे जीवनको खतरा

❐ डा. प्रीतम भी. गेडाम

हमारे आसपासका वातावरण ही कुछ ऐसा बन गया है कि पिछले कुछ सालोंमें जानलेवा बीमारियोंमें बेतहाशा वृद्धि हुई है। कैंसर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक तो अब रोजमर्राकी बातोंमें सुनने मिलता है, जैसे यह कोई आम बीमारी बन गयी है। आधुनिक जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव बीमारियोंको बूस्टर डोज दे रहा है, जिसके कारण निरोगी और कम उम्रका व्यक्ति भी असमय घातक बीमारियोंका शिकार होकर जान गवा रहा हैं। प्रदूषण, मिलावटखोरी, अशुद्धता, मौसमका बिगड़ता चक्र और जहरीले रसायनोंका प्रयोग वैसे ही हमें मौतके मुहानेपर पहुंचा रहा है, ऊपरसे आधुनिक जीवनशैली और मानसिक तनाव हमें शारीरिक और मानसिक रूपसे कमजोर बना रहा हैं। शरीर और मनको खुश और निरोगी रखे ऐसा वातावरण, चीजें या लोगोंका व्यवहार कम हो रहा हैं। अपनी जिम्मेदारियोंको पूरा करनेमें व्यस्त मनुष्य अपने स्वास्थ्यकी उपेक्षा करता हैं नशाखोरी, भोजनमें पोषक तत्वोंकी कमी, पैक्ड फूड-ड्रिंक, तले मसालेदार, मीठे, नमकीन, मैदायुक्त, वसायुक्त खाद्य पदार्थ, देर राततक जागना या अनिद्रा, सोशल मीडियाकी लत, यांत्रिक संसाधनोंपर निर्भरता, निरन्तर बैठक कार्य करना, व्यायामकी कमी, पर्याप्त मात्रामें शुद्ध आक्सीजन, स्वच्छ जल और पोषक आहार न मिलना, बुरी संगत या बुरी आदतें, दुर्व्यवहार सहना, मनमें डर बैठना या हिम्मतकी कमी, बुरे विचार आना, ऐसी सभी आदतें मनुष्यके सेहतपर बुरा आघात करती है और फिर धीरे-धीरे जानलेवा बीमारियोंकी ओर धकेलती हैं। धूम्रपान, मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, खराब कोलेस्ट्रॉल स्ट्रोकके जोखिमको बढ़ाते हैं। कोई भी घातक बीमारी हमें एक दिनमें नहीं होती, बीमारियां धीमे गतिसे बढ़ने लगती है, लेकिन हम ध्यान देना उचित नहीं समझतें। हमारी जीवनशैली और कार्यशैलीमें बदलाव आवश्यक है और साथ ही प्रकृतिपर होनेवाला हर प्रहार हमारी सेहतपर हो रहा है, यह जागरूकता बेहद जरूरी हैं।

हर साल २९ अक्तूबरको विश्व स्ट्रोक दिवस पूरी दुनियामें जनजागृतिके लिए मनाया जाता हैं। मस्तिष्क संबंधी घातक बीमारी स्ट्रोक तेजीसे बढ़ रही है, जब मस्तिष्कमें रक्तका प्रवाह रुक जाता है तब स्ट्रोक होता हैं। मस्तिष्कमें रक्त वाहिकाके अवरुद्ध होनेके कारण या फिर मस्तिष्कके अंदर रक्तस्रावके कारण यह स्थिति उत्पन्न होती हैं। पहले यह केवल बुजुर्गोंके हिस्सेकी बीमारी मानी जाती थी, परन्तु अब युवाओंमें भी यह बीमारी तेजीसे बढ़ी है, नेशनल स्ट्रोक रजिस्ट्री प्रोग्राम दर्शाता है कि स्ट्रोकके हर सातमेंसे एक मरीज युवा अवस्थामें कामकाजी वर्गका है, अर्थात् भारतमें १४ प्रतिशत मरीज ४५ सालसे कम उम्रके होते हैं। स्लीप मेडिसिन रिव्यूज २०२३ में बताया गया था कि कामकाजी उम्रके १०४ मिलियन भारतीय ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एप्नियासे पीड़ित हैं, जो स्ट्रोकका जोखिम कारक हैं। अमेरिकन स्ट्रोक असोसिएशन अनुसार, स्ट्रोक किसीको भी और किसी भी उम्रमें हो सकता हैं। दुनियाभरमें २५ सालसे ज्यादा उम्रके हर चार वयस्कोंमेंसे एकको अपने जीवनकालमें कभी न कभी स्ट्रोक हो सकता हैं।

साल २०२०-२०२२ दौरान एक रिसर्च किया गया, जिसमे देशके ३० अस्पतालोंके ३४७९२ स्ट्रोक मरीजोंके अध्ययनसे पता कि कुल मरीजोंमें ६४ प्रतिशत पुरुष और ३६.६ प्रतिशत महिलाएं थीं, ७० प्रतिशतसे अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रोंसे थे। ७४.५ प्रतिशतमें उच्च रक्तचाप, २८.५ प्रतिशतमें तंबाकूका सेवन और २७.३ प्रतिशतमें मधुमेह सबसे आम जोखिम कारक था। ३७.८ प्रतिशत मरीज २४ घंटे बाद अस्पताल पहुंचे, केवल २०.१ प्रतिशत मरीज लक्षण शुरू होनेके ४.५ घंटेके भीतर अस्पताल पहुंचे थे। स्ट्रोक आनेके तीन महीने बाद, 27७8 प्रतिशत मरीजोंकी मृत्यु हो चुकी थी, लगभग ३० प्रतिशत मरीज गम्भीर विकलांगताका शिकार हो गये थे एवं १.१ प्रतिशत मरीजोंको दोबारा स्ट्रोक आया। स्ट्रोक होनेपर संतुलन खोना, आंखोंमें बदलाव, चेहरेका एक तरफ झुकना, हाथमें कमजोरी, बोलनेमें कठिनाई जैसी समस्या हो सकती है, इसलिए हर मिनट कीमती मानकर तुरन्त मरीजको अस्पताल पहुंचाये।

विश्व स्वास्थ्य संघटन अनुसार २०२१ में स्ट्रोक दुनियाभरमें मौत और विकलांगताका तीसरा प्रमुख कारण था, जिसके अनुमानित ९३.८ मिलियन मामले सामने आये। २०२१ में स्ट्रोकके ११.९ मिलियन नये मामले दर्ज किये गये। पिछले २० वर्षोंमें जीवनभर स्ट्रोक होनेका जोखिम ५० फीसदीतक बढ़ गया है, श्डसएबिलिटी एडजस्टेड लाइफ इयर्सके रूपमें मापा जाने वाला स्ट्रोकका वैश्विक बोझ, वर्ष २००० के १३७ मिलियनसे बढ़कर २०२१ में १६० मिलियन हो गया है। स्ट्रोकके बोझका अधिकांश हिस्सा दस ऐसे जोखिम कारकोंसे जुड़ा है, जिन्हें बदला या नियंत्रित किया जा सकता है। इनमें शामिल हैं- हाई ब्लड प्रेशर, वायु प्रदूषण, धूम्रपान, हाई कोलेस्ट्रॉल, सोडियमकी अधिक मात्रा वाला आहार, हाई फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज, किडनीकी खराबी, शरीरका अधिक वजन, शारीरिक रूपसे निष्क्रिय रहना और शराबका हानिकारक सेवन यह हैं।

हम किसीको गलत करनेसे तो नहीं रोक सकते, लेकिन हम खुदकी जानको जोखिममें डालनेसे रोक सकते हैं, क्योंकि हमारी जानकी हमें परवाह है, जीवन अनमोल है, यह फिर नहीं मिलेगी, इसलिए जीवनको जीभर जियें। शारीरिक और मानसिक तौरपर शरीर एकदम स्वस्थ बनाये रखें। आधुनिक जीवनशैलीको त्यागें, आधुनिकता विचारोंमें होनी चाहिए, स्वास्थ्य खराब करनेमें नहीं। पोषक आहार, पर्याप्त नींद, रोजाना व्यायाम, धूम्रपान-शराब इत्यादि नशेसे दूरी, तला मीठा नमकीन वसायुक्त खानेसे दूरी, शारीरिक गतिविधियां करें, प्रकृति ही जीवनका आधार है, क्योंकि प्राणवायु, जल, आहार उसीकी देन है, इसलिए उसकी रक्षा करें। बुरी आदत और बुरे विचारों वाले लोगोंसे दूर रहें, प्रसन्न रहें, अच्छे लोगोंकी संगत करें। कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप, मधुमेह नियंत्रित और सामान्य बनाये रखें। ऐसी जीवनशैली हमें बहुत-सी बीमारियोंसे बचाती हैं। स्वास्थ्यवर्धक खानपान, अच्छे संस्कार, संतोषी मन और मानसिक सुकून सुखी जीवनकी कुंजी हैं।

कमजोर मानसून के बीच 11,000 हेक्टेयर में गेहूं की बोआई

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून की कमी के बीच कुछ राज्यों में गेहूं की बुवाई अभी शुरू ही हुई है। अब तक 11,000 हेक्टेयर में गेहूं बोया गया है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह रकबा 27,000 हेक्टेयर था। कृषि मंत्रालय ने 23 अक्टूबर तक के बुवाई संबंधी आंकड़े जारी करते हुए कहा, %%कुछ राज्यों में गेहूं की बुवाई अभी शुरू ही हुई है।%% गेहूं प्रमुख रबी फसल है। इसकी बुवाई आम तौर पर अक्टूबर-नवंबर में होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है। 2025-26 के फसल वर्ष (जुलाई-जून) में 336 लाख हेक्टेयर में गेहूं बोया गया था। मंत्रालय ने पिछले वर्ष 12.07 करोड़ टन के रिकॉर्ड उत्पादन के बाद फसल वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं उत्पादन का लक्ष्य 12.1 करोड़ टन तय किया है। मौसम विभाग के अनुसार, जून-सितंबर के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून में 13 प्रतिशत की कमी रही। कमजोर मानसून के कारण रबी मौसम

रबी फसलों का रकबा घटा

की शुरुआत में मिट्टी में बची नमी कम रहती है और जलाशयों एवं नहरों में पानी का स्तर भी नीचे रहता है। गेहूं की बुवाई के बाद कई बार सिंचाई की जरूरत होती है। इसलिए कम बारिश से बुवाई में देरी हो सकती है, रकबा घट सकता है और पैदावार पर असर पड़ सकता है। पंजाब और राजस्थान पर विशेष रूप से इसका असर पड़ने की आशंका है। इन राज्यों में बारिश क्रमशः 38 प्रतिशत और 22 प्रतिशत कम रही तथा सितंबर के अंत में जलाशयों में पानी का भंडार सामान्य से कम था। दोनों राज्यों में मिलाकर भारत के कुल गेहूं रकबे का करीब 31 प्रतिशत हिस्सा है। ऐसे में इन क्षेत्रों में सिंचाई की कमी का राष्ट्रीय स्तर पर गेहूं की बुवाई पर खासा असर पड़ सकता है।

विशेषज्ञों ने बताया कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बुंदेलखंड और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में वर्षा आधारित तथा कम सिंचाई वाले क्षेत्र भी जोखिम में हैं। इन क्षेत्रों में मानसून से मिट्टी को मिलने वाली नमी की कमी की भरपाई नहरों या भूजल से सिंचाई के जरिए आसानी से नहीं की जा सकती। अन्य फसलों में 23 अक्टूबर तक धान का रकबा घटकर 1.02 लाख हेक्टेयर रह गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2.13 लाख हेक्टेयर था। दलहन का रकबा 4.39 लाख हेक्टेयर से घटकर 3.27 लाख हेक्टेयर रह गया, जबकि तिलहन की बुवाई एक साल पहले के 21.34 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 13.38 लाख हेक्टेयर में हुई। मोटे अनाज का रकबा हालांकि बढ़कर 23,000 हेक्टेयर हो गया, जो एक साल पहले 13,000 हेक्टेयर था। आंकड़ों के अनुसार, 23 अक्टूबर तक कुल 18.02 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बुवाई हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह रकबा 28.26 लाख हेक्टेयर था।

टाटा मोटर्स की इवेको अधिग्रहण पेशकश को 80 प्रतिशत की अहम सीमा से अधिक स्वीकृति


नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स की इतालवी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी इवेको ग्रुप के अधिग्रहण के लिए पेशकश एक अहम पड़ाव पार कर गई है। अस्थायी नतीजों के अनुसार, कंपनी के पास मौजूद शेयर को छोड़कर पेशकशकर्ता के पास कंपनी की 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जो संशोधित 80 प्रतिशत की न्यूनतम सीमा से अधिक है। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, 26 अक्टूबर को समाप्त हुई पेशकश अवधि के दौरान इवेको ग्रुप के 23.816 करोड़ साधारण शेयर की पेशकश की गई, जो इवेको की कुल साधारण शेयर पूंजी का करीब 87.81 प्रतिशत हैं। यह अधिग्रहण 2008 में फोर्ड से जगुआर लैंड रोवर को खरीदने के बाद टाटा मोटर्स का सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। टाटा मोटर्स ने शुरुआत में इवेको के लिए प्रति शेयर 14.10 यूरो की पेशकश की थी। बाद में नौ अक्टूबर को उसने कीमत 0.30 यूरो बढ़ाकर प्रति शेयर 14.40 यूरो कर दी, जिसमें लाभांश भी शामिल है। टाटा मोटर्स ने 2025 में टीएमएल सीवी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिये इवेको का अधिग्रहण करने की योजना की घोषणा की थी। इस सौदे में इवेको का रक्षा कारोबार शामिल नहीं है और इसका मूल्य लगभग 3.8 अरब यूरो (करीब 38,240 करोड़ रुपए) है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग बढने से दलहनों में मसूर, अरहर व चने के भाव 50/175 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। मोटे अनाजों में बिकवाली कमजोर होने से मक्की व बाजरा की कीमतों में 100/150 रुपये की तेजी रही। ग्राहकी निकलने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। त्योहारी मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से गुड़ व शक्कर के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल तथा चीनी के भाव 100/350 रुपये प्रति क्विंटल उछल गए। खाद्य तेलों में ग्राहकी कमजोर होने से बिनौला व सोया तेल के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। किराना जिंसों में मांग कमजोर होने से ईसबगोल भूसी व बड़ी इलायची के भाव 5/30 रुपये प्रति किलो घट गए। उठाव न होने से धनिया में 100 रुपये की गिरावट रही। जबकि मेवों में मांग बढने से बादाम गिरी के भाव 10 रुपये प्रति किलो तथा छुहारा के भाव 2000/4000 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए।

अनाज-दाल

ग्राहकी निकलने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल 1509 के भाव 100 रुपये बढकर सेला 8300/8400 रुपये तथा स्टीम 8600/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। हाजिर में माल की कमी तथा मांग बढने से ज्वार के भाव 100 रुपये बढकर पीली 3300/3500 रुपये तथा सफेद 4200/4400 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। मोटे अनाजों में कैटलफीड निर्माताओं की मांग बढने से बाजरा 75 रुपये बढकर 2650/2675 रुपये तथा मक्की के भाव 150 रुपये बढकर 2800/2975 रुपये प्रति क्विंटल



हो गए। दाल मिलों की मांग बढने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से अरहर रंगून 50 रुपये बढकर 9900/9910 रुपये तथा कनाडा की मसूर के भाव 6000/6025 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से राजस्थानी चना 150 रुपये बढकर 7650/7675 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। चने में आई तेजी के कारण मिलों की बिकवाली कमजोर होने से चना दाल 150 रुपये बढकर 8650/8950 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

तेल-तिलहन

तेल मिलों की मांग बढने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों के भाव 50 रुपये बढकर 9100/9150 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। सरसों तेल भी आपूर्ति कमजोर होने से 50 रुपये बढकर 18000 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि रिफाइंड वालों की मांग कमजोर होने तथा आवक बढने से बिनौला तेल 150 रुपये घटकर 14750 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। राइसब्रान ऑयल भी मांग के अभाव में 100 रुपये मुलायम होकर 12550 रुपये पर आ गया। विदेशों में सीपीओ के भाव 1235 डॉलर प्रति टन रह जाने तथा वनस्पति घी निर्माताओं की मांग कमजोर होने से कांदला में सीपीओ के भाव 50 रुपये घटकर 11800 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। जबकि अखाद्य तेलों में औद्योगिक मांग निकलने से मजबूती का रुख रहा।

गुड़-चीनी

त्योहारी मांग निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण बिकवाली कमजोर होने से चीनी 100/350 रुपये बढक़र मिल डिलीवरी 5400/6000 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 6000/6200 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक का दबाव न होने तथा मांग बढने से गुड़ के भाव 100/200 रुपये बढकर 5200/5600 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से शक्कर के भाव 100 रुपये तेज होकर 6000/6100 रुपये तथा खांडसारी के भाव 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

किराना-मेवे

ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से बड़ी इलायची 10/30 रुपये घटकर 1640/1650 रुपये प्रति किलो रह गई। मगजतरबूज भी मांग सुस्त होने से 5 रुपये मुलायम होकर 630/640 रुपये पर आ गया। स्टाकिस्टों की बिकवाली आने से धनिया भी 100 रुपये मुलायम होकर बादामी 17500/17700 रुपये तथा ग्रीन मालों के भाव 18700/20800 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि मेवों में आयातकों की बिकवाली कमजोर होने तथा त्योहारी मांग निकलने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया 10 रुपये बढकर 1060/1140 रुपये प्रति किलो हो गई। छुहारा भी बिकवाली कमजोर होने से 2000/4000 रुपये बढकर लाल 16000/26000 रुपये तथा रंगकाट के भाव 20000/28000 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। अन्य मेवों में भी छिटपुट मांग बनी रहने से स्थिरता रही।

सर्राफा

वैश्विक बाजारों के मंदे समाचार आने से सर्राफा बाजार में दोनों बहुमूल्य धातुओं में मंदे का रुख जारी रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग कमजोर होने से सोना 5 डॉलर घटकर 4005 डॉलर प्रति ओंस रह जाने के कारण 100 रुपये मुलायम होकर किलोबार 145200 रुपये तथा स्टैंडर्ड 145900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। उठाव न होने से 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव 109000 रुपये पर सुस्त रहे। विदेशों में चांदी के भाव 5410 से घटकर 5290 सेंट प्रति ओंस रह जाने से चांदी हाजिर 4000 रुपये घटकर 198000 रुपये प्रति किलो रह गई। स्टोरिया लिवाली के अभाव में चांदी वायदा भी 195500 से घटकर 192000 रुपये प्रति किलो पर आ गया।

नई खबर...

एआई+ स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडल्स 15 नवंबर से होंगे महँगे

मुंबई- एआई+ स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, 2026 से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है। एआई+ स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, ताकि फोन की कीमतों को किफायती बनाए रखने के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी दिया जा सके। कीमतों में 3,000 रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में, ग्राहक 14 नवंबर तक अपने पसंदीदा एआई+ स्मार्टफोन मौजूदा कीमतों पर खरीद सकते हैं।नई कीमतों के तहत एआई+ पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स 1,000 से 3,000 रुपए तक महँगे होंगे। वहीं, एआई+ नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा और यह 49,999 रुपए में उपलब्ध रहेगा। इंडस्ट्री में लागत से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, एआई+ स्मार्टफोन भारतीय ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी आगे भी कंपोनेंट की लागत और बाजार के बदलते हालात पर नजर रखेगी। साथ ही, ग्राहकों को किफायती तकनीक, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और लंबे समय तक बेहतर वैल्यू देने पर अपना ध्यान बनाए रखेगी।

उत्तर प्रदेश ने अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान प्रीमियम अपग्रेड और किफायती शॉपिंग को अपनाया

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 में उत्तर प्रदेश के ग्राहकों और विक्रेताओं की जोरदार भागीदारी देखने को मिली है, जहां स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, रोजमर्रा की जरूरतों, ग्रॉसरी और बड़े घरेलू उपकरणों की मांग में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य के ग्राहक इस त्योहारी सीजन में प्रीमियम अपग्रेड और किफायती खरीदारी दोनों को अपना रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सामान्य कारोबारी दिनों की तुलना में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ने लगभग 6 गुना वृद्धि दर्ज की, जिसमें लैपटॉप, मॉनिटर, टैबलेट, गेमिंग कंसोल और हेडफोन की मांग शामिल रही। बड़े घरेलू उपकरणों-जैसे रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर—ने सामान्य कारोबारी दिनों के मुकाबले वाराणसी में 14 गुना, आगरा और इलाहाबाद में 13 गुना, कानपुर में 11 गुना, मेरठ में 10 गुना और लखनऊ में 9 गुना की वृद्धि दर्ज की। रनिंग शूज में जोरदार मांग देखी गई, जो सामान्य कारोबारी दिनों की तुलना में आगरा, मेरठ और वाराणसी में 6 गुना बढ़ी। अमेज़न बाज़ार पर किफायती खरीदारी सामान्य कारोबारी दिनों के मुकाबले इलाहाबाद और मेरठ में 5 गुना तथा आगरा में 4 गुना बढ़ी। ग्राहक इस त्योहारी सीजन में जारी रहने वाले अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के शानदार ऑफर्स और डील्स का लाभ उठाना जारी रख सकते हैं।

मेगाशाप के नये स्टोर

मेगाशॉप ने आशापुर, वाराणसी में अपने नए स्टोर का भव्य शुभारंभ किया है। यह नया स्टोर आशापुर चौराहा, सारनाथ, वाराणसी में है। यह स्टोर ग्राहकों को आधुनिक और बेहतर शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है। इस खास अवसर पर मेगाशॉप के सीएमडी श्री हेमंत अग्रवाल ने कहा, आशापुर में अपना नया स्टोर शुरू करना हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि शहर के ग्राहकों को किफायती कीमतों पर लेटेस्ट फैशन और ट्रेंडी कलेक्शन के साथ एक यादगार शॉपिंग अनुभव प्रदान करें।

रुपया शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर 95.22 प्रति डालर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, भू-राजनीतिक अनिश्चितता तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले डॉलर के मजबूत होने के कारण घरेलू मुद्रा में उतार-चढ़ाव रहा। भारतीय मुद्रा में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से कुछ सुधार दिखा, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव को यह झेल नहीं सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.17 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद नुकसान कम करते हुए 95.11 प्रति डॉलर तक पहुंचा। हालांकि, जल्द ही फिर टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर कारोबार करने लगा जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है। सोमवार को रुपया लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ 22 पैसे टूटकर 95.15 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में पिछले तीन कारोबारी सत्रों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77 पैसे की गिरावट आई है।

उत्तर मध्य रेलवे

सं. 74-E/Tender/DEN/V/9320262027 दिनांक : 24.10.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र.सं.	निविदा नं.	अनुमानित मूल्य (रू)	बयाने की रकम (रू)
1	195	2,92,60,662.24	5,85,200.00
कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल अभियंता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अंतर्गत सी.एन.बी.एन. (न्यू कानपुर) में रनिंग रूम के सुसज्जीकरण का कार्य।			
2	196	3,93,00,427.27	7,86,000.00
कार्यों का विवरण : (क) मण्डल इंजीनियर/पंचम/प्रयागराज के अंतर्गत कानपुर-रूरा सेक्शन में पी.क्यू.आर.एस और मैनुअली थ्रू स्लीपर रीनिवल (प्राईमरी) का कार्य। (ख) मण्डल इंजीनियर/पंचम/प्रयागराज के अंतर्गत कानपुर-रूरा सेक्शन में थ्रू फिटिंग रीनिवल और अन्य सहायक का कार्य।			
3	197	13,37,32,000.00	26,74,600.00
कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल अभियंता/लाइन/कानपुर के अन्तर्गत रेलवे स्पेसिफिकेशन आई.आर.एस-जी.ई.-आई जून-2016 के अनुसार जी.एम.सी. डिपो में मशीन द्वारा तोड़ी गई 65 एम.एम. गेज की 1,00,000.00 घनमीटर ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, चट्टा लगाना एवं रेलवे वैगनों/हापरों तथा के.सी वैगनों में लदान कराने का कार्य।			
4	198	22,58,42,076.02	45,16,900.00
कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल अभियंता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत रेलवे लोको रनिंग स्टॉफ के लिए एम.डी.डी.टी.आई./कानपुर में 400 बेड की क्षमता वाला हॉस्टल के निर्माण का कार्य।			

कार्य समापन की अवधिः क्र.सं. 1 से 4 के लिए- 12 माह, **निविदा खुलने की तिथिः क्र.सं. 1 से 4 के लिए-** 18.11.2026, **इलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : क्र.सं. 1 के लिए- (अ)** भवन कार्य घटक के लिए : घटक का मान = **2,35,91,842.09** समान कार्य की परिभाषा- भवन निर्माण। **(ब)** इलेक्ट्रिकल घटक के लिए : घटक का मान = **56,68,820.15** समान कार्य की परिभाषा- एचटी/एलटी इंस्टॉलेशन (हाई टेंशन/लो टेंशन) से जुड़े किसी भी इलेक्ट्रिकल काम का संतोषजनक निष्पादन। **क्र.सं. 2 के लिए-** कोई पी.वे. का कार्य। **क्र.सं.3. के लिए-** सप्लाई ऑफ मशीन क्रस्ड स्टोन बैलास्ट/मशीन क्रस्ड कोर्स स्टोन एग्रीगेट्स एवं **क्र.सं.4 के लिए-** ग्राउंड फ्लोर + 2 मंजिल या उससे अधिक की आर.सी.सी. फ्रेम्ड स्ट्रक्चर बिल्डिंग का निर्माण, आमतौर पर इसमें एच.वी.ए.सी. सिस्टम, फायर-फायटिंग सेवाएं, प्लंबिंग सेवाएं, इलेक्ट्रिकल वर्क्स शामिल होते हैं।

नोटः 1. ऑनलाइन निविदा दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 18.11.2026 तक उपलब्ध है। **2444/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

File No.NCR-PRYJ0COMM(CV)/31/2026-O/o SR DCM/PRYJ/NCR

कैटरिंगः **ई-नीलामी के लिए सूचना**

Details of publicity	E-Auction catalogue No.	E-Auction Start Date & Time
05 वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेटः कानपुर सेंट्रल (01 स्थान), प्रयागराज (02 स्थान), अलीगढ़ (01 स्थान)	PRYJ-PBCO-26-01	02.11.2026 at 11:00 hrs
विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 02 वर्षों की अवधि के लिए इनोवेटिव कैटरिंग यूनिटः अलीगढ़ (01 स्थान), कानपुर सेंट्रल (02 स्थान), प्रयागराज छिवकी (01 स्थान), प्रयागराज (02 स्थान)	MSS-INNO-PRYJ-02	06.11.2026 at 11:00 hrs
विभिन्न स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए मल्टी-पर्पस यूनिटः अलीगढ़ (01 स्थान), विंध्याचल (01 स्थान), हाथरस (01 स्थान), फतेहपुर (01 स्थान), मानिकपुर (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान), फतेहपुर (02 स्थान)	PRYJ-MPS-26-15	09.11.2026 at 11:00 hrs
05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर खानपान इकाइयाँ: हाथरस (01 स्थान), इरादतगंज (02 स्थान), सोनभद्र (01 स्थान), दादरी (01 स्थान), नैनी (02 स्थान), पनकीधाम (01 स्थान), एटा (01 स्थान), नारायणपुर बाजार (02 स्थान), खागा (02 स्थान), भरथना (01 स्थान), भरवारी (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान), सूबेदारगंज (01 स्थान), सिराथू (01 स्थान)	PRYJ-CATG-26-29	09.11.2026 at 11:00 hrs
05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर खानपान इकाइयाँ: दादरी (01 स्थान), चोला (01 स्थान), सोनभद्र (02 स्थान), चुनार (01 स्थान), सिराथू (04 स्थान), मैनपुरी (02 स्थान), खुर्जा (02 स्थान), भरवारी (01 स्थान), खागा (03 स्थान), फफूंद (01 स्थान)	PRYJ-CATG-26-30	10.11.2026 at 11:00 hrs

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **1.** बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण **www.cca.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। **2.** बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। **3.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु.10,000.00/-और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। **4.** इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को **http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp** पर जाने की सलाह दी जाती है। **5.** अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी): नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10%, सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **6.** रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **7.** रेल प्रशासन इन गाडियों के जारी रहने बंद होने या नई गाडी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यह मद एस एल आर/बी पी को पटटे पर देने से सम्बंधित है) **8.** सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रशासन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। **2443/26 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांकः-5044/183काम-वा0वृत्त/2026-27 दिनांकः 17.10.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अभि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
प्रदेश के प्रमुख/अ0जि0मार्गों के उच्चीकरण योजना-(विधान सभा-सैयदराजा)										
1	चन्दौली	सैयदराजा सोगाई सुबन्धा भुजना (चैनेज 0.000 से 2.720) मार्ग का (अ0जि0मा0) (लम्बाई-2.72 किमी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	250.00	14.50	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 30.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 07.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 07.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 07.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:- 259543 ,दिनांकः- 26.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,प्रखण्ड-सोनभद्र

पता:-पं0दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय के सामने उरमौरा, सोनभद्र

पत्रांक-945 / ग्रा0अ0वि0 / नि0पत्रा / पत्रावली सं0-05 / अनु0सहायक / 2026-27 / दिनांक- 21.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (प्रथम काल)

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- सोनभद्र के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जी0एस0टी0, लेबर सेस आदि का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

1. जिला खनिज फाउण्डेशन, न्यास सोनभद्र।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (जी0एस0टी0 सहित)	बिड सिक्युरिटी (ई0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित
1	2	3	4	5	6	7
1	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल रामपुर सोनभद्र में 290 मी0 गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	36.00	0.72	2354.00	3 Month
2	सोनभद्र	ग्राम पंचायत गोठानी में स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज गोठानी का 300 मी0 गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	37.94	0.76	2354.00	3 Month
3	सोनभद्र	राजकीय हाइस्कूल पाटी सोनभद्र में 300 मी0 गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	36.00	0.72	2354.00	3 Month
4	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल मचबन्धवा, सोनभद्र में 300 मी0 गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	37.94	0.76	2354.00	3 Month
5	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल कतछ सोनभद्र में 290 मी0 गेटमय बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	37.05	0.74	2354.00	3 Month
6	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 सालेनाग मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
7	सोनभद्र	विकास खण्ड बभनी के प्रा0वि0 लारी मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
8	सोनभद्र	विकास खण्ड बभनी के प्रा0वि0 चैनपुर मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
9	सोनभद्र	विकास खण्ड बभनी के प्रा0वि0 जुर्रा मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
10	सोनभद्र	विकास खण्ड कोन के क0वि0 सेरवाडीह मे नवीन भवन का नि र्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
11	सोनभद्र	विकास खण्ड म्योरपुर के प्रा0वि0 पीपरहर मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
12	सोनभद्र	विकास खण्ड-नगवा के उ0प्रा0वि0 नौडिहा मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
13	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन के प्राथमिक विद्यालय चकरिया मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
14	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के प्रा0वि0 आरगपानी-2 मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
15	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के क0वि0 पड़रवा मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
16	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के क0वि0 रनटोला मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
17	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के प्रा0वि0 फरीपान मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
18	सोनभद्र	विकास खण्ड-म्योरपुर के प्रा0वि0 पिपरहर मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
19	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के कम्पो0वि0 गोरडीहा (प्राथमिक भवन) मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
20	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के प्रा0वि0 बहेरी मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
21	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के प्रा0वि0 गेटवाही पाठक मे नवीन भवन का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
22	सोनभद्र	विकास खण्ड-चोपन के क0वि0 टेढ़ीतेन्दु (बिरपुर) मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
23	सोनभद्र	विकास खण्ड-चोपन के उ0प्रा0वि0 मकरईडीह मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
24	सोनभद्र	विकास खण्ड-दुद्धी के उ0प्रा0वि0 कुसरडीहा मध्य मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
25	सोनभद्र	विकास खण्ड-दुद्धी के उ0प्रा0वि0 बघाडू मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
26	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के उ0प्रा0वि0 सलखन मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
27	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के क0वि0 इकटिरी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
28	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के क0वि0 बरवाटोला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
29	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के उ0प्रा0वि0 पोखरा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
30	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के क0वि0 नरोईयासागर मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
31	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के उ0प्रा0वि0 सोनपिरी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
32	सोनभद्र	विकास खण्ड-कस्मा के प्रा0वि0 गड़ईग्राड मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
33	सोनभद्र	विकास खण्ड-कस्मा के क0वि0 सोता मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
34	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के उ0प्रा0वि0 कचाल मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
35	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्राथमिक वि0 नरह मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य। लम्बाई 10 मीटर।	18.73	0.37	854.00	3 Month
36	सोनभद्र	विकास खण्ड-घोरावल के प्राथमिक विद्यालय बेलखुरी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य लम्बाई। 170 मी0।	36.23	0.72		3 Month
37	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 कंडाल मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
38	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्राथमिक वि0 कोन मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
39	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्राथमिक वि0 बूढ़ीखाड मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य। लम्बाई 20 मी0।	19.89	0.40	854.00	3 Month
40	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 कोलकड़वा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
41	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के उ0प्रा0वि0 नरहटी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
42	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के उ0प्रा0वि0 डोंगा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य। लम्बाई 30 मी0	24.63	0.49		3 Month
43	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 छुहियामाटी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
44	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 डाढ़ीयाडी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
45	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 घघिया मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
46	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 बसुहारी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
47	सोनभद्र	विकास खण्ड-कोन के प्रा0वि0 चाची खुर्द मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
48	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के उ0प्रा0वि0 लाढ़ी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
49	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के उ0प्रा0वि0 अखाड़ा मोहाल मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
50	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के उ0प्रा0वि0 लसड़ा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
51	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के प्रा0वि0 जोगार मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
52	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के प्रा0वि0 सफरीपुर मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
53	सोनभद्र	विकास खण्ड-रा0गंज के प्रा0वि0 लक्ष्मणधारपाला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
54	सोनभद्र	विकास खण्ड-दुद्धी के क0वि0 बेलहाकरम मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
55	सोनभद्र	विकास खण्ड-दुद्धी के क0वि0 अमवार कालोनी मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
56	सोनभद्र	विकास खण्ड-नगवा के प्रा0वि0 मझुइ मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
57	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 दरनखाड मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
58	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के कम्पो0वि0 खैराडीह मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
59	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के उ0प्रा0वि0 असनहर मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
60	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 महुआरी टोला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
61	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 महलपुर मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य। लम्बाई 100 मी0।	29.50	0.59	2354.00	3 Month
62	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 पोखरा उत्तर टोला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का निर्माण कार्य। लम्बाई 60 मी0।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
63	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के उ0प्रा0वि0 डूमा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
64	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 कडक टोला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
65	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के उ0प्रा0वि0 अरझट मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
66	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 मगरमाड़ मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
67	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 जिगनहवा (पूरब टोला) मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
68	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के कम्पो0वि0 रम्पाकुरर मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
69	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के कम्पो0वि0 मचबन्धवा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का नि र्माण कार्य। लम्बाई 50 मी0।	27.78	0.56	2354.00	3 Month
70	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 रन्दह खाटोला एवं प्रा0वि0 रन्दह मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
71	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के कम्पो0वि0 रन्दह एवं प्रा0वि0 रन्दह मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का नि र्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month
72	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 कोरहपट्टी टोला मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	17.50	0.35	854.00	3 Month
73	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के प्रा0वि0 तिरकट्टा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चार दीवारी का नि र्माण कार्य लम्बाई 50 मी0।	38.07	0.76	2354.00	3 Month
74	सोनभद्र	विकास खण्ड-बभनी के उ0प्रा0वि0 गोहड़ा एवं प्रा0वि0 गोहड़ा मे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य।	35.00	0.70	2354.00	3 Month

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:-29.10.2026 से 15.11.2026 को 12.00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय:-15.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-15.11.2026 को दोपहर 2.00 बजे।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सोनभद्र में सम्पर्क करें।

(नूर आलम)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-सोनभद्र।

उ.प्र.-259473
दिनांक-26.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

समय-सीमा के भीतर त्रुटिरहित जनगणना पूरा कराने का दिया गया प्रशिक्षण

चंदौली। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की मंशा के अनुरूप 'भारत की जनगणना-2027' के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना-पिई) को त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जिले भर में प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में, मंगलवार को जनपद की सभी तहसीलों में प्रगणकों और सुपरवाइजरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी उपजिलाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मियों को डेटा संकलन की सटीक विधियों,तकनीकी बारीकियों और कार्य को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने के व्यावहारिक गुर सिखाए गए। जिले की सभी तहसीलों में अधिकारियों की टीमों ने मौके पर मौजूद रहकर प्रशिक्षण सत्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया। प्रगणकों और सुपरवाइजरों को डिजिटल व पारंपरिक डेटा कलेक्शन की त्रुटिरहित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनगणना से जुड़ा हर एक कार्य शत-प्रतिशत सटीकता के साथ निर्धारित समयावधि के भीतर ही पूरा किया जाना चाहिए।

डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर,भाई-बहन घायल

बबुरी। डवक चौकी क्षेत्र के लाल चौक पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार दो बच्चे घायल हो गए। घायल दोनों बच्चे सगे भाई-बहन हैं, जो स्कूल की छुट्टी के बाद अपने मामा के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बच्चों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार डवक गांव निवासी संजय मौर्य के पुत्र रुद्र मौर्य 10 और पुत्री भाग्यश्री 8 लाल चौक स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ते हैं। मंगलवार दोपहर विद्यालय की छुट्टी होने के बाद दोनों अपने मामा के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान लाल चौक के पास सामने से रॉन्ग साइड में आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बच्चे सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डीसीएम गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थी, जिसके कारण दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि डीसीएम नगर पालिका मुगलसराय की थी। घटना की जानकारी मिलने पर डवक चौकी प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया।



जनगणना-२०२७ के मद्देनजर आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित लोग। छाया: आज

मिट्टी का टीला ढहने से दो महिलाएं दबी, एक की मौत

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ स्थित निषाद बस्ती की दो महिलाएं 54 वर्षीय तेतरा देवी और 36 वर्षीय लक्ष्मीना देवी मंगलवार को घर की साफ सफाई के लिए पास में ही मिट्टी की खुदाई कर रही थी । इसी दौरान अचानक मिट्टी का टीला ढल गया । जिसमें दोनों महिलाएं दब गई । महिलाओं की चीख पुकार सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मिट्टी का मलवा हटाकर महिलाओं को बाहर निकालकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों महिलाओं को स्थानीय चिकित्सकों के पास ले गए । तत्काल उसे चन्दौली जिला चिकित्सालय ले गए । जहां तेतरा देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । वहीं गम्भीर रूप से घायल लक्ष्मीना देवी को ईलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बलुआ के निषाद बस्ती की तेतरा देवी पत्नी छोटन निषाद और लक्ष्मीना पत्नी स्व.भोनू निषाद घर की साफ सफाई के लिए घर के पास ही गंगा किनारे जमीन में मिट्टी की खुदाई कर रही थी कि अचानक मिट्टी का टीला ढह गया और दोनों महिलाएं दब गई । आस पास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओ को मिट्टी हटाकर बाहर निकाला और स्थानीय चिकित्सकों के पास ले गए। स्थानीय डाक्टर जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दिया । परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने तेतरा देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल लक्ष्मीना देवी के एक पैर की हड्डी फैक्चर हो गई और कमर में गंभीर चोट आई जिनको इलाज के लिए डॉक्टरों ने बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर भेज दिया। वहीं गम्भीर रूप से घायल दूसरी महिला लक्ष्मीना देवी के पति भोनू निषाद की 8 माह पहले मृत्यु हो गई है । लक्ष्मीना देवी के पास तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं । पूरी तरह बेसहारा महिला है। घटना की सूचना पर बलुआ थाना इंस्पेक्टर संतोष सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल सतीश सिंह भी पहुंचे लेकिन परिजनों के द्वारा तेतरा देवी का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया गया।

शहीद स्मारक परिसर में शो पीस बना पोल, महीनों से राष्ट्रीय ध्वज गायब

धानापुर। थाना परिसर के बगल में स्थित स्मारक परिसर में धानापुर के वीर अमर शहीदो के सम्मान में आन बान शान के साथ फहरने वाला विशाल काय राष्ट्रीय ध्वज विगत काफी दिनों से गायब है जिससे लोहे का पोल शो पीस बनकर खड़ा है। बताया जाता है किधानापुर की शहीदी धरती के वीर सपूतो ने देश की आजादी में अपने प्राण न्योवछावर करने वाले अमर शहीदो के सम्मान में व स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बना शहीद स्मारक परिसर में विगत वर्षो पूर्व में लगा विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज विगत चार माह पूर्व तेज आंधी तूफान के दौरान क्षतिग्रस्त हालत में काफी दिनों तक पोल फहर रहा था। जिसे देख स्थानीय मिडिया द्वारा ध्यानाकर्षण के पश्चात कमेटी द्वारा उक्त क्षतिग्रस्त पुरानेहो चुके ध्वज को बदलने के लिए पोल से उतार दिया गया था । मगर उसके बाद काफी समय बीत जाने के बाद भी आज तक नया ध्वज नहीं लगाया गया बिना ध्वज के ही पोल शो पीस बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक सैयदराजा द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के आयोजन में शामिल होने के लिए इसी मार्ग से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई मंत्री व दर्जनो नेता गये लेकिन किसी निगाह राष्ट्रीय ध्वज पर नहीं गयी। उधर शहीद स्मारक परिसर के देखरेख हेतु बनी कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है जिससे क्षेत्रीय जनता में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हो रही है।



परिजनों को तहसीलदार ने हर संभव सहयोग का दिया भरोसा

सकलडीहा। भोजापुर स्थित बीते शुक्रवार को निर्माणाधीन पुलिस लाइन के सातवीं मंजिल से गिरकर 34 वर्षीय मजदूर अशोक राजभर की मौत होगई थी। घटना को लेकर सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव सहित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। पांच दिन बीतने के बाद भी परिजनों को अन्य मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोश है। मंगलवार को तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह भोजापुर स्थित मृतक मजदूर के घर पहुंचकर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। भोजापुर के रामजीत राजभर के 34 वर्षीय बेटा अशोक राजभर निर्माणधीन पुलिस लाइन के सातवीं मंजिल से गिर जाने से मौत होगई। आरोप है कि कार्यदायी संस्था की ओर से सेफ्टी की कोई उचित प्रबंध नहीं होने से घटना घटी। मजदूर की मौत के बाद सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव व सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर समर्थकों व ग्रामीणों के साथ धरना पर बैठ गये। काफी देर बाद परिजनों को कार्यदायी संस्था की ओर से दो लाख नगद और तीन लाख का चेक दिया गया।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत निकली रैली

मुगलसराय। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अवसर पर डीडीयू मंडल मुख्यालय पर मंडल के अंतर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विभिन्न ग्रुपों के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक गई और वहां से वापस मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम (सत्यनिष्ठा से समृद्धि) के अनुरूप रेलकर्मियों एवं यात्रियों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान यात्रियों को निर्धारित किराए से अधिक राशि न देने और किसी भी प्रकार की अवैध मांग का विरोध करने के लिए जागरूक किया गया। रेल यात्रा के दौरान अनुचित रूप से अतिरिक्त राशि मांगे जाने अथवा भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी अनियमितता की स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। रैली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विभिन्न ग्रुपों के स्काउट्स एवं गाइड्स सहित संबंधित रेलकर्मी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

करवा चौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

चकिया। करवा चौथ पर्व को देखते हुए नगर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। त्योहार को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं करवा चौथ की तैयारियों के लिए बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रही हैं। बाजारों में साड़ी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, सौंदर्य प्रसाधन और पूजा सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही है। सुहागिन महिलाएं अपने श्रृंगार और पूजन से जुड़ी सामग्री की खरीदारी में जुटी हैं। दुकानदारों के अनुसार, पर्व नजदीक आने के साथ ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ रही है। करवा चौथ को लेकर नगर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है।

रामलीला में नगर दर्शन, फुलवारी प्रसंग का मनोहारी मंचन

सैयदराजा । आदर्श नगर पंचायत सैयदराजा के चतुर्थ दिवस स्थित शिवानगर की रामलीला में सोमवार को नगर दर्शन और फुलवारी लीला का मंचन किया गया। अहिल्या उद्धार के बाद राजा जनक से सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलने पर गुरु विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण जनकपुर पहुंचते हैं, जहां राजा जनक उनका भव्य स्वागत करते हैं। गुरु की आज्ञा लेकर दोनों भाई नगर दर्शन को निकलते हैं। श्रीराम-लक्ष्मण के अनुपम रूप को देख मिथिलावासी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। विनोद तिवारी, जय श्री काशी विश्वनाथ रामलीला मंडल लोहता (काशी) द्वारा मीना बाजार प्रसंग का सुंदर मंचन किया गया, जिसे देख दर्शकों को परम आनंद आया।अगले दृश्य में फुलवारी लीला का मंचन हुआ, जिसमें सीता जी अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन के लिए पुष्प वाटिका जाती हैं। वहां लताओं की ओट से सीता जी राम को और राम सीता जी को देखकर सुध-बुध खो बैठते हैं। सीता जी मन ही मन मां गौरी से राम को वर के रूप में पाने का वरदान मांगती हैं। इस दौरान रामचरितमानस की चौपाइयां, भजन और सुंदर नृत्य-संगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रविंद्र जायसवाल, पूर्व चेयरमैन मदन कुशवाहा, संतोष जायसवाल, मंगला सिंह, पन्नालाल केशरी, सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल प्रबंधक सुशील कुमार शर्मा, वीरेंद्र सिंह भोले, मोहन मद्धेशिया, अंकित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी उपस्थित रहे।

कस्बा से चलने वाली रोडवेज बस केवल दिखावा

कमालपुर। स्थानीय कस्बा से चल रही रोडवेज बस क्षेत्रीय जनता एवं कस्बा के लिए एक दिखावा कहें या शोपीस है। विधायक सैयदराजा ने कस्बा के बस स्टैंड पर रोडवेज बस का पूजन कर हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व उपस्थित जनता को भरोसा दिलाए कि प्रात: 6:30 बजे अवही से चलकर कमालपुर बस स्टैंड पर 7:15 बजे पहुंचेगी। कमालपुर से 7:30 बजे चलकर मुगलसराय जंक्शन होकर वाराणसी जाएगी। बस दिन भर चलती रहेगी। विधायक का दिशा निर्देश सरकारी रोडवेज विभाग के लिए हवा हवाई साबित हुई। वर्तमान समय में कमालपुर कस्बा से प्रात 5:30 बजे सकलडीहा के रास्ते चहनिया वाया बलुआ होकर वाराणसी तक जा रही है शाम पुन: उसी रास्ते से वापस लौट आती है। तीस साल जिला बने हो गए पर आज तक कस्बा से जिला मुख्यालय जाने के लिए कोई रोडवेज बस नहीं चलाई गई। छोटे-छोटे साधन मनमाने ढंग से चलने से कोर्ट कचहरी तथा जिला मुख्यालय पहुंचने वालों की दुर्दशा हो जा रही है।

पशु आरोग्य मेला का आयोजन

सकलडीहा। पशु पालन विभाग चंदौली के राजकीय पशु चिकित्सालय सकलडीहा द्वारा ग्राम महेसुआ नई बाजार में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले के तहत एक विशेष पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में क्षेत्र के पशु पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार, शिविर के दौरान कुल 908 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। बड़े पशु और छोटे पशुओं का उपचार कर कृमि नाशक दवाएं भी दी गई । नर पशुओं में बधियाकरण के साथ साथ नस्ल सुधार के उद्देश्य से 3 मादा गोवंश में कृत्रिम गर्भाधान किया गया। कार्यक्रम में मोबाइल यूनिट के प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ सक्रिय भूमिका अपनाई और अपनी सेवाएँ दी। शिविर के 40 पशुओं में लघु शल्य चिकित्सा की गई । कार्यक्रम का आयोजन उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सकलडीहा डॉ शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पशुपालन विभाग की केंद्र पोषित योजना एवं राज्य पोषित योजना के बारे में विस्तार से बताया। किसान क्रेडिट कार्ड पशु पालन घटक एवं राष्ट्रीय पशु धन बीमा योजना एवं गौ संरक्षण एवं नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। पशुधन प्रसार अधिकारी दिघवट दीपक मिश्रा द्वारा सफल प्रचार प्रसार एवं मार्गदर्शन में कैंप का आयोजन हुआ ।



मुख्य सड़क के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

चंदौली। नियामताबाद ब्लॉक की बरहुली ग्राम सभा में मुख्य सड़क के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सड़क मानकों के खिलाफ बन रही है, जिससे यह जल्द खराब हो जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क बनाने में गड्ढों में ठीक से गिट्टी नहीं डाली जा रही है। साथ ही, निर्माण में तय क्वालिटी का सामान भी इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उनका कहना था कि अगर सड़क की क्वालिटी पर ध्यान नहीं दिया गया, तो सरकारी पैसा बर्बाद होगा और लोगों को फिर से खराब रास्ते पर चलना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जांच और मानक के हिसाब से सड़क बनवाने की मांग की। ठेकेदार ने गड़बड़ी की बात मानी और बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद काम रोक दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे का काम नियमों और तय मानकों के हिसाब से ही होगा।

सत्य की जीत,नफरत की राजनीति को करारा जवाब-डाक्टर नारायण

चंदौली। 26 अक्टूबर 2026 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की विशेष अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मानहानि के मामले में दोषमुक्त कर दिया। यह मामला वर्ष 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर की गई टिप्पणी से संबंधित था। अदालत ने माना कि राहुल गांधी जी की टिप्पणी मानहानिकारक नहीं थी। यह फैसला उन सभी लोगों के लिए एक संदेश हैए जो राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी जी ने हर चुनौती का सामना किया और न्यायपालिका में अपना विश्वास बनाए रखा। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एडवोकेट डॉ नारायण मूर्ति ओझा ने अपने एक बयान में व्यक्त कि है उन्होंने आगे कहा की राहुल गांधी हमेशा संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। आज का दिन कांग्रेस के हर कार्यकर्ता के लिए उत्साह और गर्व का दिन है।



पांचवीं बार भी नहीं खुली मनकपड़ा में कोटे की दुकान के चयन की राह

इलिया। शहाबगंज विकासखंड के मनकपड़ा गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन की प्रक्रिया एक बार फिर अधर में लटक गई। मंगलवार को पांचवीं बार निर्धारित चयन प्रक्रिया स्थगित होने से ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। नोडल अधिकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने के कारण चयन नहीं हो सका। बार-बार प्रक्रिया टलने से ग्रामीणों में निराशा और असंतोष का माहौल है। कोटे की दुकान के चयन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए थे। लोगों को उम्मीद थी कि इस बार लंबे समय से लंबित चयन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उन्हें राहत मिलेगी। मौके पर एडीओ पंचायत अरविंद सिंह, ग्राम पंचायत सचिव साहब सिंह सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलिया थाना प्रभारी हरिनारायण पटेल के नेतृत्व में इलिया, चकिया और शहाबगंज थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। काफी देर तक इंतजार के बाद ग्रामीणों को बताया गया कि जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की अन्यत्र ड्यूटी लगने के कारण वह मौके पर नहीं पहुंच सकेंगे। इसके चलते चयन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। यह सूचना मिलते ही चयन की आस लगाए बैठे ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा। गौरतलब है कि मनकपड़ा गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन को लेकर पूर्व में भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। अब पांचवीं बार चयन टलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार चयन स्थगित होने से समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है और उन्हें अगली तिथि का इंतजार करना पड़ रहा है।

बीज दुकानों पर औचक छापामारी कर लिये गये २० नमूने

चंदौली। कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम बनाकर रैण्डम आधार पर उप कृषि निदेशक अधिकारी, चन्दौली सदर/पं०दी०द०उपा० नगर, जिला कृषि अधिकारी, चन्दौली द्वारा सकलडीहा तथा वरि०प्रा०सहा०ग्रुप-ए चकिया / नौगढ़ में बीज बिक्री केन्द्रों के बीज के कुल 42 दुकानों का निरीक्षण करते हुए सरसों, चना, मटर और गेहूँ के 20 नमूने लिए गये है तथा 05 बीज /उर्वरक प्रतिष्ठान (मे0 ईश्वर बीज भंडार जनौली, मे0 उमरावती एग्री जंक्शन खाद बीज भण्डार कमालपुर, मे0 पण्डित खाद एवं बीज भंडार कमालपुर, मे0 खुशबू बीज भंडार धानापुर एवं मे0 आदर्श कृषि विकास धानापुर बन्द पाये जाने पर उनको कारण नोटिस निर्गत किये गये। ग्रहीत बीज नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजे जायेंगे। परीक्षणोपरान्त अधोमानक पाये जाने पर बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं बीज अधिनियम एक्ट 1966 के अधीन नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

साक्षरता अभियान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

चंदौली। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली के मार्गदर्शन में सचिव श्रीमती निकिता गौड़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली कि अध्यक्षता में जनपद में संचालित समस्त इंटर कालेजों में कानूनी साक्षरता क्लबों के माध्यम से संविधान संवाद एक संवैधानिक साक्षरता अभियान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराने हेतु 27 अक्टूबर को जनपद चन्दौली के तहसील स्थित सभागार कक्ष में माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश में संविधान संवाद के संबंध में प्रथम चरण में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न विषयों पर संविधान का निर्माण योगदान एवं प्रस्तावना, नीति निर्देशक सिद्धांत और मौलिक कर्तव्य,राज्य व चुनाव के अंग, बच्चों की सुरक्षा (पाक्सो अधिनियम 2012), बाल विवाहब और बाल श्रम से जुड़े कानून, मुफ्त कानुनी सहायता, लोक अदालत और हेल्पलाईन न0 15100, कानूनी साक्षरत क्लब,अभियान और प्रतियोगिता का संचालन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण उपस्थित हुये।

सरोवर,सड़क की साफ-सफाई को लेकर विरोध प्रदर्शन

सकलडीहा। प्राचीन सरोवर और हाइवे सड़क और सम्मे माता व दुर्गा मंदिर मार्ग पर बीते कई दिनों से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अनजान बने हुए है। आरोप है कि शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन बीतने के बाद भी साफ सफाई को लेकर अधिकारी अनजान बने हुए है। ग्रामीणों ने साफ सफाई के साथ सरोवर की साफ सफाई कराये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को सुबह विरोध प्रदर्शन किया। चेताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर व्यापारी आन्दोलन के लिये सड़क पर उतरेंगे। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शारदीय नवरात्र जैसे धार्मिक पर्व पर साफ सफाई को लेकर कर्मचारी और अधिकारियों की मनमानी के कारण ग्रामीणों को गंदगी के बीच होकर पूजा पाठ करना पड़ा। सकलडीहा कस्बा के टिमिलपुर स्थित प्राचीन सरोवर गंदगी के अंबार से पटा पड़ा हुआ है। सकलडीहा हाइवे मार्ग नागेपुर की डिवाडर पर सुबह से लेकर शाम तक गंदगी का अंबार लगा रहता है। कई बार अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों को बताने के बाद भी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने आगामी डाला छठ दिवाली देव दिवाली जैसे पर्व से पूर्व साफ सफाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने समस्या का समाधान नहीं होने पर व्यापारियों के साथ आन्दोलन की चेतावनी दिया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में विनोद केशरी,सुनील चौरसिया, अरविंद, गोबिंद सोनकर, लल्लू, सोहन गुप्त, राजकुमार गुप्ता, कैलाश चौरसिया सहित अन्य रहे।



७९ परीक्षा केन्द्रों की सूची चस्पा

चंदौली। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में केंद्रों की सूची जारी कर दी गई। डीआईओएस कार्यालय पर सूची चस्पा भी कर दिया गया। केंद्रों के संबंध में 28 अक्तूबर तक दावे और आपत्तियां आनलाइन प्राप्त की जाएगी। डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी दावे और आपत्तियों का निस्तारण करेगी। इसके बाद केंद्रों का निर्धारण कर दिया जाएगा। इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 59647 परीक्षार्थी सम्मिलत होंगे। हाईस्कूल में कुल 31804 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। वहीं इंटरमीडिएट में 27843 परीक्षार्थियों होंगे। परीक्षा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कुल 79 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है।

ब्लाक परिसर में खुली कैंटीन,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिलेगा रोजगार

चकिया। खंड विकास कार्यालय परिसर में मंगलवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित कैंटीन का उद्घाटन एडीओ पंचायत नारायण दत्त तिवारी और डॉ. कुंदन गोंड ने फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। कैंटीन खुलने से ब्लॉक परिसर में आने वाले अधिकारियों,कर्मचारियों और फरियादियों को चाय-नाश्ते के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कैंटीन में चाय, पकौड़ी, ब्रेड, नमकीन, पानी सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहेगी। इससे विभिन्न सरकारी कार्यों के सिलसिले में ब्लॉक आने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। कैंटीन के संचालन से महिलाओं को नियमित आमदनी का अवसर मिलेगा और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। उद्घाटन के दौरान ग्राम प्रधान ओम प्रकाश सिंह, प्रधान ज्ञान प्रकाश गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र कुमार, प्रधान कमलेश पासवान, राणा प्रताप सिंह, आशुतोष जायसवाल, नवीन सोनकर, संदीप कुमार,मनोज गुप्ता सहित सफाई कर्मचारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।



खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम-खम, विभिन्न स्पर्धाओं में लिया हिस्सा

चकिया। विकासखंड के हेतिमपुर स्थित बाबा जागेश्वर नाथ के परिसर में मंगलवार को संकुल मुड़हुआ दक्षिणी के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में बालक एवं बालिका वर्ग की 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के अलावा खो-खो, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं कराई गईं। मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बना रहा। प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, विकासखंड चकिया के ब्लॉक अध्यक्ष सदानंद दुबे ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। साथ ही उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अवनीश कुमार सिंह, अतुल श्रीवास्तव, बाबूलाल, आशीष कुमार, सुनील पटेल, इंद्रजीत सिंह, बिजेंद्र यादव, गोपाल सिंह, विशाल यादव, सुधीर, हरेंद्र, संजय, अनिल, नंदेश्वर, बलवंत और निर्मल सहित संकुल के शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के आदेश की अधिकारियों ने उड़ायी धज्जियां

धानापुर। विकासखंड क्षेत्र के रामपुर दिया गांव में जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देश पर खुली बैठक करके मंगलवार को कोटे का चयन किया जाना था लेकिन अधिकारियों के न पहुंचने से ग्रामीणों में कड़ी नाराजगी देखने को मिल रही है । यह तीसरी बार मीटिंग बुलाकर अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीण दिनेश यादव ने बताया कि रामपुर दिया ग्राम पंचायत में पिछले तीन बार से अधिकारियों द्वारा समय देकर खुली बैठक नहीं कराई जा रही है, आखिर किसका दबाव है यह समझ में नहीं आ रहा है । कुछ लोग सत्ता पक्ष के दबाव की बात कर रहे हैं खुली बैठक न होने की वजह से ग्रामीणों को दूसरे गांव राशन लेने जाना पड़ रहा है। जिससे भारी परेशानी भी हो रही है वही चंदन यादव ने बताया कि इस मामले को लेकर जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग से खुली बैठक कराने की मांग की गई थी। डीएम साहब के निर्देश पर आज बैठक रखी गई थी लेकिन अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। आखिर ऐसा क्यों किया जा रहा है अगर मीटिंग नहीं करना था तो ग्रामीणों को क्यों परेशान किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे खंड विकास अधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रामपुर दिया गांव में खुली बैठक कराई जानी थी लेकिन अधिकारी क्यों नहीं पहुंचे हैं यह मेरे जानकारी में नहीं है पता करवा रहा हूं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे का आरोप

एसपी कार्यालय पहुंच कर महिलाओं ने की कारवाई की मांग

जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित ताड़तला मोहल्ले में कथित कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। जमीन पर बाउंड्री बनाकर गेट में ताला लगाने और शव दफनाने से रोकने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुस्लिम समुदाय की करीब 10 से 12 महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। मोहल्ले की सफाईकर्मी मुन्नी देवी समेत अन्य महिलाओं का आरोप है कि करीब दर्जनभर से अधिक परिवारों के लिए उक्त कब्रिस्तान पीढ़ियों से इस्तेमाल होता आ रहा है। महिलाओं के मुताबिक, एक दबंग युवक ने जमीन के चारों तरफ बाउंड्री बनाकर गेट में ताला लगा दिया है। इससे संबंधित परिवारों को अपने परिजनों के शव दफनाने में परेशानी हो रही है। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 के साथ ही चौकी और थाने पर भी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वहीं, थानाध्यक्ष कमल नयन दुबे ने बताया कि मामला अब तक उनके संज्ञान में नहीं था। महिलाओं द्वारा पहले थाने या चौकी पर सूचना देने की बात को उन्होंने गलत बताया। उन्होंने कहा कि लेखपाल से बातचीत में जानकारी मिली है कि मौके पर कुछ जमीनें जमींदारी की हैं। एक पक्ष कब्रिस्तान के नाम पर रास्ता लेना चाहता है, जबकि दूसरा पक्ष वहां बाउंड्री वॉल बनाना चाहता है। थानाध्यक्ष के अनुसार, अभी तक किसी पक्ष ने प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग को साथ लेकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जमीन के स्वामित्व और कब्रिस्तान से जुड़े दावों की स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मारपीट मामले में दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के शेखाही गांव में रविवार शाम हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम मोबाइल पर बातचीत के दौरान कथित तौर पर अपशब्द कहने को लेकर एक पक्ष ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र को किया गया सम्मानित

बक्शा। कृषि विज्ञान केंद्र को उत्कृष्ट कार्य करने पर लखनऊ में मंगलवार को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ के 37 वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा जौनपुर प्रथम को किसान व कृषि एवं कृषि तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव कृषि एम. के. सुंदरम एवं महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. संजय सिंह के द्वारा केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. विनोद सिंह को सम्मानित किया गया। केंद्र के सम्मानित होने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुरेन्द्र सोनकर, डॉ. रत्नाकर पाण्डेय, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. रूपेश सिंह, अमित सिंह सहित केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी है।

शांतिभंग में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

सुजानगंज। जनपद में अपराध की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सुजानगंज थाना पुलिस ने मंगलवार, को तीन लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में चालान किया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश सिंह और क्षेत्राधिकारी बदलापुर के निर्देश व पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की देखरेख में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम दीपकपुर और सुल्तानपुर से शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहित शिल्पकार पुत्र मुन्ना शिल्पकार और आकाश शिल्पकार पुत्र मुन्ना शिल्पकार शामिल हैं। दोनों मूल रूप से ग्राम सवंसा, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ के निवासी हैं और वर्तमान में ग्राम दीपकपुर, थाना सुजानगंज में रह रहे हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान हंसराज चौबे पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ चौबे, उम्र लगभग 58 वर्ष, निवासी ग्राम सुल्तानपुर, थाना सुजानगंज, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय भेज दिया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल वरुण यादव, कांस्टेबल कमलेश यादव और रिजर्व कांस्टेबल सूरज कन्नौजिया शामिल रहे।

एक नज़र इधर भी

श्रीराम कथा में पप्पू माली ने भेंट की पुष्प प्रतिमा

जौनपुर। वाराणसी सेवा भारती की ओर से बी.आर.पी.इंटर कॉलेज जौनपुर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान जय मां दुर्गे फूल मंडी के प्रोपराइटर एवं अपना दल



(एस) के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने भगवान श्रीराम की सुंदर पुष्प प्रतिमा बनाकर भेंट की। पप्पू माली ने यह प्रतिमा श्रीराम कथा के आयोजक, वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह तथा परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथावाचक शांतनु जी महाराज को सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर संस्था की ओर से पप्पू माली को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान श्रीराम की पुष्प प्रतिमा की सराहना की। श्रीराम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा का संदेश दिया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम में छोटेलाल श्रीमाली, रमेश चंद्र बरनवाल, रत्न मौर्य और विशाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जेनरेटर की बैटरी चोरी करने की घटना में शामिल दूसरा चोर गिरफ्तार

जफराबाद। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की रात को पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित चोर को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि 14 अक्टूबर को जमैथा गांव के पास से जेनरेटर दो बैटरी व एक इनवर्टर की चोरी हो गयो थी। 15 अक्टूबर को पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया था। मालूम हो कि 14 अक्टूबर को जमैथा गांव के पास स्थित पम्प हाउस के पास से जल जीवन मिशन के कार्यरत कम्पनी के ठेकेदार का एक छोटा जेनरेटर, दो बैटरी व एक इनवर्टर चोरी हो गया था। ठेकेदार द्वारा कम्पनी के चोरी हुए सामान का मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हो गयी।15 अक्टूबर की रात को थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे को सूचना मिली कि उक्त चोरी की घटना का चोर के राजकीय बालिका विद्यालय के पास मौजूद थानाध्यक्ष वहां पहुंचकर रणंजय सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी जमैथा को गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर चोरी के जेनरेटर दो बैटरी व एक इनवर्टर बरामद कर लिया था। दूसरा चोर मौके से भाग गया था।सोमवार की रात को मुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने घटना में शामिल दयसरे चोर रुनित शर्मा पुत्र राम आसरे शर्मा निवासी जमैथा को स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

शांतिभंग करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

पुलिस ने बीएनएसएस की धाराओं में की कारवाई, चालान के लिए भेजा न्यायालय

पवारा। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया। दोनों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, 26 अक्तूबर की रात्रि पीआरवी 8171 को इवेंट नंबर 8218 के तहत ग्राम पवांरा बाजार में रास्ते के विवाद को लेकर सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। इसके बाद उपनिरीक्षक बाबूलाल साहनी की आख्या के आधार पर दोनों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे, अभियान के तहत की गई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार युवकों की पहचान शुभम चौरसिया पुत्र हीरालाल निवासी पवारा और विजय प्रताप पटेल पुत्र रामधारी पटेल निवासी कुड़रिया, थाना पवांरा, जिला जौनपुर के रूप में हुई है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बाबूलाल साहनी, पीआरवी 8171 के कांस्टेबल विष्णुदीप और चालक कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार यादव शामिल रहे।

भारत यात्रा का जनपद में हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन समारोह

साहू समाज ने प्रीति गुप्ता को किया सम्मानित

जौनपुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के तत्वावधान में भारत यात्रा का साहू धरमशाला सभागार में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक एकता, सेवा, संस्कार एवं स्वाभिमान को मजबूत करने के संकल्प के साथ समाज के विभिन्न पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय तैलिक साहू राठौर



महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं भारत यात्रा के संयोजक मुख्य अतिथि एस. पी. गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रीति गुप्ता (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, भाजपा जौनपुर) कार्यक्रम अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्त, जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, प्रदेश युवा कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव साहू, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष योगेश साहू, कार्यक्रम संयोजक नन्हकऊ गुप्ता, साहू कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, साहू धर्मशाला अध्यक्ष सतीश चन्द्र गुप्ता,स्वतंत्र साहू, राष्ट्रीय युवा सहसचिव चंदन साहू, अर्पित साहू आदि ने महात्मा गांधी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया तथा सभागार में उपस्थित जन समूह ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रीति गुप्ता के भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर साहू समाज ने लोगों एवं मातृ शक्तियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि एसपी गुप्ता ने कहा कि भारत यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता, सेवा, संस्कार तथा स्वाभिमान की भावना को प्रोत्साहित करना और समाज को संगठित करना है ताकि समाज संगठित रूप से आगे बढ़ सके।

धमकी का लगाया आरोप, दो पर प्राथमिकी दर्ज

तेजीबाजार। क्षेत्र के एक गांव में दुकानदार द्वारा दवा का पैसा मांगने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोटवां गांव निवासी पीड़ित रवि भूषण पांडे पुत्र राम अक्षैबर पाण्डेय का आरोप है कि बीते 25 अक्टूबर को रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे भोले सिंह और राहुल मेरी मेडिकल की दुकान पर आये दवा लिए जब मैने दवा का पैसा मांगा तो मुझे गाली गलौज देते हुए बहुत मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दिए हैं। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में सतेंद्र भाई पटेल का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष भोले और राहुल सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

रघुकुल की रीति निभाने के लिए वन गये भगवान श्रीराम-आचार्य शांतनु जी महाराज

श्रीरामकथा के सातवें दिन वनगमन यात्रा और राजा दशरथ के महाप्रयाण का मार्मिक वर्णन

जौनपुर। नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के सातवें दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने भगवान श्रीराम की वनगमन यात्रा, केवट प्रसंग, गुरु के मार्गदर्शन की महत्ता और राजा दशरथ के महाप्रयाण का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति, त्याग और समर्पण के प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हो उठे। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने पिता के वचन और रघुकुल की मर्यादा निभाने के लिए राजमहल के सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। माता सीता और लक्ष्मण जी का उनके साथ वन जाना प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की अनुपम मिसाल है। उन्होंने प्रयागराज में महर्षि भारद्वाज से श्रीराम की भेंट का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में सही मार्ग चुनने के लिए गुरु और अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आवश्यक है। केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा कि सच्ची भक्ति स्वार्थ से नहीं, बल्कि निस्वार्थ प्रेम और सेवा से प्रकट होती है। केवट ने भगवान श्रीराम से किसी प्रकार का पारिश्रमिक नहीं मांगा, उसके लिए प्रभु की सेवा ही सबसे बड़ा धन थी। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करने का आग्रह करते हुए कहा कि हनुमान जी का जीवन भक्ति, साहस, विश्वास और समर्पण की प्रेरणा देता है। राजा दशरथ के महाप्रयाण का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य शांतनु जी महाराज भावुक हो उठे। भगवान श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ की व्यथा ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। महाराज जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन माता-पिता के सम्मान, पारिवारिक संस्कारों और विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की शिक्षा देता है। धार्मिक आयोजनों की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति के नाम पर अश्लीलता परोसना अनुचित है। भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता, सदाचार और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाना होना चाहिए। कथा का विशेष आकर्षण जनपद के प्रमुख देवस्थानों के महंतों, पीठाधीश्वरों, पुरोहितों एवं धर्माचार्यों का मंच से सम्मान रहा। मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह ने संत-महात्माओं का सम्मान कर सनातन संस्कृति और जनपद की धार्मिक परंपराओं के प्रति आदर व्यक्त किया। भव्य पंडाल और श्रद्धालुओं के लिए की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के बीच आचार्य शांतनु जी महाराज



की अमृतमयी वाणी से पूरा वातावरण राममय हो उठा। इस अवसर पर अंगराज जी (मा. प्रान्त संघचालक), कुंवर बृजेश सिंह (राज्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), प्रो. बिहारी लाल शर्मा (कुलपति, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय), राकेश सिंह (विधायक, गौरीगंज, अमेठी), डॉ. सुजीत सिंह (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष), रजत जी (जिला प्रचारक, मीरजापुर), डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी, विनय शाही जी, पं. रविन्द्र द्विवेदी जी एवं पीठाधीश्वर महंत रामदास जी महाराज सहित जनपद के विभिन्न मंदिरों के महंत, पुरोहित, संत-महात्मा और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गड्ढे में चली गयी स्कूल बस, कई छात्र घायल

हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार, स्कूल प्रबंधन को दी सूचना

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली क्षेत्र के अहन गांव के पास मंगलवार की शाम करीब चार बजे जौनपुर-केराकत राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे के समय बस में सवार एक छात्र को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जिले के सनबीम स्कूल की बस बच्चों को उनके घर छोड़ने के बाद केराकत की तरफ से लौट रही थी। इसी दौरान अहन गांव के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। हादसे के समय बस में अहन गांव निवासी विवेक यादव का पुत्र आर्यवीर यादव सवार था। दुर्घटना में उसे हल्की चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मुफ्तीगंज चौकी पुलिस ने मामले की जानकारी ली। चौकी प्रभारी शिवानंद वर्मा ने बताया कि हादसे में छात्र को हल्की खरोंच आई है। स्कूल प्रबंधन को घटना की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी की ओर से शिकायत मिलती है तो मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

केराकत के नार्मल मैदान में हुआ रावण दहन

ऐतिहासिक मेले में उमड़ी हजारों की भीड़

केराकत। तहसील के नार्मल स्कूल के मैदान में दशहरा पर रावण दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से करीब 5 हजार लोग पहुंचे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। अपनी परम्परा के



अनुसार मेले में सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए छोटे छोटे दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें लगाई थीं। खिलौनों की दुकानों पर बच्चों की भीड़ देखी गई। मिष्ठान में जलेबी अपनी पूरी मर्यादा के साथ हाजिर थी और लोगों का आकर्षण भी उसके प्रति देखा गया। प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस बल तथा होमगार्ड के जवान जगह जगह तैनात थे विभिन्न स्थानों पर महिला पुलिस ने भी मोर्चा संभाल रखा था। किसी भी तरह की किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

डोभी चंदवक थाना क्षेत्र के मडार गांव में सोमवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते नाबालिग किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इसी थाना क्षेत्र के बोडसर गांव निवासी हद्य राजभर की 15 वर्षीय पुत्री चांदनी राजभर मडार गांव के राजभर बस्ती में अपने मामा जितेंद्र राजभर के यहां रहती थी। देर शाम करीब 7 बजे किशोरी ने किसी बात को लेकर कमरे के अंदर छत में लगे गार्डर के हुक्क में रस्सी के सहारे फांसी पर लटक कर अपनी जान दे दी। घटना के बाद नाबालिग किशोरी की लाश का गोमती नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि नाबालिग किशोरी के आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका। चर्चा है कि बिना पोस्टमार्टम के ही लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

रेल लाइन पर मिला युवक का शव

जौनपुर। भंडारी रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर पांच पर गोंदियां बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत के बाद पहचान कराने के लिए घंटो हलाकांन रही रेलवे पुलिस। घटना के संबंध में बताया गया है कि इसी जनपद के चंदवक थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसानारेपर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र बंसराज उम्र 39 वर्ष सोमवार की रात लगभग 8 बजे गोंदियां बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। काफी देर तक उसकी लाश अज्ञात पड़ी हुई थी। जीआरपी को मृतक के जेब से एक मोबाइल फोन मिला था। लाश घंटो रखने के बाद जब मोबाइल पर फोन आया तो मृतक की पहचान हो सकी है। परिजन मौके पर पहुंच कर लाश की पहचान किया। जीआरपी ने पंचायतनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब सवाल इस बात का उठता है कि मृतक ने आत्महत्या किया या उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस इस बात की छानबीन कर रही है।

पशु आरोग्य मेले का आयोजन



डोभी। क्षेत्र के ग्राम हीरापुर मचहटी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 520 पशुओं का नि:शुल्क इलाज किया गया। जिसमें 220 बडे पशु, 250 भेड एवं 50 बकरियो में कृमी नाशक दवाओं एवं आवश्यक दवाओ का वितरण किया गया। मेले मे उप-मुख्य-पशु चिकित्साधिकारी केराकत डॉ. दूर्गा राम मौर्या वेटरिनरी फ़ार्मसिस्ट राम प्रकाश पशुधन प्रसार अधिकारी कोइलारी अजय कुमार वर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी पोखरा राजीव सिंह यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी रतनपुर अनुज कुमार यादव विनय सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शोभनाथ पशु मैत्री विजय कुमार यादव, शुभम यादव, प्रशान्त कुमार यादव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पशु चिकित्साधिकारी डोभी के द्वारा हरे चारे, पशु धन विमा सेक्स शार्टेड सीमेन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

रास्ते के विवाद में महिला समेत तीन की पिटाई

बरसठी। थाना क्षेत्र के बड़ेरी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर कलावती मौर्या, उनके पति रमेश मौर्या और जेठानी विमला पत्नी दिनेश मौर्या से मारपीट का आरोप लगा है,पीड़िता के मुताबिक, 26 अक्टूबर की सुबह गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडे और ईंट से हमला कर तीनों को घायल कर दिया गया, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है, प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने सीता देवी पत्नी अमिताब मौर्या, ज्ञाना देवी पत्नी अमृतलाल मौर्या, विद्या पत्नी राजेंद्र, रीना पत्नी सुनील मौर्या, आदर्श, अमिताब पुत्र अमृतलाल मौर्या, सुनील पुत्र मेवालाल मौर्या, ऊषा पत्नी मेवालाल और प्रतिमा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले के जांच में जुटी है।

रामलीला मनोरंजन नहीं, सनातन संस्कृति की मर्यादा का मार्ग-श्रीकृष्ण पांडेय

खुटहन। क्षेत्र के पटैला खुर्द स्थित बासगंज, मम्मनपुर बनहरा में शिवशक्ति रामलीला समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला का मंचन श्रद्धा, उल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकृष्ण पांडेय के आगमन पर रामलीला समिति के पदाधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण पांडेय ने दर्शकों और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन या समय व्यतीत करने का साधन नहीं है बल्कि यह हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति की आत्मा है। प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन चरित्र हमें मर्यादा, त्याग, धैर्य और सत्य के मार्ग पर चलने की अमर प्रेरणा देता है। आज के आधुनिक युग में युवा पीढ़ी को इन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की महती आवश्यकता है। रामलीला मंचन में



उत्कृष्ट अभिनय करने वाले स्थानीय कलाकारों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी सांस्कृतिक अवसर पर शिवशक्ति रामलीला समिति के संरक्षक सुरेंद्र कुमार प्रजापति, प्रबंधक नरेंद्र कुमार प्रजापति, अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा और डायरेक्टर विजय शंकर मुख्य रूप से मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में वेदव्यास मोतीलाल प्रजापति, कोषाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद साहू, व्यवस्थापक विनय अग्रहरी, उपाध्यक्ष गौरीशंकर मोदनवाल और व्यवस्थापक सौरभ अग्रहरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पटैला, बनहरा, बासगंज और मम्मनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष और कला प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये ६१ हजार, मुकदमा दर्ज

मुंगराबादशाहपुर। शातिर साइबर अपराधियों ने थाना क्षेत्र के बुढन्सापुर गांव निवासी सुनील कुमार का मोबाइल फोन हैक कर उसके बैंक खाते से 61 हजार रुपये पार कर दिए। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर साइबर सेल की मदद से गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में थाना क्षेत्र के बुढ़न्सापुर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र प्रेमप्रकाश ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर करीब तीन से साढ़े तीन बजे के बीच उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की यह घटना हुई। आरोप है कि किसी अज्ञात शातिर ने तकनीकी पैंतरेबाजी करते हुए उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया और बैंक खाते से 61 रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर कर लिए। अचानक खाते से बड़ी रकम निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित सुनील कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए साइबर अपराध की राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने मुंगराबादशाहपुर थाने पहुंचकर बैंक खाते के स्टेटमेंट और लेनदेन सहित लिखित तहरीर देकर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की। थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों को बेनकाब किया जाएगा।

सूपर्णखा की नाक कटते ही हुआ जय श्रीराम का उद्घोष

बक्शा। विकास खण्ड के श्री नवनिहाल धर्म मण्डल बरपुर गांव की ऐतिहासिक रामलीला में सोमवार की रात्रि भक्तों की



भारी भीड़ रही। रामलीला मंचन के दौरान रावण की बहन सुपूर्णखा का लक्ष्मण द्वारा नाक काटे जाते ही जय श्री राम का उदघोष हुआ। रामलीला मंचन के दौरान भगवान अत्रि ऋषि के आश्रम पहुँचे राम लक्ष्मण व सीता को मुनि ने धर्म का महात्म्य समझाया। मौका देख सीता जी ने माता अनुसुइया से स्त्री धर्म की महत्ता पूछी तो अनुसुइया ने कहा कि धीरज धर्म मित्र अरु नारी, आपद काल परखियो चारी। मंचन के दौरान सुपूर्णखा राम व लक्ष्मण पर मोहित हो जाती है। क्रोधित हो लक्ष्मण तलवार से उसकी नाक काट लेते है। नाक कटते ही दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाए। खर, दूषण एवं तृष्ना के बध होने के पश्चात रावण साधू के वेश धारण कर माता जानकी का छल से हरण करता है। रामलीला मंचन में राम का अभिनय आशीष उर्फ मोनू मिश्र, लक्ष्मण का शुभम सिंह, सीता आयुष मिश्र, रावण अखिलेश तिवारी, सुपूर्णखा सन्दीप मिश्र, खरदूषण बाबा सिंह ने अभिनय आयुष मिश्र ने किया। इस दौरान स्टेज डायरेक्टर भानू प्रकाश मिश्र, अध्यक्ष रामबचन सिंह, शिवप्रकाश मिश्र, शिवम सिंह, आर्यन सिंह का विशेष योगदान रहा।

जीवन में जब अहंकार प्रवेश करता है तो परमात्मा हमारे जीवन से दूर हो जाते है

तेजीबाज़ार। स्थानीय कपूरपुर गावं में हो रहे पांच दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के अंतिम दिन मंगलवार की कथा में पं. रामाश्रय रामायणी महराज जी तथा पंडित रामेश्वरानंद जी ने रामकथा का श्रवण करवाते हुए कहा कि जीवन में काम, क्रोध और लोभ जब आते है तो परमात्मा हमारे जीवन से दूर हो जाते है। अवध में भगवान तब तक रहे, जब तक की ये सभी अयोध्या से दूर रहे जैसे ही अवध में तीनों का प्रवेश हुआ परमात्मा का वनवास हो गया, जब महराज दशरथ में काम आ गया कैकेई में क्रोध आ गया मंथरा में लोभ आ गया। तो भगवान् अवध को छोड़ कर चले गये, इसी प्रकार से जब हमारे भी जीवन में काम क्रोध लोभ आते है तो भगवान हमारे जीवन से चले जाते है, आदि कथा सुनाते हुए महराज जी ने अपनी वाणी को विश्राम दिया।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रिया ने जीता स्वर्ण

जौनपुर। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 21 से 27 अक्टूबर तक गंदरबल कश्मीर में आयोजित हुई। ताइक्वांडो की अंडर 17 की यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता इस वर्ष युवा सेवा एवं खेल निदेशालय जम्मू कश्मीर के द्वारा आयोजित की गई। मुख्य कोच आशुतोष सिंह एडवोकेट एएस ताइक्वांडो क्लब (महाराणा प्रताप इंडोर हाल टीडी पीजी कालेज) ने बताया की उत्तर प्रदेश टीम में बालिका वर्ग के अंडर 17 आयु वर्ग के अंडर 55 भार वर्ग में चयनित एकेडमी की खिलाड़ी रिया यादव ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। रिया यादव महाराणा प्रताप इंडोर हाल टीडी पीजी कॉलेज में प्रशिक्षणरत है और महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज रामदयालगंज की छात्र है। मुख्य कोच आशुतोष सिंह ने बताया की यह प्रतियोगिता युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा



भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। बारहवीं तक सम्पूर्ण भारत के सभी शैक्षणिक बोर्डो के स्वर्ण पदक विजेता इस प्रतियोगिता के लिए चयनित होते है। आगे उन्होंने बताया की यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 (बालक एवं बालिका) तीन आयु वर्गों में हर वर्ष आयोजित की जाती है। मुख्य प्रशिक्षक आशुतोष सिंह ने बताया की यह वाराणसी मंडल एवं जिले में प्रथम बार है की इस प्रतियोगिता में किसी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। इसी प्रतियोगिता में एएस ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी अंश मौर्या का चयन अंडर 17 वर्ग के ही अंडर 55 भार वर्ग में सीबीएसई बोर्ड की राष्ट्रीय टीम मे हुआ। अंश ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया परंतु पदक से वंचित रह गए। रिया का चयन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के ऑफिसियल नेशनल के लिए भी हुआ है। रिया की इस उपलब्धि पर एएस क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ियों अमीष प्रसाद, सरोजिनी सिंह, राजवीर सिंह, विक्रांत साहनी व अन्य ने हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

सेना के जवान के घर भीषण चोरी

२० लाख से अधिक के जेवर लेकर फरार हुए चोर

इमिलिया चट्टी। चुनार थाना क्षेत्र के नुआंव गांव में चोरों ने भारतीय सेना के जवान के बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर का ताला तोड़कर आलमारी और बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, चोरी गए आभूषणों की कीमत 20 लाख रुपये से अधिक है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह पुत्र रामसकल सिंह अंबाला कैंट में भारतीय सेना में तैनात हैं। वह अपनी पत्नी, बच्चों और मां के साथ ड्यूटी स्थल पर रहते हैं। इसी दौरान 23 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने उनके बंद घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। 24 अक्टूबर को पड़ोसियों ने फोन कर उन्हें चोरी की जानकारी दी। इसके बाद दिनेश सिंह ने 112 नंबर और कजरहट चौकी प्रभारी को सूचना दी। 25 अक्टूबर की देर शाम परिवार सहित घर पहुंचने पर उन्हें ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोर एक सोने का हार, दो सोने की चूड़ियां, पांच सोने की चेन, चार सोने की बालियां, एक मांगटीका, दस अंगूठियां, हीरे जड़ी चार नथ, एक सोने का झुमका, पांच जोड़ी चांदी की पायल, कमरबंद, चांदी की चूड़ियां, दस जोड़ी बिछिया समेत अन्य सामान ले गए। पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई और सामान बरामद करने की मांग की है। उनका कहना है कि देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात रहने के दौरान घर में चोरी होना बेहद दुखद है। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले छह महीने में क्षेत्र में पांच लोगों के घरों में छोटी-बड़ी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।



चोरी के बाद बिखरा सामान। छाया:आज

पिता के शव पर विलाप करते रहे परिजन, उधर घर से लाखों के जेवर और नकदी ले उड़े चोर

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के तम्मनपट्टी गांव में चोरों ने एक घर का शटर तोड़कर 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना रविवार रात की है, जब गृहस्वामी संदीप उर्फ राजू अपने पिता की अचानक मौत से परिवार सहित मवईया गांव में थे। एक तरफ पिता की मौत का गम और दूसरी तरफ चोरी की घटना से परिवार पर दोहरी मार पड़ी है। मवईया गांव निवासी संदीप उर्फ राजू तम्मनपट्टी में आटा चक्की चलाते हैं और परिवार सहित वहीं रहते हैं। रविवार देर शाम उनके पिता सेवालाल (74) की तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर राजू परिवार सहित मवईया पहुंचे और पिता को इलाज के लिए वाराणसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात शव घर पहुंचने के बाद सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। इसी दौरान चोरों ने तम्मनपट्टी स्थित घर का शटर तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार कर दी। सोमवार दोपहर अंतिम संस्कार के बाद राजू की पत्नी अर्चना आटा चक्की पर पहुंचीं तो टूटा ताला देखकर चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। अदलपुरा चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंगलवार को राजू की तहरीर पर चुनार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। चोरी गए सामान में मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के चार सेट, एक जोड़ी कंगन, सात जोड़ी चांदी की पायल और 50 हजार रुपये नकद शामिल हैं। घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

गैपुरा ओवरब्रिज पर गिट्टी से फिसली बाइक, दो सगे भाई २० फीट नीचे गिरे, हालत गंभीर

छानबे। गैपुरा ओवरब्रिज पर सोमवार की रात सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक पर सवार दो सगे भाई करीब 20 फीट नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बाइक चालक को मामूली चोटें आई हैं। विंध्याचल थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी शारदा प्रसाद दुबे ने बताया कि उनके पट्टीदार का 13 वर्षीय पोता सत्यम, पुत्र सुरेंद्र दुबे, 24 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। वह प्रयागराज के नैनी स्थित मामा-भांजा तालाब पहुंच गया। सोमवार को उसकी मुलाकात प्रयागराज के बारा थाना क्षेत्र के पंडर गांव निवासी ओम प्रकाश पांडेय (24) से हुई। ओम प्रकाश ने सत्यम से उसका नाम-पता पूछकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद सत्यम की मां ने बेटे को घर पहुंचाने का अनुरोध किया। ओम प्रकाश बाइक से सत्यम को लेकर सोमवार रात करीब 12 बजे गैपुरा पहुंचा। वहां सत्यम का भाई शिवम उर्फ बिट्टू (16) और परिजन मिले। ओम प्रकाश ने सत्यम को उसकी मां के पास पहुंचाने की बात कही। इसके बाद शिवम और सत्यम उसकी बाइक पर बैठ गए। गैपुरा ओवरब्रिज पर चढ़ते समय सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण बाइक फिसल गई। हादसे में दोनों किशोर करीब 20 फीट नीचे गिर पड़े। सूचना पर पहुंचे परिजनों और गैपुरा पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई पहुंचाया। वहां से दोनों को मंडलीय अस्पताल और फिर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पीएचसी के चिकित्सक डॉ. शिवम सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

जमालपुर। चकिया-मुगलसराय मार्ग पर सोमवार की रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, वाराणसी जनपद के सीरगोवर्धन निवासी 30 वर्षीय ब्रह्मानंद सोमवार दोपहर चंदौली जनपद के बबुरी क्षेत्र के गौरी गांव में अपनी बहन के घर आए थे। रात में वह बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान डवक स्थित अपोलो टायर फैक्ट्री के पास बिजुरिया बाबा मंदिर के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर डवक पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय चंदौली में भर्ती कराया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, मचा कोहराम

अदलहाट। थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी 19 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा पुत्र चेतनारायण विश्वकर्मा की लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन लखनऊ पहुंचे, जहां राहुल का शव कमरे में पंखे से गमछे के सहारे लटकता मिला था। हालांकि, पिता चेतनारायण और ताऊ रामदुलारे को घटना की परिस्थितियों पर विश्वास नहीं हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर हाजीपुर गांव पहुंचे। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। राहुल अपने पिता का इकलौता बेटा था। परिवार का मुख्य पेशा लकड़ी से खिलौने, सिंधोरा आदि बनाकर आजीविका चलाना है। कोरइया लकड़ी की कमी और प्लास्टिक के बढ़ते चलन के कारण यह कारोबार पहले से मंदा हो गया था। ऐसे में राहुल रोजगार की तलाश में लखनऊ चला गया था। परिजनों के अनुसार, वह क्राउन मॉल स्थित बर्गर किंग में काम करता था। वह चिनहट के फैजाबाद रोड स्थित रघुनंदन आशियाना कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर रहता था। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बाइक से गिरकर युवक घायल

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के महुगढ़ी गांव में हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के पास मंगलवार शाम चार बजे के करीब बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे हेड कांस्टेबल नारायण कुमार शर्मा ने घायल युवक के परिजनों को सूचना देते हुए उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। अमदह गांव निवासी 20 वर्षीय अरूण कुमार ड्रमंडगंज बाजार से बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही महुगढ़ी गांव में हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकराते हुए सड़क पर गिर पड़ा। संयोग था कि हादसे में दूसरा बाइक सवार बाल बाल बच गया। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आई हैं।

३१६ जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को विकास खंड सिटी के चंदईपुर में वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विकास खंडों और मीरजापुर, चुनार व अहरौरा नगर निकायों के कुल 316 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। विवाह समारोह में अनुसूचित जाति के 190, अन्य पिछड़ा वर्ग के 112, सामान्य वर्ग के तीन और अल्पसंख्यक वर्ग के 11 जोड़े शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य, छानबे विधायक रिंकी कोल और मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र और उपहार सामग्री भी वितरित की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ऐसे परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी बेटियों का विवाह करने में असमर्थ हैं। योजना के तहत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की निर्धारित धनराशि के सापेक्ष 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में दांपत्य जीवन और गृहस्थी की स्थापना के लिए अंतरित किए जाएंगे। वहीं, 21 हजार रुपये की विवाहोपयोगी सामग्री दी गई। इसके अतिरिक्त भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सहित आयोजन संबंधी खर्चों के लिए प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये निर्धारित हैं। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक समाज कल्याण, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल सहित विभिन्न विकास खंडों के अधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।



सामूहिक विवाह का दृश्य। छाया:आज

एनडीआरएफ, रेलवे ने किया संयुक्त माकड्रिल

चुनार। मंगलवार को प्रयागराज मंडल के चुनार जंक्शन रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन और रेलवे द्वारा फुल स्केल संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई कर अधिक से अधिक लोगों की जान बचाना और जन-धन की क्षति को न्यूनतम करना रहा। मॉक ड्रिल में रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें, सिविल डिफेंस, स्काउट एवं गाइड, एआरटी प्रयागराज, एसपीएआरएमवी प्रयागराज और मेडिकल टीम ने भाग लिया। इसके साथ ही चुनार के जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन एवं चिकित्सा विभाग की टीमें भी शामिल रहीं। अभ्यास के दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी और आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखा गया। इसका उद्देश्य रेलवे की आपदा प्रबंधन टीम, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन को आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना था। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) एम.एम. वारिस, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे ओ.पी. सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी यू.सी. शुक्ला तथा एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट आशीष चौहान उपस्थित रहे।



प्लेटफार्म पर मौजूद कार्मिक। छाया:आज

पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

सीखड़। नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में मंगलवार को पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण कर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं प्राध्यापकों का स्कार्फ और बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं को रोवर्स-रेंजर्स के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, सर्वांगीण विकास, अनुशासन और समाजसेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में निर्भीक रहकर सीमित संसाधनों में जीवन जीने और दूसरों की सहायता करने की सीख इस प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका पूरा लाभ लेने के लिए प्रतिभागियों को अनुशासन और मनोयोग के साथ भागीदारी करनी चाहिए। रोवर्स प्रशिक्षक आनंद कुमार मौर्य एवं शशिकांत राय तथा रेंजर्स प्रशिक्षिका जहाना बानो ने प्रवेश और निपुण स्तर के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की रूपरेखा बताई। प्रतिभागियों को छोटे समूहों में बांटकर टोलियां बनाई गईं। प्रशिक्षकों ने स्काउट-गाइड आंदोलन, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा और सिद्धांतों की जानकारी दी। अंत में शारीरिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम यादव और रोवर्स प्रभारी डॉ. राम नरेश यादव ने प्रस्तुत की। संचालन डॉ. सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

४४५ लीटर कच्ची देशी शराब किया गया नष्ट

ड्रमंडगंज। न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को ड्रमंडगंज थाने में 31 मुकदमे में जब्त 445 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब का विनष्टीकरण किया गया। एसडीएम लालगंज अजीत कुमार सीओ अमर बहादुर की मौजूदगी में आबकारी निरीक्षक सौरभ वर्मा, कार्यवाहक थानाध्यक्ष पुनीत गुप्ता एस एसआई शिवाकांत पांडेय हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, ओमप्रकाश कांस्टेबल अमित कुमार आदि ने आबकारी अधिनियम 60 के तहत दर्ज मुकदमे में जब्त की गई 445 लीटर अवैध कच्ची शराब को गड्ढे में डालकर नष्ट करवाया। सीओ अमर बहादुर ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर ड्रमंडगंज थाने में आबकारी अधिनियम 60 के तहत दर्ज 31 मुकदमे में जब्त की गई 445 लीटर अवैध देशी शराब को आबकारी विभाग की टीम की मौजूदगी में नियमानुसार नष्ट करवाया गया है।

ओवरलोड वाहनों के चलने से गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग

जमालपुर। नरायनपुर-शक्तिनगर और चंदौली जिले के मुगलसराय-चकिया मार्ग को जोड़ने वाला अदलहाट-शेरवां मार्ग बदहाली का शिकार हो गया है। करीब 10 से 12 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ओवरलोड वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति लगातार खराब हो रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर बड़भुईली, उल्होपुर, भुईली खास, रामपुर, बिक्सी, भाईपुर, बहादुरपुर और शेरवां समेत कई गांव स्थित हैं। इन गांवों के लोगों का प्रतिदिन इसी सड़क से आवागमन होता है। विद्यार्थियों सहित छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने के कारण सड़क पर हमेशा आवाजाही बनी रहती है। गड्ढों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ओवरलोड वाहनों के साथ-साथ सड़क किनारे आबादी वाले घरों से बहकर आने वाला पानी भी सड़क को क्षतिग्रस्त कर रहा है। किसान दिवस पर शिकायत के बाद कुछ दिनों के लिए ओवरलोड वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन इससे सड़क की हालत में सुधार नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क की मरम्मत जरूरी है। अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित उमेश द्विवेदी, धर्मेंद्र मौर्य, आशुतोष दुबे और जयप्रकाश मिश्र ने संबंधित विभाग से सड़क पर कम से कम मिट्टी और गिट्टी डलवाकर उसे आवागमन योग्य बनाने की मांग की है।

संक्षेप

किसान को बाइक सवार ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शौच के लिए सेवटी नदी की ओर जा रहे किसान को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसान और बाइक सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गड़बड़ा गोकुल गांव निवासी 17 वर्षीय विनोद गुप्ता अपने पिता कमलेश गुप्ता को बाइक से रतेह चौराहा पर बस में बैठाने गया था। पिता को बस में बैठाने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान सेमरा कलां निवासी 62 वर्षीय किसान सियाराम चौरसिया पैदल शौच के लिए जा रहे थे। तभी बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। किसान के परिजन उन्हें बरौंधा स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं, ग्रामीणों ने घायल किशोर को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे भी मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी, दो गिरफ्तार

मीरजापुर। कोतवाली देहात पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से लोहे की सरिया चोरी करने के मामले में दो बाल अपचारियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 8 सरिया बरामद की हैं, जिनका कुल वजन 80.300 किलोग्राम है। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर को ओम प्रकाश सेठ निवासी पैरिया टोला, हरना की गली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि टिकरा गांव में शिवसागर कॉलोनी के पास एबीसी कंपनी से संबंधित निर्माण कार्य के लिए रखी लोहे की सरिया अज्ञात चोरों ने चुरा ली हैं। तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए चोरी के सामान की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार, 27 अक्टूबर को उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हनुमान पड़रा के पास से दो बाल अपचारियों को पकड़ा। उनके पास से चोरी की गई 8 लोहे की सरिया बरामद हुईं। पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों बाल अपचारियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया।

निधन के बाद कराया गया नेत्रदान

इमिलिया चट्टी। सार्वदेशिक आर्यवीर दल मीरजापुर के प्रयास से मवैया, चुनार के पूर्व प्रधान छोटेलाल सिंह के निधन के बाद उनका नेत्रदान कराया गया। यह पुनीत कार्य साह हॉस्पिटल, रामकटोरा, वाराणसी एवं वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के सहयोग से डॉ. अजय सिंह और उनकी टीम ने संपन्न कराया। मृतक की पत्नी बगेसरा देवी सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। उनके पुत्र मनोज कुमार सिंह शिक्षक हैं, जो माधव विद्या मंदिर, पुरुषोत्तमपुर में कार्यरत हैं। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी इस नेक कार्य में सहयोग दिया। इस अवसर पर अनुराग सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बगही, पूर्व प्रधान गोपाल सिंह, हर्षदेव सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

दस विद्यार्थियों का हुआ चयन

मीरजापुर। सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 10 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित टेक्सट्रॉन कंपनी के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और प्रतिभा के बल पर रोजगार का अवसर प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थियों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तीन, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के पांच तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के दो विद्यार्थी शामिल हैं। विभिन्न तकनीकी शाखाओं के विद्यार्थियों की इस सफलता को संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।संस्थान के निदेशक प्रो. के.एस. वर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

तस्करी में प्रयोग होने वाले तीन दोपहिया वाहन बरामद

मीरजापुर। कटरा कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 152 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत 30 लाख रुपये बताई गई है। मौके से तस्करी में प्रयुक्त दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में एक महिला भी शामिल है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कटरा कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नटवीर चौराहे से नटवां कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सौरभ मिश्रा उर्फ पुष्कर (25) निवासी देवरी आमघाट, थाना कोतवाली देहात, सैफ अली (31) निवासी बर्जी मुकुंदपुर, थाना पड़री और पूजा तिवारी (28) निवासी लोहंदी रोड, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से हेरोइन के अलावा एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजू और 78 खाली प्लास्टिक की पुड़िया बनाने वाली पन्नियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे हेरोइन की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर स्कूटी और मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर बेचते थे। इससे उन्हें अच्छी कमाई होती थी। इस मामले में कटरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। तस्करी में प्रयुक्त तीनों वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला और एक पुरुष आरोपित के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।



राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दमखम

कछवां। सत्यनारायण सिंह खेल संस्थान में आयोजित मंगला राय स्मारक राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला और पुरुष पहलवानों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हुए। देश के विभिन्न हिस्सों से आए पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में दमखम दिखाया। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती नियमों के अनुसार आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के दांव-पेच देखने के लिए खेल प्रेमियों में खासा उत्साह रहा। 57 किलोग्राम भार वर्ग में मुकेश यादव सिगरा, वाराणसी ने बाई के आधार पर बढ़त बनाई। चंदन यादव मुंगवारे ने विशेष नौगढ़ को अंकों के आधार पर हराया। रतन यादव मिर्जापुर ने दीपक सिंह एसएन सिंह अखाड़ा को पराजित किया, जबकि सूरज यादव सिगरा को भी बाई मिली। 65 किलोग्राम वर्ग में विवेक यादव ने अजीत को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं यश गाजियाबाद ने अभिमान को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। 70 किलोग्राम वर्ग में दीपक बागपत ने बाई से बढ़त हासिल की। दीपांशु बीएलडब्ल्यू ने रितेश आजमगढ़ को हराया। अमरजीत एसएन सिंह अखाड़ा, कछवां ने भोले शर्मा मिर्जापुर को पराजित किया।79 किलोग्राम वर्ग में सर्वेश यादव बीएलडब्ल्यू ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मोहित गाजियाबाद को 10-0 और विशु गाजियाबाद को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के 50 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग के फाइनल में हरियाणा की मनीषा ने रोहतक की रेनू को हराकर खिताब जीता। वहीं 86 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में मोहित एसएसबी ने विकास आजमगढ़ को पराजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलपति आनंद कुमार त्यागी के साथ प्रो. अंबरीश राय, पूर्व डीजीपी रामनारायण सिंह, लक्ष्मीकांत गुप्ता और शिवशंकर चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और खेल कौशल दिखाने का मंच प्रदान कर रही है।



दमखम दिखाते पहलवान। छाया:आज

महिला से दिनदहाड़े १८ हजार रुपये की छिनैती

नकाबपोश बदमाश फरार, जांच में जुटी पुलिस

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर स्थित बनका मोहल्ले के पास मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश एक महिला से 18 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। विंध्याचल थाना क्षेत्र के पियरीभीट गांव निवासी रमरज्जी देवी ने बताया कि वह मंगलवार को अपने पति इंद्रमणि के साथ विजयपुर स्थित इंडियन बैंक की शाखा से 18 हजार रुपये निकालकर घर जा रही थीं। उन्हें यह रकम कर्ज चुकाने के लिए देनी थी। दोनों टोटो से घर लौट रहे थे। इंद्रमणि टोटो चला रहे थे और घर से थोड़ी दूरी पर पत्नी को उतारकर आगे जाने वाले थे। महिला के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे टोटो से उतरते ही पीछे से बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाश रुपये छीनकर भागने लगे। महिला और उनके पति ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे मौके से फरार हो गए। घटना के बाद डायल 112 की पीआरवी और गैपुरा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस संबंध में विंध्याचल थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

बिहार समाचार

बिहार में २५ लाख रुपये का अमेरिकी अखरोट जब्त , चालक -खलासी हिरासत में

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के मोतिहारी में कस्टम विभाग की टीम ने एक बड़ी कारवाई करते हुए 25 लाख रुपए मूल्य का कैलिफोर्निया अमेरिकी अखरोट जब्त किया है। गुप्त सूचना पर कस्टम विभाग को एक पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी कि दरभंगा से दिल्ली जाने वाली एक लग्जरी बस के से भारी मात्रा में तस्करी का सामान ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर मोतिहारी कस्टम टीम ने तुरंत जाल बिछाया और पिपराकोठी से आगे गोपालगंज रोड पर कोटवा के पास बस रोककर तलाशी ली। अधिकारियो ने यात्री बस को अंदर चेक किया तो वह हैरान रह गए । बस यात्रियों के जगह भारी मात्रा में 194 बोरियों में अमेरिकी अखरोट लदा हुआ था ।कस्टम विभाग ने जब्त अमेरिकी अखरोट की कुल बाजार कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी है ।जब्त सभी बोरियों पर यूएसए केलिफोर्निया का मार्ग लगा था। कस्टम के सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार ने बताया कि यह प्रथम दृष्टया सीधे तौर पर आयात शुक्ला की चोरी का मामला है। विदेशी माल को भारत में लाकर बिना जायज टैक्स चुकाए यात्री बस के माध्यम से दिल्ली के बाजारों में खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। फिलहाल कस्टम विभाग ने अखरोट को जब्त कर चालक और खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरभंगा से लोड किए गए अखरोट किसका था और इस नेटवर्क से जुड़े कौन-कौन से लोग शामिल हैं इसकी जांच पड़ताल कस्टम विभाग शुरू कर दी है।

बस की छत से 717 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, चालक-खलासी गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.) ।पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कारवाई करते हुए सासाराम से पटना जा रही सोनभद्र बस से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। सोमवार को गुप्त सूचना पर धावा पुल के पास बस को रोककर तलाशी ली गई ।बिक्रमगंज थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि बस की छत पर लगेज के रूप में बंधे पांच प्लास्टिक बोरों में 15 कार्टून रखे थे। इनमें 8 पीएम स्पेशल की 479 और आफ्टर डार्क ब्लू की 238 बोतलें, कुल 717 बोतलें (129.060 लीटर) बरामद हुईं। सभी 180 एमएल की थीं ।पुलिस ने कंडक्टर अनिल सिंह (56), मथुरापुर, संझौली और चालक अर्जुन कुमार (47), खरौना, तरारी, भोजपुर को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खेप सासाराम से लादी गई थी और मोबाइल नंबर के जरिए पटना पहुंचाने के निर्देश थे। पुलिस तस्करी नेटवर्क की जांच कर रही है।

डेहरी में नहर से मिला लापता युवक का शव

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। नगर के न्यू डिलियां भेड़िया टोला निवासी 24 वर्षीय अमित कुमार का शव उच्चस्तरीय नहर से बरामद किया गया। युवक रविवार शाम से लापता था। भेड़िया गांव के पास शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार अमित घर से शाम को दूध देने गया था। लौटकर नहीं आया तो खोजबीन शुरू की। सीसीटीवी में वह 6ः30 बजे दिखा। भैंसहा नहर पुल के पास उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी चालू हालत में मिली, जिसके बाद अनहोनी की आशंका हुई ।सूचना पर अंचलाधिकारी अविनाश कुमार गोताखोरों के साथ पहुंचे और तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद शव मिला। डालमियानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेजा। परिजनों को आशंका है कि शौच के दौरान पैर फिसलने से वह नहर मेंडूब गया।

संक्षिप्त समाचार

आनंद किशोर से ईडी करेगी पूछताछ

पटना (आससे.) । रिशु श्री से जुड़े कथित टेंडर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच एक बार फिर तेज हो गई है. इस मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने आनंद किशोर समेत बिहार के छह आईएएस अधिकारियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है. इन अधिकारियों से रिशु श्री जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर पूछताछ की जानी है. जानकारी के मुताबिक, ईडी ने आनंद किशोर, संतोष कुमार मल्ल, धर्मेंद्र कुमार, योगेश कुमार सागर, अभिलाषा कुमारी शर्मा और सुनील यादव को समन भेजा है.इन छह आईएएस अधिकारियों में सुनील यादव से आज ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है. वहीं, अभिलाषा कुमारी शर्मा से ईडी की टीम ने कल ही पूछताछ कर चुकी है. अब आनंद किशोर से 30 अक्टूबर को पूछताछ होगी. अधिकारियों से पूछताछ के जरिए ईडी टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े लेनदेन समेत मामले के अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है.जानकारी के अनुसार, आनंद किशोर से 30 अक्टूबर को पूछताछ की जानी है. वहीं संतोष कुमार मल्ल से 29 अक्टूबर को पूछताछ की जाएगी. बता दें, ईडी की ओर से जारी समन के बाद सभी अधिकारियों से अलग-अलग समय पर पूछताछ की जाएगी. रिशु श्री से जुड़े इस कथित टेंडर घोटाला मामले में ईडी की जांच पहले भी चलती रही है. इस मामले में 2023 में केस दर्ज हुआ था. अब छह द्बरु अधिकारियों को समन किए जाने के बाद जांच को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. हालांकि, अधिकारियों से पूछताछ में क्या जानकारी सामने आई है, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है.उच्च न्यायालय रिशु श्री की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

प्रिंस एलॉइस ने पीएम मोदी से की मुलाकात

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत की। प्रिंस एलॉइस की यह भारत की दूसरी राजकीय यात्रा थी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी से मुलाकात की थी ।इस बीच, शाही जोड़े ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां उन्होंने पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ह्यविदेश मंत्री एस जयशंकर ने राजकीय यात्रा के दौरान प्रिंस एलोइस से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ती गति पर प्रकाश डाला। एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, भारत की राजकीय यात्रा पर आए लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मुलाकात करना मेरे लिए खुशी की बात है।

सुल्तानपुर : संदिग्ध हालात में दो दोस्तों की मौत

सुल्तानपुर (एजेंसी)। सुल्तानपुर में सोमवार रात संदिग्ध हालात में दो दोस्तों की मौत हो गयी दोनों एक दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान उन्हें उल्टी हुई और वे गिर पड़े। घटना के बाद इलाके में हलचल मच गयी। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घटना कोतवाली देहात क्षेत्र में दूबेपुर ब्लॉक मुख्यालय के पास की है। मृतकों की पहचान डब्लू चौबे (42) और विजय जायसवाल (30) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों सोमवार रात करीब नौ बजे भंडारे में शामिल होने के बाद दूबेपुर पहुंचे थे। वे एक दुकान पर बैठे हुए थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी। दोनों को उल्टी हुई और वे गिर पड़े। विजय जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि डब्लू चौबे को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सोशल मीडिया पर दोनों की मौत सड़क हादसे में होने की खबरें प्रसारित होने लगीं। हालांकि, शुरुआती जानकारी के मुताबिक, उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में मौत की वजह को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022463

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोनः- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

प्रतिभा और परिश्रम से संभावनाओं को उपलब्धियों में बदल रही युवाशक्ति-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे.) । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उत्तर प्रदेश की युवाशक्ति अपनी प्रतिभा और परिश्रम से संभावनाओं को उपलब्धियों में बदल रही है। उन्होंने वर्ष 2017 के बाद डबल इंजन सरकार की बदली कार्य संस्कृति से भी प्रदेशवासियों को अवगत कराया और रोजगार सृजन में युवाशक्ति की नई पहचान भी बताई। मुख्यमंत्री ने लिखा कि नवाचार की नई सोच हो, उद्यमिता का साहस हो या विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए प्रतिमान स्थापित करने का संकल्प, उत्तर प्रदेश की युवाशक्ति अपनी प्रतिभा और परिश्रम से संभावनाओं को उपलब्धियों में बदल रही है। इसी ऊर्जावान युवाशक्ति के सामर्थ्य, सृजनशीलता और उपलब्धियों का अभिनंदन करने के लिए आज लखनऊ में आयोजित टीओआई यूथ आइकॉन्स समिट एवं अवार्ड्स 2026 में सहभागिता



करूंगा ।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को अवसरों के अभाव में पलायन करना पड़ता था। भर्तियों में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अव्यवस्था से युवाओं का भविष्य अंधकारमय था। प्रतिभा थी, लेकिन उसे आगे बढ़ने के लिए अपेक्षित अवसर और प्रोत्साहन नहीं मिल पाता था ।मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने इस कार्य-संस्कृति को बदला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने पारदर्शी भर्ती, कौशल विकास, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए आगे बढ़ने के नए अवसर सृजित किए हैं। आज उत्तर प्रदेश की युवाशक्ति केवल रोजगार की आकांक्षी नहीं, बल्कि रोजगार सृजन में भी अपनी नई पहचान गढ़ते हुए विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

यूपी : विवादित पोस्ट की भाषा पर चुनाव आयोग ने मांगी माफी

लखनऊ (आससे)। 'राम ने शर्मा को मारा' मामले में आधिकारिक हैंडल से दिये गये जवाब की भाषा को लेकर उठे विवाद के बाद चुनाव आयोग ने माफी मांगी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि पोस्ट में इस्तेमाल की गयी टिप्पणियों की भाषा, भाव और तीखापन आधिकारिक हैंडल से अपेक्षित संवाद के अनुरूप नहीं था। नवदीप रिणवा ने कहा कि पोस्ट की टिप्पणियों से लोगों में पैदा हुए वास्तविक आक्रोश को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे अचंभित और नाराज लोगों से ईमानदारी से माफी मांगी जाती है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे से आधिकारिक हैंडल पर संवाद की भाषा शालीन और औपचारिक रखी जायेगी।

सीबीआईसी ने बदले जीएसटी से जुड़े नियम

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जीएसटी पंजीकरण, कर मांगों और निर्यात भुगतानों पर आठ नए सर्कुलर जारी किए हैं। ये सर्कुलर इस महीने की शुरुआत में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुरूप हैं। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य करदाताओं को स्पष्टता प्रदान करना और कर प्रशासन को सुव्यवस्थित करना है।26 अक्तूबर को जारी जीएसटी पंजीकरण दिशानिर्देशों में आवेदकों द्वारा जमा किए जाने वाले दस्तावेज की सूची शामिल है। इसमें सहमति पत्र, हलफनामे और वचनपत्र के प्रारूप भी दिए गए हैं। इससे कर अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त दस्तावेज की मांग कम होगी। अधिनियम के तहत मांग, अधिनिर्णय और अपील कार्रवाई से संबंधित मुद्दों पर भी स्पष्टीकरण जारी किया है। इसका लक्ष्य अधिकारियों के लिए एक समान संदर्भ ढांचा प्रदान करना है।

पूरा सिस्टम दवा निर्माताओं की कर रहा मदद-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) और रिटेलर को मिलने वाली कीमतों में भारी अंतर पर सरकार से सवाल किए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने पूछा कि पूरा सिस्टम दवा निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा है। कोर्ट ने नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी को निष्क्रिय बताते हुए सवाल किया कि दवाओं की कीमतों पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही। कोर्ट ने कहा कि सरकार की नजरों के सामने यह सब हो रहा है, क्या इसे ऐसे ही बेलगाम चलने देना चाहिए। दोनों मामलों की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुद्दा ये है कि कई दवाओं की लागत 10-20 रुपए है, यह रिटेलर को 30 रुपए में मिलती है, पर एमआरपी 150-200 रुपए छपा होता है। यही गैप कोर्ट को खटक रहा है। इससे पहले सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एंटी-कैंसर दवाओं का ट्रेड मार्जिन एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित करने पर केंद्र के जवाब को मुश्किल से कुछ खुश होने लायक बताया था। कोर्ट ने सवाल किया था कि सरकार दूसरी दवाओं के ट्रेड मार्जिन की सीमा तय क्यों नहीं कर सकती। अस्पतालों के कैंसर दवाओं पर भारी मुनाफा जोड़े जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी आलोचना का सामना कर चुके केंद्र ने कहा था कि उसने एंटी-कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन रुक्क्क के 30त्न तक सीमित करने का अहम फैसला लिया है। केंद्र के मुताबिक, इस फैसले से मरीजों को सालाना करीब 2,500 करोड़ रुपए की बचत होने की उम्मीद है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से सवाल किया था कि ?2700 की कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 क्यों है। कोर्ट ने दवाओं की कीमतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह नरसंहार है।

एसआईआर : कर्नाटक की अंतिम मतदाता सूची जारी, एक करोड़ नाम कटे

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के मुताबिक, राज्य में अब कुल 4,55,00,011 मतदाता हैं। एसआईआर से पहले यह संख्या 5,54,32,314 थी। इस तरह मतदाता सूची से करीब 99.32 लाख नाम कम हुए हैं। अंतिम सूची में 2,25,40,493 पुरुष और 2,29,12,355 महिला मतदाता हैं। वहीं, तीसरे लिंग के 2,841 मतदाता दर्ज किए गए हैं। राज्य में 18 से 19 वर्ष की आयु के 6.83 लाख से अधिक मतदाता हैं। बता दें कि 24 अगस्त से 23 सितंबर तक चले दावे और आपत्तियां दर्ज करने के दौरान, मतदाता सूची में 10,08,038 (10.08 लाख) नए मतदाता जोड़े गए, जबकि 1,88,324 (1.88 लाख) नाम हटा दिए गए।

मंत्रिमंडल विस्तार से नेकां में असंतोष, उमर के सामने पार्टी एकजुट रखने की चुनौती

जम्मू (आससे.)। जम्मू कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल विस्तार ने नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के भीतर मंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं और वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा का सवाल फिर खड़ा कर दिया है। चार नए मंत्रियों को शामिल करने और मौजूदा मंत्री सतीश शर्मा को हटाने के फैसले से सरकार का समीकरण बदला है, लेकिन पार्टी के सभी नेताओं को साथ लेकर चलना उमर के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में अली मोहम्मद सागर, मीर सैफुल्ला, शमीमा फिरदौस और अल्ताफ कालू को जगह मिली है। वहीं, वरिष्ठ नेता मुबारक गुल को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से निराशा की खबर सामने आई है। इससे पार्टी में वरिष्ठता, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और नेतृत्व के करीबी नेताओं को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर सवाल उठने की गुंजाइश बढ़ी है। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले ही मंत्री पद के दावेदार विधायकों की संख्या और नेतृत्व पर दबाव की खबरें सामने आ रही थीं। उमर ने सार्वजनिक रूप से विधायकों से मंत्री पद के लिए उन्हें और पार्टी अध्यक्ष डा फारूक अब्दुल्ला को संदेश भेजना बंद करने की अपील की थी। यह संकेत था कि सीमित पदों के मुकाबले पार्टी के भीतर दावेदारों की संख्या कहीं अधिक है। नेकां के लिए चुनौती केवल असंतुष्ट नेताओं को मनाने तक सीमित नहीं है। सरकार को चुनावी वादों, बेरोजगारी और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने जैसे मुद्दों पर भी जवाब देना है। कांग्रेस राज्य का दर्जा बहाल होने तक मंत्रिमंडल में शामिल होने से इनकार कर चुकी है, जिससे गठबंधन की राजनीति भी जटिल बनी हुई है। पार्टी का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि उमर असंतोष को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं तक सीमित रख पाते हैं या यह नेतृत्व और फैसले लेने की प्रक्रिया पर व्यापक सवाल बन जाता है। यदि वरिष्ठ नेताओं और उपेक्षित विधायकों में नाराजगी बनी रहती है, तो उसका असर विधानसभा में पार्टी के तालमेल, सरकार की कार्यक्षमता और भविष्य की चुनावी संभावनाओं पर पड़ सकता है। फिलहाल, असंतोष के व्यापक संगठनात्मक संकट में बदलने की पुष्टि नहीं हुई है।

खड़गे ने १३ राज्यों की जारी कर दी लिस्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एसआईआर को लेकर एक आंकड़ा जारी कर केंद्र और चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर 1 नवंबर को प्रस्तावित विपक्ष की रैली को दबाने का भी आरोप लगाया. राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन हर नागरिक के वोट और हमारे संविधान की रक्षा के लिए अपना लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगा. कांग्रेस अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक समेत 13 राज्यों में हुए एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आयोग के कारनामे सामने आ रहे हैं और वोट चोरी का पर्दाफाश हो रहा है, मोदी-शाह जन-आंदोलन को दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं! वे सीईसी ज्ञानेश कुमार को क्यों बचा रहे हैं. ध्यान भटकाने की ये चालें और झूठा प्रचार केवल मोदी सरकार की साख गिरा रहे हैं और हमारे लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं.उत्तर प्रदेश: पीलीभीत में 10,470 अनियमित फॉर्म 8 बदलावों के कारण एफआईआर दर्ज की गई और राज्यव्यापी ऑडिट शुरू हुआ. अलग से 158 एमएलसी इलेक्टोरल रोल एंट्री में सॉफ्टवेयर-जनरेटेड नाम की गलतियां थीं. महाराष्ट्र: एसआईआर ड्राफ्ट रोल से 2.07 करोड़ नाम हटा दिए गए. एमएलसी सूचियों में कंप्यूटर/ऑटोमैटिक ट्रांसलेशन की वजह से हुई गलतियां सामने आईं.पश्चिम बंगाल: विधानसभा चुनावों के बाद मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की तय की गई अपीलों में से 93 फीसदी सफल रहीं.राजस्थान: भारतीय चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग की सूचियों के बीच लगभग 30 लाख विसंगतियां पाए गए.गुजरात: एसआईआर के बाद मतदाता सूची में 68.12 लाख नाम घट गए. अब लोगों के नाम फिर से जोड़ने का खास अभियान चलाया जा रहा है.कर्नाटक: आम तौर पर फॉर्म 7 कोई आम नागरिक या मतदाता किसी का नाम कटवाने के लिए भरता है, लेकिन यहां खुद चुनाव अधिकारियों द्वारा ही 61,059 लोगों के नाम काटने के लिए फॉर्म 7 भरे गए, जिस पर सवाल उठाए गए हैं. आंध्र प्रदेश: 20,959 फॉर्म 7 आवेदनों में चुनाव अधिकारियों को ही आपत्ति जताने वाले के रूप में नामित किया गया. झारखंड: चतरा विधानसभा क्षेत्र में 4,790 फॉर्म-7 आवेदन आए, जो राज्य के कुल आवेदनों का लगभग 36 फीसदी है. दिल्ली: ड्राफ्ट रोल से 47.5 लाख नाम हटा दिए गए. मीडिया जांच के बाद फॉर्म-6 के निपटान आंकड़ों को संशोधित किया गया।

हूतियों के आगे सऊदी का सरेंडर

हूतियों के साथ विवाद का एक हिस्सा तीन साल पहले बनी सहमतियों को लागू करने से जुड़ा है

रियाद (एजेंसी)। इजरायली मीडिया ने खाड़ी क्षेत्र के राजनयिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि सऊदी अरब ने यमन के हूती ग्रुप को 1 अरब अमेरिकी डॉलर देने की पेशकश की है। यह पेशकश ईरान की मध्यस्थता में हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसका मकसद सीजफायर लागू करना और सऊदी अरब पर हो रहे हमलों को रोकना है। रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान हूतियों के साथ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए तेहरान गए थे। इस प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान के माध्यम से हूती समूह को 1 अरब अमेरिकी डॉलर दिए जाने की बात है।

एक राजनयिक सूत्र ने दावा किया कि सऊदी के मंत्री उस हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान में ही यह रकम लेकर आए थे, जिससे वे तेहरान पहुंचे थे। हालांकि, सऊदी अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि कोई रकम ट्रांसफर की गई है या नहीं। खबरों के मुताबिक, इस बातचीत में तुर्की के खुफिया प्रमुख इब्राहिम कलिन और पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी शामिल थे। इनके अलावा, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के



महासचिव मोहसेन रेजाई और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें मौजूद थे। रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल प्रतिष्ठानों पर बढ़ते हमलों के बीच ईरान ने सऊदी अरब और हूतियों के बीच मध्यस्थता करने की पेशकश की। इन हमलों से सऊदी अरब को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, होर्मुज स्ट्रेट में टैंकरों पर हुए ईरानी हमलों की वजह से खाड़ी क्षेत्र से तेल के निर्यात में भी बाधा आई है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में इस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान और मक्का संयुक्त रक्षा गठबंधन के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की तेहरान यात्रा, इस गठबंधन के उन प्रयासों का हिस्सा है जिनका मकसद मौजूदा संकट में शामिल पक्षों के बीच तनाव कम करना, बातचीत और राजनयिक समाधान को बढ़ावा देना, तथा कतर और पाकिस्तान द्वारा की जा रही मध्यस्थता के प्रयासों का समर्थन करना है। इजरायली मीडिया से बात करते हुए एक सऊदी अधिकारी ने पैसों के लेन-देन की पुष्टि तो नहीं की, लेकिन यह जरूर कहा कि हूतियों के साथ विवाद का एक हिस्सा तीन साल पहले बनी सहमतियों को लागू करने से जुड़ा है। इन समझौतों के तहत, सऊदी अरब को हुतियों को सीधे आर्थिक मदद देनी थी, ताकि विवाद को सुलझाने की कोशिशें आगे बढ़ सकें। इस फंडिंग का मकसद, अन्य बातों के अलावा, हुतियों के नियंत्रण वाले इलाकों में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देना और आम नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करना था। रिपोर्टों के अनुसार, इसके बदले में हुतियों से यह उम्मीद की गई थी कि वे सीजफायर का पालन करेंगे और सऊदी अरब पर हमले बंद कर देंगे।

शेष

वाराणसीके...

चितईपुर और टांस वरुणाके पुराने वार्डको लेकर २६ वार्डोंमें पेयजल और सीवर लाइन बिछानेका कार्य किया जायेगा। जिसमें करीब २६७८.९२ करोड़ खर्च होनेकी सम्भावना है। कैबिनेटसे इन प्रस्तावोंके स्वीकृत होनेके बाद संबंधित विभागोंने कागजी प्रक्रिया तेज कर दी। इन क्षेत्रोंमें टेण्डर आमंत्रित धरातलपर निर्माण कार्य शुरू कराये जायेंगे। जिससे नागरिकोंको गन्दगीसे मुक्ति मिलेगी। २२ वार्डोंमें अमृत दो योजनाके तहत २१६१ करोड़की लागतसे ३५३.१३ किलोमीटर सीवर लाइन और ६५१.६४ किलोमीटर पेयजल लाइन बिछानेको मंजूरी मिली है। जिन तीन वार्डोंमें ये लाइनें बिछायी जायेगी उनमें चितईपुरके अन्तर्गत भगवानपुर, छित्तूपुर खास, सीवरगोवर्धन, सुसुवाहीं, कंदवा और करौंदी। यहां के लिए कैबिनेटने पेयजल योजनापर २२७.९० करोड़, सीवर योजनापर ७४८.९० करोड़, इसी प्रकार लहरतारा जोनमें मंडुवाडीह, फुलवरिया, शिवदासपुर, लोहता, मढ़ौली, ककरमत्ताके लिए बजट स्वीकृत किया गया है जिसमें पेयजल योजनापर २१४.२१ करोड़, सीवर योजनापर ६३०.६४ करोड़ और वरुणा जोनमें पुराने वार्ड नम्बर १३ में सरसौली, तरना, पाण्डेयपुर, नारायणपुर, दनियालपुर, अकथा, सारनाथ, पहड़िया, खजुरी, रमरेपुर, ढिढोरी महाल, सिकरौल और शिवपुरमें पेयजल योजनापर २५२.८५ करोड़ और सीवर योजनापर ६०४.४२ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

104.28..

केंद्र (उप्र-सीएसओसी) की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस केंद्र के जरिये प्रदेश के डेटा सेंटर, उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क, सरकारी ऐप्लीकेशन और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल परिसंपत्तियों की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि, हमले या डेटा सेंधमारी की स्थिति में त्वरित कारवाई और प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यूपी : विधान परिषद...

शुरुआती बढ़त बनाए हुए हैं। इन सभी 11 सीटों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान हुआ था। 152 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मतपत्रों के बंडल बनाने और मतपत्रों की संख्या के साथ छेड़छाड करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की। लखनऊ में मतगणना केंद्र पर शिक्षक सीट की मतगणना के दौरान शाम करीब 4.30 बजे वैध और अवैध मतों को लेकर विवाद की स्थिति बन गयी। इसी प्रकार स्नातक सीट की उम्मीदवार समाजवादी पार्टी की कांति सिंह ने मतपत्रों की संख्या को लेकर गंभीर सवाल उठाए। इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगरा खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने एक्स कर लिखा है कि आगरा खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। अब प्रशासन द्वारा काउंटिंग रोके जाने की सूचना है। चुनाव आयोग संज्ञान ले, निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित हो। इन आरोपों पर एडीएम आगरा यमुनाधर चौहान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सपा के इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है और कहा कि काउंटिंग रोकी नहीं गयी है और यथावत जारी है।

रामलीला...

से 3 नवंबर तक रामलीला मैदान की बुकिंग के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया था और अनुमति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, अशोक होटल में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने कहा कि यह निजी परिसर है और अनुमति का फैसला होटल प्रबंधन पर निर्भर करता है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्य चुनाव आयुक्त को बचाने के लिए विपक्ष के अभियान में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर अपना अभियान जारी रखेगा। उनके मुताबिक, एक नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में करीब 21 विपक्षी दल शामिल होंगे। जगह को लेकर अड़चन आने पर गठबंधन दूसरे स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करेगा।

ज्ञानेशके...

जवाब मांगे जाने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को लगातार उठाता रहेगा और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों और आम नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाया जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष एकजुट होकर कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाएगा और जनता के वोट के अधिकार की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगा।

हटेंगे तीन...

गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारियों के तबादले के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि किसी अधिकारी को एक जिले में तीन साल से अधिक समय तक तैनात नहीं रखा जाए और गृह जिले में तैनात अधिकारियों का तबादला किया जाए। निर्देशों के अनुसार, पिछले चार वर्षों में किसी जिले में तीन साल की सेवा पूरी कर चुके अधिकारियों को भी स्थानांतरित करना होगा। गोवा, मणिपुर, पंजाब और उत्तराखंड में कार्यकाल की गणना के लिए 31 मार्च 2027 तथा उत्तर प्रदेश में 31 मई 2027 की कटऑफ तारीख तय की गई है। जिले के भीतर पदोन्नति के बाद की सेवा भी तीन साल की अवधि में शामिल होगी। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी और पुलिस उपनिरीक्षक या उससे ऊपर के अधिकारी को उस निर्वाचन क्षेत्र में तैनात न किया जाए, जहां वे पिछले विधानसभा चुनाव या उसके बाद हुए उपचुनाव के दौरान तैनात रहे हों। उल्लेखनीय है कि इन पांच राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है।

एमएलसी..

पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधान परिषद चुनाव में बैलेट बॉक्स में बिना फोल्ड किये बैलेट मिलने का दावा करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाये। अखिलेश ने धर्मेंद्र कश्यप और उनकी बेटी कीर्ति कश्यप का सपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र कश्यप के आने से पीडीए का संघर्ष मजबूत होगा और भाजपा चुनाव हारेगी। अखिलेश ने चुनाव आयोग से मतदाता सूची दुरुस्त कराने की अपील की। उन्होंने मतदान में बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई। उनका आरोप था कि जिन क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी के समर्थक मतदाता हैं, वहां लंबी कतारें लग रही हैं और केवल एक मशीन लगाकर मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि गोरखपुर में बिना सील का बाक्स मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि छोटी कारवाई के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

सप्रीम कोर्टने...

आयोग में हो रही मीटिंग्स और कम्युनिकेशंस का ब्योरा सुरक्षित रखने का आदेश दे। इस पर ष्टछ्व सूर्यकांत ने कहा हमें सब पता है। हम जांच करेंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को ही कहा था कि स्ढ्ढक्र से जुड़े सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए थे। चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हमने स्ढ्ढक्र के फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया है। नियमों के अनुसार इस पर बदलाव का अधिकार केंद्र के पास है। फैसलों पर ष्टश्वष्ट ज्ञानेश कुमार, कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों की सहमति थी। कोर्ट में दाखिल एफिडेविट पर भी तीनों के दस्तखत हैं।

निर्वाचन आयोग...

आयोग का यह तर्क 'भ्रामक' है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 26 सितम्बर, 2026 को निर्वाचन आयोग ने कहा था कि यह घोषणा पत्र फॉर्म-6 के साथ संलग्न है, जबकि अब उसका कहना है कि यह फॉर्म-6 का हिस्सा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग 'निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के खुले उल्लंघन' को छिपा नहीं सकता। रमेश ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) पर एसआईआर से जुड़े फैसले 'एकतरफा' तरीके से लेने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि आयोग अब यह दावा कर रहा है कि एसआईआर से जुड़े प्रमुख आदेशों को तीनों निर्वाचन आयुक्तों की औपचारिक मंजूरी प्राप्त थी। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि दो निर्वाचन आयुक्तों ने सीईसी के निर्देशों पर कथित उल्लंघनों और कार्रवाइयों को लेकर आधिकारिक रूप से आपत्ति दर्ज करायी थी, लेकिन उनकी आपत्तियों की अनदेखी की गयी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दोनों आयुक्तों को कुछ फैसलों की जानकारी समाचारों से मिली। रमेश ने कहा कि यह सर्वसम्मति नहीं, बल्कि एकतरफा निर्णय प्रक्रिया है। उन्होंने 'ईसीआईनेट' के जरिये मतदाता सूचियों पर नियंत्रण के कथित केंद्रीकरण को लेकर भी सवाल उठाये। रमेश ने दावा किया कि वैधानिक प्राधिकारी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के अधिकारों को दरकिनार किए जाने का मुद्दा दो निर्वाचन आयुक्तों ने रेकार्ड पर उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से ईआरओ के फैसलों को कथित तौर पर पलटे जाने के मामले सामने आये हैं।



भूखे शेर की तरह दहाड़े अभिषेक

तीसरा टी-२०: वैभवके साथ शतकवीर ने वेलिंगटनमें मचाया गदर, भारत ने ८० गेंद में ही न्यूजीलैण्ड को छह विकेटसे हरा शृंखला में ली अजेय बढ़त

वेलिंगटन (आससे)। २२ गज की पट्टी पर मंगलवार को कुछ ऐसा हुआ जिसकी उम्मीद नहीं थी। अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी वो कर दिखाया जो कल्पना से परे था। इन दोनों के बल्ले से गेंद की टकराहट कभी वाद्ययंत्रों की झंकार का अहसास कराती तो कभी बारूद के गोले के विस्फोट सा। दर्शक तो दर्शक अम्पायर भी इस हैरत अंगेज बल्लेबाजी के आनन्द में इतना डूब गये कि वे गेंद गिनना ही भूल गये और पांच ही गेंद पर ओवर दे दिया हालांकि बाद में छठीं गेंद फेकी गयी। न्यूजीलैण्ड ने जब भारत के सामने १९९ रन का लक्ष्य रखा तो लगा कि लड़ाई तगड़ी होगी लेकिन अभिषेक और वैभव तो आज इतिहास लिखने आये थे। शतकवीर अभिषेक और वैभव सूर्यवंशी ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को ऐसा धोया कि भारत ने ८० गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर पांच मैचों की शृंखला में ३-० की अजेय बढ़त बना ली। वेलिंगटन की यह जीत सिर्फ स्कोरकार्ड की कहानी नहीं है। यह भारतीय टी-२० क्रिकेट के उस नये मिजाज का ऐलान है जिसमें विरोधी के बड़े स्कोर को भी बौना बनाने का दम है। न्यूजीलैण्ड ने २० ओवरों में तीन विकेट खोकर १९८ रन बनाये जिसे भारत ने १३.२ ओवर में चार विकेट पर १९९ रन बना कर हासिल कर लिया और छह विकेट से जीत दर्ज कर ली। भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैण्ड की धरती पर लगातार तीसरी टी-२० अंतरराष्ट्रीय शृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने २०२० में ५-० और २०२२ में १-० से शृंखला अपने नाम की थी। १९९ रन के लक्ष्य के सामने भारतीय पारी की शुरुआत जैकब डफी के ओवर में २६ रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में १७ रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमश: २१ और २० रन लुटाये। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैण्ड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी वही भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आयी। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर आफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए। अभिषेक के शाट में इतनी ताकत और धार थी कि सूर्यवंशी की चमक कुछ कम हो गयी। इस किशोर बल्लेबाज ने भी हालांकि कई बेहतरीन



शाट खेलकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस जोड़ी ने महज २.२ ओवर में ही टीम का अर्द्धशतक पूरा कर दिया और पांच ओवर में १०० रन पूरे कर विश्व रेकार्ड बना दिया। अभिषेक और वैभव के बल्ले से हो रही आतिशबाजी के बीच भारत ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए स्कोर बोर्ड पर ११८ रन दर्ज करा दिये जो दुनिया की किसी भी टीम का सर्वाधिक पावरप्ले स्कोर बन गया। अभिषेक ने १५ गेंद में अर्द्धशतक पूरा कर लिया। इन दोनों ने ४३ गेंद में भारत का स्कोर १३३ रन पहुंचा दिया। इसी स्कोर पर आठवें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू फिशर ने वैभव को अपना शिकार बना इस जोड़ी को तोड़ दिया। वैभव ने १९ गेंद में चार चौके, चार छक्के की मदद से ४५ रन बनाये। इधर अभिषेक का प्रहार जारी रहा और उन्होंने ३५ गेंद में अपना दूसरे सबसे तेज शतक पूरा कर लिया। टीम जब जीत से २१ रन दूर थी अभिषेक ३८ गेंद पर नौ चौके, ११ छक्के की मदद से ११३ रन की पारी खेल कर कायले जैमिसन को अपना विकेट दे बैठे। संजू सैमसन (१८) को जैमिसन ने बोल्ड किया तो कप्तान श्रेयस अय्यर (पांच) सेंटनर के शिकार हुए। अन्त में नमन धीर (चार) और तिलक वर्मा (एक) ने १३.२ ओवर में भारत का स्कोर चार विकेट पर १९९ रन कर दिया। इससे पहले भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने लगातार तीसरी बार टास जीतकर न्यूजीलैण्ड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट) ने टिम सीफर्ट को आउट कर दूसरे ओवर में ही भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद फिन एलन और डेरिल मिचेल ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए दूसरे विकेट के लिए ८६ रन की साझेदारी कर न्यूजीलैण्ड की पारी को मजबूती दी। एलन ने २५ गेंदों पर ४० रन बनाये। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार के शुरुआती ओवर में दो छक्के जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए। एलन ने पहले भुवनेश्वर की गेंद को लांग आन के ऊपर से छह रन के लिए भेजा और फिर डीप मिडविकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने प्रिंस यादव की आफ स्टंप के बाहर की गेंद को स्क्वायर लेग के ऊपर से छह रन के लिए पहुंचाया। मिचेल ने भी अपनी लय हासिल करते हुए कुछ आकर्षक चौके लगाये। उन्होंने प्रिंस की गेंद पर कमाल का रैंप शाट खेला। एलन की आक्रामक पारी पर नितीश कुमार रेड्डी ने विराम लगाया। अक्षर पटेल ने फार्म में चल रहे ग्लेन फिलिप्स (१७) को आउट कर न्यूजीलैण्ड को बड़ा झटका दिया। मिचेल को इसके बाद बेवन जैकब्स का अच्छा साथ मिला। जैकब्स ने २३ गेंदों पर नाबाद ३९ रन बनाए। दोनों ने आठ ओवर में चौथे विकेट के लिए ७५ रन जोड़कर न्यूजीलैंड का स्कोर २० ओवर में तीन विकेट पर १९८ रन कर दिया। मिचेल ५२ गेंद में ८९ रन बना कर अजेय लौटे।

लगी रेकार्ड की झड़ी

पांच ओवरमें १००, पावरप्ले में ११८ रन



वेलिंगटन (एजेन्सियां)। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच मंगलवार को खेला गया टी-२० शृंखला का तीसरा मैच कई रेकार्ड बना गया। १९९ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा की जोड़ी ने पहले ही ओवर में २६ रन जोड़ दिए और पारी के सबसे महंगे ओवर का रेकार्ड बना दिया। अभिषेक ने इस मैच में ३८ गेंद में ११३ रन बनाये। इस दौरान उन्होंने नौ चौके और ११ छक्के लगा. और कई रेकार्ड अपने नाम किए। यह अंतरराष्ट्रीय टी-२० क्रिकेट के इतिहास का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक था। इस मामले में अभिषेक ही शीर्ष पर हैं उन्होंने इसी साल अफगानिस्तान के खिलाफ ३० गेंद में शतक लगाया था। सिकंदर रजा और फिन एलेन ३३ गेंद में शतक लगा चुके हैं। डेविड मिलर, रोहित शर्मा और अब अभिषेक ने ३५ गेंद में शतक लगाया है। टी-२० क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में अभिषेक क्रि स गेल के २२ और बाबर आजम के १३ शतक के बाद ११ शतक के साथ तीसरे नंबर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय टी-२० क्रिकेट में यह उनका चौथा शतक था। इस लिस्ट में रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल पांच शतक के साथ शीर्ष पर हैं। करणबीर सिंह, फिल साल्ट और सूर्यकुमार यादव के साथ अभिषेक दूसरे नंबर पर हैं। भारत ने इस मैच में पांच ओवर में ही १०० रन बना लिए थे और ऐसा करने वाली पहली टीम बनी। इससे पहले सबसे कम ओवर में १०० रन बनाने का रेकार्ड रोमानिया के नाम था। इस टीम ने सर्बिया के खिलाफ २०२१ में ५.२ ओवर में १०० रन बनाये थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने २०२३ में वेस्टइण्डीज के खिलाफ ५.३ ओवर में १०० रन पूरे किए थे। आस्ट्रेलिया ने २०२४ में स्काटलैंड के खिलाफ ५.३ ओवर में यह कारनामा किया था। जिम्बाब्वे की टीम ५.५ ओवर में गाम्बिया के खिलाफ ऐसा कर चुकी है। २०२५ में इंगलैण्ड ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ५.५ ओवर में यह कारनामा किया था। भारत ने इस मैच में पावरप्ले में ही बिना कोई विकेट खोए ११८ रन बना दिए थे। यह अंतरराष्ट्रीय टी-२० क्रिकेट में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। दूसरे नंबर पर रोमानिया का ११६ रन का स्कोर है जो उसने सर्बिया के खिलाफ २०२१ में बनाया था। हालांकि ५.४ ओवर में ही यह पारी खत्म हो गयी थी। तीसरे नंबर पर आस्ट्रेलिया का का स्कोर है एक विकेट पर ११३ रन है जो २०२४ में स्काटलैंड के खिलाफ बना था। चौथे नंबर पर जिम्बाब्वे की टीम है। जिम्बाब्वे ने २०२४ में गाम्बिया के खिलाफ एक विकेट पर १०३ रन का स्कोर बनाया था। दक्षिण अफ्रीका ने २०२३ में वेस्टइण्डीज के खिलाफ पावरप्ले में १०२ रन बनाये थे। २०२५ में इंगलैण्ड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ और भारत ने इसी साल जिम्बाब्वे के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट खोए १०० रन का स्कोर बनाया था। वैभव और अभिषेक शर्मा ने इस मैच में शानदार शतकीय साझेदारी की और १८.१३ के रन रेट से रन बनाये। इन दोनों ने मिलकर ४३ गेंदों में १३३ रन बनाए। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे तेज शतकीय साझेदारी थी। इन दोनों ने ३० गेंद में ही १०० रन जोड़ लिए थे। इस मामले में जोश बटलर और फिल साल्ट दूसरे स्थान पर हैं। इन दोनों ने २०२५ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ १६.०८ के रन रेट से स्कोर किया था। २०१६ में हाशिम अमला और एबी डिविलियर्स ने इंगलैण्ड के खिलाफ १५ के रन रेट से शतकीय साझेदारी की थी। सीशेल्स के खिलाफ जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और तदिवनसे मरुमनी ने २०२४ में १५ के रन रेट से १००रन जोड़े थे। २०२४ में शाई होप और एविन लुईस ने इंगलैण्ड के खिलाफ १४.८३ के रन रेट से शतकीय साझेदारी की थी। इसी साल अभिषेक शर्मा ने संजू सैमसन के साथ मिलकर १४.४४ के रन रेट से स्कोर करते हुए शतकीय साझेदारी की थी।

मप्र ने दो दिनमें ही बिहारको हराया

रणजी ट्राफी



इंदौर (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के आफ स्पिनर सारांश जैन (१३ विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्राफी ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को खेल के दूसरे दिन ही बिहार को पारी और १७४ रन से करारी शिकस्त दे दी। पहली पारी में १४ रन देकर सात विकेट लेने वाले ३३ वर्षीय जैन ने दूसरी पारी में ४९ रन देकर छह विकेट हासिल किए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ७१ रन देकर नौ विकेट था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर २६१ रन से की और पहली पारी आठ विकेट पर ४०७ रन बनाकर घोषित कर दी। युवा बल्लेबाज सक्षम पुरोहित और कप्तान रजत पाटीदार ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रणजी ट्राफी में पदार्पण कर रहे २० वर्षीय पुरोहित ने पिछले दिन के अपने नाबाद ११३ रन के स्कोर में १९ रन और जोड़े। वह १३२ रन बनाकर बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य राज की गेंद पर बोल्ड हुए। पाटीदार ने शानदार लय जारी रखते हुए १३३ गेंदों पर नौ चौकों की मदद से १०९ रन बनाए। इस सत्र में रणजी ट्राफी में यह उनका लगातार दूसरा शतक है। पहली पारी में महज ९९ पर आउट हुई बिहार की टीम के लिए दूसरी पारी में आयुष लोहारुका ने ६६ गेंदों पर नाबाद ७६ रन का योगदान दिया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला जिससे बिहार की दूसरी पारी १३४ रन पर सिमट गयी। बिहार के नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके । ग्रुप के अन्य मुकाबले में बड़ौदा ने युवा बल्लेबाज प्रियांशु मोलिया की नाबाद ३२१ रन के दम पर गत चैम्पियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में ६१६ रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इक्कीस वर्षीय प्रियांशु ने ४९२ गेंदों का सामना करते हुए ३६ चौके और एक छक्का लगाया। वह लगातार दूसरे दिन क्रीज पर डटे रहे और पिछले दिन के नाबाद ११३ रन के स्कोर से आगे बढ़ते हुए तिहरे शतक तक पहुंचे। पिछले मुकाबले में भी उन्होंने शतक लगाया था। बड़ौदा की ओर से महेश पिठिया ने भी १०२ रन की शतकीय पारी खेली और लगभग पूरे दिन जम्मू कश्मीर के गेंदबाजों को परेशान किया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक जम्मू-कश्मीर ने चार ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए छह रन बना लिए थे। अब टीम पर पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने से बचने का दबाव होगा। नागपुर में गोवा के २२० रन के जवाब मे विदर्भ ने तीन विकेट पर २१७ रन बना लिये है तो वही पुडुचेरी में उत्तर प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ पहली पारी में नौ विकेट पर ३२८ रन बना लिये हैं। करण शर्मा १६२ रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुम्बई में मुशीर खान ने दो विकेट चटकाए जिससे हरियाणा ने ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई के पहली पारी में ४३० रन के जवाब में दूसरे दिन दो विकेट पर १०८ रन बना लिए। मुशीर ने हरियाणा के दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान अंकित कुमार (३५ और हिमांशु राणा (२७) को पवेलियन भेजा। दोनों ने पहले विकेट के लिए ६१रन की साझेदारी की। चेन्नई में तमिलनाडु पहली पारी में १९ रन से पिछड़ गया लेकिन गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से वापसी करते हुए रेलवे की दूसरी पारी में नौ विकेट १०७ रन तक गिरा दिए। रेलवे की कुल बढ़त १२६ रन की है।

मोर्कल और मोहित सीएसके से जुड़े

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने २०२७ सत्र से पहले अपने सहयोगी स्टाफ में मंगलवार को बड़े बदलावों की घोषणा करते हुए एल्बी मोर्कल और मोहित शर्मा को टीम के साथ जोड़ा। ये दोनों इस प्रतिष्ठित आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय तक खेल चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मोर्कल को सहायक कोच नियुक्त किया गया है जबकि मोहित को गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मोहित कई सत्र तक सुपरकिंग्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इंगलैण्ड के पूर्व क्रिकेटर गैरेथ बैटी को भी सहायक कोच नियुक्त किया गया है। क्षेत्ररक्षण कोच जेम्स फोस्टर और सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम टीम के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

डोपिंग पर अब होगी पांच साल की जेल

अपराध की श्रेणीमें लाने वाला संशोधन बिल अगले सत्रमें

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम में संशोधन संसद के अगले सत्र में पेश किए जायेंगे। इन संशोधनों के तहत खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और आपूर्ति करने वालों के लिए पांच साल तक की जेल की सजा का प्रावधान होगा। मांडविया ने यहां खेल में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तहत आयोजित दो बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही। संसद का शीतकालीन सत्र नवम्बर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा भारत का दृढ़ विश्वास है कि खेलों में उत्कृष्टता के



साथ हमेशा ईमानदारी भी होनी चाहिए। प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा का उचित अवसर मिलना चाहिए जिसमें प्रतिभा, तैयारी और कड़ी मेहनत से सफलता तय हो, ना कि प्रतिबंधित पदार्थों या तरीकों से। मांडवियाने कहा भारतने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम २०२२ और इसके २०२५ के संशोधनके जरिए अपने कानूनी और संस्थागत ढांचेको मजबूत किया है। ये दोनों जुलाई २०२६ में लागू हुए। उन्होंने कहा हम संसद के अगले सत्रमें एक और संशोधन पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य उल्लंघनोंसे अधिक प्रभावी ढंगसे निबटनेके लिए आपराधिक प्रावधान लागू करना है। इसमें कोच और आपूर्ति शृंखला से जुड़े लोगों द्वारा किये जाने वाले उल्लंघन भी शामिल हैं। फिलहाल भारतमें खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्तिसे निबटने के लिए दंडात्मक प्रावधान नहीं हैं। मौजूदा व्यवस्थाके तहत अनुशासनात्मक काररवाईके रूप में प्रतिबंध लगाया जा सकता है जो अपराध की गंभीरता के आधारपर आजीवन भी हो सकता है। प्रस्तावित संशोधनोंके तहत खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और वितरणको अपराध घोषित किया जायेगा। आपूर्तिकर्ताओंको पांच साल तककी जेल की सजा देने का प्रावधान होगा।

विश्व कुश्ती : काजल,नीलम फाइनलमें

अस्ताना (एजेन्सियां)। भारतीय महिला कुश्ती खिलाड़ियों ने मंगलवार को विश्व चैम्पियनशिप में उस समय नया इतिहास रचा जब काजल ढोचक और नीलम सिरोही ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाकर सुनिश्चित किया कि पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के एक ही सत्र में देश की दो महिला पहलवान विश्व खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। सेमीफाइनल में १८ वर्षीय काजल (७६ किग्रा) ने किर्गिस्तान की अनुभवी पहलवान ऐपेरी मेडेट काइजी को १०-७ से हराकर शानदार वापसी की जबकि २६ वर्षीय नीलम ने ५० किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की जेनेप बायानोवा को ७-३ से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनायी। नीलम खिताबी मुकाबले में जापान की दिग्गज पहलवान युई सुसाकी से भिड़ेंगी। काजल का सामना फाइनल में यूक्रेन की अनास्तासिया अल्पयेयेवा से होगा। इससे पहले फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक थीं जिन्होंने २०२१ में रजत पदक जीता था। पहली बार सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रही दो बार की अंडर-२० विश्व चैम्पियन काजल की शानदार जीत में उनकी ताकत, रणनीतिक समझ और हार नहीं मानने का जज्बा देखने को मिला। वह पहले पीरियड में १-७ से पिछड़ने के बावजूद मुकाबले में डटी रहीं और जीत दर्ज कीं। इससे पहले नीलम ने बायानोवा को ७-३ से हराकर स्वर्ण पदक के लिए जापान की दिग्गज पहलवान सुसाकी से भिड़ने का मौका पाया। सुबह के सत्र में काजल ने लिथुआनिया की कामिले ग्रिस्किएने गौकाइटे को चित करके मुकाबला जीतने के बाद मंगोलिया की दावासानान एंख अमार को ९-२ से हराया। नीलम ने प्री क्वार्टर फाइनल में बेलारूस की नतालिया वराकिना को ६-० से शिकस्त दी। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त रूसी पहलवान एलिजावेता स्मिरनोवा चोट के कारण मुकाबले से हट गयी जिससे नीलम सेमीफाइनल में पहुंच गयी।


चयन परीक्षण दो और छह को

वाराणसी। काशी विद्यापीठ परिसरकी महिला-पुरुष अथलेटिक्स टीमका चयन दो नवम्बर को तथा आर्म कुश्ती एवं ताइक्वांडो टीम का चयन छह नवम्बर को होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डाक्टर उर्जस्विता सिंहके अनुसार इस चयन परीक्षणमें विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसरके छात्र हिस्सा ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागी विस्तृत जानकारीके लिए क्रीड़ परिसरमें अथलेटिक्स प्रभारी अमरेन्द्र कुमार एवं आर्म कुश्ती प्रभारी डाक्टर राधेश्याम राय से सम्पर्क कर सकते हैं।

खराब रोशनी ने भारत 'ए' से छीनी जीत

अनौपचारिक टेस्ट

लिंकन (एजेन्सियां)। तेज गेंदबाज औकिब नबीने नयी गेंद से शानदार शुरुआत करके मंगलवार को यहां न्यूजीलैण्डको शुरुआती झटके दिये लेकिन खराब रोशनी के कारण भारत ए इस चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में जीत हासिल करने से चूक गया। भारत ने अपनी दूसरी पारीमें ५१६ रन का विशाल स्कोर बनाकर न्यूजीलैण्ड ए के सामने ३१३ रनका लक्ष्य रखा था। न्यूजीलैण्ड ए ने जब अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर १८७ रन बनाए थे तब अम्पायरों ने खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया। उस समय १७ ओवरका खेल होना बाकी था। नबी ने १० ओवर में २८रन देकर तीन विकेट लिए तथा अपनी स्विंग और सीम मूवमेंट से न्यूजीलैण्ड ए के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पैदा की। भारत ए ने चौथे दिन की शुरुआत आठ विकेट पर ४८८ रन से की। आकाश दीप (१७ गेंदों में २५ रन) ने तीन छक्के लगाकर कुल स्कोर को ५०० रन के पार पहुंचाया। भारत ने दूसरी पारी में ५१६ रन बना कर न्यूजीलैण्ड के सामने जीत के लिए ३१३ रन का लक्ष्य रखा। नबी ने तीन बेहतरीन इन-कटर गेंदों पर कप्तान रीस मारियू (दो), टिम राबिन्सन (शून्य) और मैथ्यू बायल (चार) को आउट करके न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर १४ रन कर उसे संकट में डाल दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज कर्टिस हीफी (नाबाद ९०) और डीन फाक्सक्राफ्ट (४२) ने चौथे विकेट के लिए ७८ रन जोड़े। मुकेश चौधरी ने फाक्सक्राफ्ट को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी जिसके बाद फिर से विकेटों की झड़ी लग गयी। पड्डिक्कल ने भी अपनी आफ-ब्रेक गेंदबाजी से दो विकेट लिए। जब आकाश दीप ने आक्रामक बल्लेबाज साइमन कीन को आउट किया तब



न्यूजीलैण्ड ए का स्कोर ५५.३ ओवर में नौ विकेट पर १७० रन था लेकिन इसके बाद हीफी और ११वें नंबर के बल्लेबाज जेडन लेनोक्स ने करीब १० ओवर तक बल्लेबाजी की। अंपायरों ने कम रोशनी के कारण तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं दी जिससे न्यूजीलैण्ड की टीम को मदद मिली।

२७ स्थान के लिए १४६ खिलाड़ियों की लगेगी बोली

डब्ल्यूपीएल नीलामी आज

कोच्चि (एजेन्सियां)। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) २०२७ का आक्शन बुधवार को कोच्चि में होगा। सायंकाल ५.३० बजे शुरू होने वाली नीलामी में पांच फ्रेंचाइजी बोली लगायेंगी। क्क वारियर्स के पास सबसे ज्यादा ३.७५ करोड़ का पर्स बचा है। आक्शन के लिए १४६ खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है लेकिन टीमों के पास कुल २७ खाली स्लाट हैं। इनमें २० भारतीय और सात विदेशी खिलाड़ियों की जगह है। खिलाड़ियों की सूची में ११९ भारतीय और २७ विदेशी शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल का पांचवां सीजन १४ जनवरी से सात फरवरी २०२७ तक खेला जायेगा। मुकाबले किन शहरों में होंगे इसकी घोषणा अभी नहीं हुई है। इंगलैण्ड की सोफिया डंकली और आस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू ने ५०-



५० लाख की बेस प्राइस रखी है। मोलिन्यू पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेल चुकी हैं। वह २०२४ में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने उस सीजन के १० मैचों में १२ विकेट लिए थे। घुटने की चोट के कारण वह २०२५ सीजन में नहीं खेलीं और २०२६ सीजन से भी बाहर रहीं। डंकली २०२३ में गुजरात जायंट्स के लिए खेली थीं। उन्होंने २०२४ सीजन के लिए अपना नाम नहीं दिया था और २०२५ के आक्शन में अनसोल्ड रही थीं। इस आक्शन में ११९ भारतीय खिलाड़ियों में २२ कैप्ड और ९७ अनकैप्ड हैं। विदेशी खिलाड़ियों म १४ कैप्ड और १३ अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। विदेशी सूची में असोसिएट देशों की छह खिलाड़ी भी शामिल हैं। हर फ्रेंचाइजी की टीम में अधिकतम १८ खिलाड़ी हो सकते हैं। इनमें विदेशी खिलाड़ियों की संख्या छह से ज्यादा नहीं हो सकती। टीमों के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या पर कोई तय सीमा नहीं थी। २८ सितंबर तक फ्रेंचाइजी ने अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों के नाम दे दिये थे। अनकैप्ड खिलाड़ियों की बड़ी संख्या इस नीलामी को दिलचस्प बनाती है। अंडर-१९ वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की सदस्य वृंदा दिनेश और गोंगाडी त्रिशा पर नजर रहेगी।

वाराणसीकी बालिकाओंने भारतको बनाया चैम्पियन

वाराणसी। वाराणसीकी बालिकाओंने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ में इंटर नेशनल स्पोर्ट्स ओलम्पियाड के तहत हुई अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगितामें सात स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत कर भारतको पहले स्थानपर ला खड़ा किया। श्रीलंका दूसरे और भूटान तीसरे स्थानपर रहा। पदक विजेता खिलाड़ियोंमें अवंतिका सिंह और सुहानी यादव ने दो-दो स्वर्ण, अंशिका तिवारी, ट्विंकल गौतम, वेदिका सैनी ने पीला तमगा हासिल किया जबकि ट्विंकल गौतम, अंशिका मिश्र कांस्य पदक जीतनेमें सफल रहीं। बालिकाओंकी इस उपलब्धि पर जसपाल सिंह, शम्स तबरेज, संजय सिंह, डाक्टर सुनील सोनकर, रविनंदन तिवारी, विजेता तिवारी, दिलीप कुमार सैनी ने बधाई दी।

वाराणसी क्लब को बड़ी जीतके साथ पूरे अंक

सेवन-ए-साइड हाकी

वाराणसी। वाराणसी क्लब ने यहां लालपुर स्थित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुलमें मंगलवारसे शुरू सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवन ए साइड हाकी प्रतियोगिताके लीग मुकाबले में स्टार क्लब को ५-१ से पराजित कर पूरे अंक हासिल कर लिए। आक्रामक अंदाज से शुरू हुए मुकाबलेमें वाराणसी क्लब ने शुरुआतसे ही हमले बोल विपक्षी टीमपर दबाव बना लिया। जिसका नतीजा रहा कि चौथे मिनट में उसे बढ़त लेनेके उस समय अवसर मिल गया जब मोनिका ने रिवर्स फ्लिक के सहारे गेंद को स्टार क्लबके जालमें उलझा दिया। तीन मिनट बाद ही सगीरके क्रास पर करन यादव ने गोल कर स्कोर २-० कर दिया। मध्यांतर तक यही स्कोर बरकरार रहा। दूसरे हाफ में वाराणसी क्लब की टीम ने लेफ्ट विंग से आक्रामण की रणनीति अपनायी जिसका उसे लाभ मिला और करन ने अपने एकल प्रयास से गोल कर वाराणसी को ३-० से अग्रता दिला दी। पांच मिनट बाद सगीर ने पुश शाट से गोल कर ४-० कर दिया। ३२वें मिनट में मोनिका के गोलसे विजेता टीम ५-० से आगे हो गयी। मैच समाप्त



होने से दो मिनट पहले ज्योति चौहान ने स्टार क्लबके लिए पहला गोल किया। इस प्रतियोगितामें बालक एवं बालिका की मिश्रित टीम खेल रही है। मैच से पहले प्रतियोगिताका उद्घाटन करते हुए हाकी वाराणसीके अध्यक्ष डाक्टर एके सिंह ने कहा कि मिश्रित टीम बनाकर खेलनेका उद्देश्य यह है कि बालिकाएं बालकों के साथ खेल अपना खेल बेहतर कर सकेंगी। कार्यक्रमका संचालन इदरिस अहमदने किया।

वीसीए गर्ल्स ए चैम्पियन

वाराणसी। प्रिया पटेल (७२ रन) के अर्द्धशतक के दम पर वाराणसी क्रिकेट असोसियेशन (वीसीए) गर्ल्स ए ने गर्ल्स बी को ८६ रन से पराजित कर हरउआ स्थित ओलम्पियन विवेक सिंह स्टेडियममें खेले गये खुर्शीद आलम स्मृति जिला महिला क्रिकेट लीग का खिताब जीत लिया। मंगलवारको हुए फाइनल मुकाबलेमें गर्ल्स ए ने पहले खेलते हुए ३५ ओवर में सात विकेट पर १७४ रन बनाये। प्रियाके अलावा अराध्य पाण्डेय ने २५ रनकी पारी खेली। निशा यादव और प्रियंका चौरसिया ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में गर्ल्स बी की टीम ८८ रनपर ही सिमट गयी। ऋचा राय ने २०, अत्या काजलने १७ रन बनाये। प्रकृति सिंह और नंदिनी जायसवाल ने तीन-तीन विकेट चटकाये। प्रिया पटेल सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और विकेटकीपर, प्रकृति सिंह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, प्रियंका चौरसिया सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और प्रकृति सिंह प्लेयर आफ द सीरीज चुनी गयीं। मैचके पश्चात प्रेम प्रकाश सिंह गौतम ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौकेपर गौरी शंकर सिंह, विंध्याचल चौबे, रंजन मिश्र, जावेद अख्तर, पीपी आनंद मिश्र, जमाल अख्तर, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

मेष-	स्वनिर्णय लाभकारी, अधूरी योजना साकार, विरोधी परास्त, सलाह से कामयाबी।
वृषभ-	परिवार मे हर्षोल्लास, कठिनाइयों का निराकरण, संत्संग से आत्मिक शांति, खुशी भी।
मिथुन-	मनोरथ अधूरे, परिवार में मतभेद, एकाग्रता का अभाव, कार्यों में उदासीनता, हानि।
कर्क-	व्यापार में विस्तार, हर्षोल्लास का वातावरण, धर्म-कर्म मे रुचि, उलझनों से मुक्ति।
सिंह-	आय के नवीन स्रोत, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मानसम्मान में वृद्धि, खुशी।
कन्या-	आर्थिक स्थिति में सुधार, सलाह से कामयाबी, राजकीय लाभ, कर्ज को निवृत्ति का प्रयास।
तुला-	दैनिक कार्यों में निराशा, धनगम में बाधा, मित्रो से अनबन, निर्णय अहितकर, परेशानी।
वृश्चिक-	व्यवसाय में प्रगति, आर्थिक पक्ष बेहतर, वरिष्ठजन सहायक, कर्ज की अदायगी।
धनु-	उल्लासमय वातावरण, प्रेमसबधों मे मधुरता, पठनपाठन में रुचि, धर्म में आस्था।
मकर-	कार्यक्षमता में वृद्धि, इच्छित पद की प्राप्ति, श्रेष्ठजनो का सहयोग, अतिथि आगमन।
कुम्भ-	सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, आर्थिक हानि।
मीन-	आर्थिक सफलता, विवाद का समापन, दाम्पत्य जीवन सुखद, आपसी गलतफहमी दूर।

आज है जिनका जन्मदिन — 28 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 28 का मूलांक 1 का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह भी शुक्र है। व्यवहार निश्छल एवं उदार होगा। आपके ऊपर कितना ही बड़ा जिम्मेदारी क्यों न सौंपी जाए उसे निभाने में पूर्णरूप से सक्षम रहेंगे। मार्ग-निर्देशन के क्षेत्र में अग्रणी रहेंगे। जिससे भी एक बार मिल लेंगे। उससे हमेशा के लिए सम्पर्क बन जायेगा। दूरदर्शिता व वाक्पटुता आपकी प्रगति में सहायक होगा। भौतिक सुख-सुविधा हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। मुख्य सिद्धान्त होगा 'संघर्ष ही जीवन है' धन सम्पत्ति के मामले में निष्पक्ष रहेंगे। समय के साथ चलने की में अद्भुत क्षमता होगी। राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी आपकी रुचि रहेगी। दाम्पत्य जीवन अनुकूल रहेगा। कला-संगीत प्रेमी होंगे। दैनिक जीवन में सुनहरा एवं नारंगी रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। लाल रंग की वस्तुएँ, लाल वस्त्र में गेहूँ, गुड़, लाल फूल तांबे का सिक्का भी दक्षिणा सहित रविवार के दिन दान में देवें। सदाचार का पालन करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ घृणि सूर्याय नमः	मास	: जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
व्रत	: रविवार	वर्ष	: 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
दिन	: रविवार, बुधवार एवं गुरुवार	रंग	: नारंगी, सुनहला एवं पीला
दिनांक	: 1, 10, 19, 28	जन्मरत्न	: माणिक्य — उपरत्न : गार्नेट
अंक	: 2, 4, 7	जड़ी	: बेल की जड़ — दिशा : पूर्व

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

6	1	8
7	5	3
2	9	4

	9							
					1	5		
	6	8						
		2		5		4		
			8				9	
			6		9		8	
			1					
4		5						7

सुडोकू ४०९७

9	3	4	2	8	6	5	7	1
7	8	6	3	1	5	2	4	9
2	1	5	9	4	7	8	3	6
3	4	8	6	5	1	7	9	2
6	7	2	8	9	3	4	1	5
1	5	9	4	7	2	6	8	3
8	2	1	5	3	4	9	6	7
4	6	7	1	2	9	3	5	8
5	9	3	7	6	8	1	2	4

हल ४०९६

ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

पत्नी और दो मासूम बच्चों के सामने रोजी-रोटी का संकट



घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के धरौली स्थित चीनी मिल के पास मंगलवार सुबह मेमो ट्रेन की चपेट में आने से 42 वर्षीय अवधेश की मौत हो गई। वह कबाड़ी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी कुसुम और तीन वर्षीय बेटी आरुषि तथा एक वर्षीय बेटे आयुष के सामने अब जीवनयापन की चुनौती खड़ी हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बड़ागांव उत्तरी निवासी अवधेश पुत्र स्व. शिवचरण मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे घर से दवा लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान धरौली स्थित चीनी मिल के पास वाराणसी से दोहरीघाट जा रही मेमू ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची घोसी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक काररवाई शुरू की।अवधेश की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। वह कबाड़ी का काम करके परिवार की जरूरतें पूरी करते थे। उनकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था। ऐसे में परिवार के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से पत्नी कुसुम के सामने बच्चों की परवरिश और परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। तीन वर्षीय आरुषि और एक वर्षीय आयुष अभी इतने छोटे हैं कि उन्हें पिता के हमेशा के लिए बिछड़ जाने का अहसास भी नहीं है। वहीं इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले में आवश्यक काररवाई की जा रही है।

आन्दोलन के समर्थन में साधन सहकारी समितियों पर जड़ा ताला

मऊ। साधन सहकारी समिति सचिव परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद समेत तहसील के समस्त साधन सहकारी समिति के सचिवों द्वारा गत 22 अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर लखनऊ में लगातार धरना दे रहे हैं । जिसको लेकर मंगलवार को स्थानीय साधन सहकारी समिति के समस्त सचिवों द्वारा वेतन की मांग को लेकर समितियां में ताला बंद कर गुस्सा प्रकट किया। समस्त सचिवों ने मांग किया कि हम सभी लोगों का जब तक वेतन नहीं मिलता है। तब तक हम सभी लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल करते हुए तालाबंदी रखेंगे । मऊ जनपद में लगभग 96 साधन सहकारी समितियां हैं साथियों ने बताया कि वर्तमान समय में रवि फसल की बुवाई का समय चल रहा है। किसानों को डीएपी एनपी और यूरिया खाद की अति आवश्यकता है । ऐसे समय में सहकारी समितियां वह सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी गई है । प्राइवेट खाद विक्रेता मनमाने दामों पर खाद की बिक्री कर रहे हैं । साथ ही साथ अन्य उत्पादन भी मनमाने दरों पर किसानों को दे रहे हैं । ऐसी दशा में किसान बहुत परेशान हैं । किसानों के हित को देखते हुए सभी साधन सहकारी समिति के सचिव की मांगों को मानते हुए उनका वेतन जो पूर्व में कई वर्षों से रुका है मुहैया कराया जाए । जिससे किसानों को खाद समय से प्राप्त हो सके और फसलों की बुवाई भी समय से हो सके आज को लेकर समस्त साधन सहकारी समिति के सचिव प्रदेश व्यापी धरना में बैठे हैं । इस मौके पर पवन सिंह ,प्रभु नाथ यादव ,शौकत अली ,दिलीप पांडे, मिथिलेश सिंह ,विवेक सिंह ,विजय सिंह ,बचन यादव ,विकास मौर्य, धर्मेंद्र सिंह ,कृष्ण पाल सिंह आदि सचिव अनिश्चित कालीन धरने पर हैं।

चिरैयाकोट की दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित, स्थानीय प्रशासन ने ली राहत की सांस

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर सहित इब्रा. हिमचक में शारदीय नवरात्र के अष्टमी को स्थापित माँ दुर्गा की कुल 13 प्रतिमाओं को विसर्जन सोमवार की आधी रात को सकुशल संपन्न हो गया। वहीं विसर्जन के दौरान बजाये जाने वाले डीजे को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना रहा और तय मानक से अत्यधिक विशाल दो डीजे को प्रशासन ने बजने ही नहीं दिया। वहीं एसडीएम मुहम्मदाबाद गोहना अर्चना अग्निहोत्री व सीओ जितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ आयोजकों और डीजे संचालकों को मानक के अनुरूप डीजे बजाने को समझाते रहे। परंतु जब उनकी बातों का आयोजकों पर कोई असर नहीं हुआ तो प्रशासन ने विशालकाय दो डीजे को बजने ही नहीं दिया। केवल मध्यम आकार का एक डीजे ही बजाकर सभी प्रतिमाएं नगर के दक्षिण सीमा से सटे मंगई नदी रासेपुर में विसर्जन के लिए नगर से प्रस्थान कीं। डीजे के प्रति युवाओं की ऐसी दीवानगी दिखी कि दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में युवा डीजे पर थिरकते हुए दिखे। हालांकि युवाओं का हुजूम डीजे का कंपटीशन देखने के लिए उमड़ा था। परंतु प्रशासन की सख्ती के चलते उनके मंस. ूबों पर पानी फिर गया। इस दौरान नगर की विद्युत आपूर्ति ठप रही, जो रात के 12 बजे के बाद बहाल हुई। मूर्ति विसर्जन के समय भारी संख्या में पुलिस के जवान डटे रहे और पैनी नजर बनाए रहे। वहीं सकुशल मूर्ति विसर्जन हो जाने पर आधी रात के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया।

प्रदीप ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये टिप्स

मऊ। भारतीय जनता पार्टी, मऊ की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश सह-प्रभारी प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने की। इस दौरान प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी सहजानंद राय तथा क्षेत्रिय अध्यक्ष विनोद राय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच. ाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगामी चुनावों को देखते हुए कार्यकर्ताओं से अभी से सक्रिय होकर संगठनात्मक तैयारियों में जुटने की अपील की। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरजीत सिंह,सुनील गुप्ता,हौसला प्रसाद उपाध्याय, मुन्ना दूबे, अरविंद सिंह, दुर्ग विजय राय,



प्रवीण कुमार गुप्त, विजय नारायण शर्मा, नूपुर अग्रवाल, सचिंद्र सिंह, संजय पाण्डेय, राघवेन्द्र राय शर्मा, इन्द्रदेव भारती, प्रीतुलता पाण्डेय, संगीता द्विवेदी, पूजा राय, कृष्णकांत राय, रामानुजन सिंह, रामशरण चौहान, हिमांशु राय, रविन्द्र उपाध्याय, संजय मौर्य, सुनील दुबे, आकाश मल्ल, सुधीर सोनकर, रामप्रवेश राजभर, सुनील यादव, नीलम सर्राफ, अवधेश सोनकर, गिरीश नारायण राय, सन्नो गुप्ता, अनिल चौहान सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जनगणना के लिए ५४ को मिला प्रशिक्षण

मऊ। मतदाता पुनरीक्षण के बाद हो रही जनगणना के दूसरे चरण में सुपरवाइजर तथा इसमें लगे हुए कर्मचारियों को बीएसआर के पब्लिक स्कूल में 54 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में समस्त सुपरवाइजर प्रगणक को प्रशिक्षण देते हुए ट्रेनर टाउन इंटर कालेज के शिक्षक मोहम्मद उमर एवं अजय कुमार ने डिजिटल के माध्यम से जनगणना करने मोबा. इल ऐप के माध्यम से जनगणना करने एवं पे एप जनगणना करने के बारे में विस्तृत रूप से जानक. ारी दी । लोगों को बताते हुए कहा कि डिजिटल के माध्यम से जनगणना करने से जहां संख्या की सही जानकारी होगी और प्रत्येक व्यक्ति का जनगणना हो जाने के बाद सही रूप में कहां का निवासी है जो सत्य साबित हो जाएगा । इस मौके पर नगर पंचायत वली. दपुर के अधिशासी अधिकारी वैभव सिंह ने पब्लिक स्कूल में पहुंचकर लोगों को स्व गणना के बारे में भी जागरूक किया । इस मौके पर नगर पंचायत वलीदपुर के राजेश कुमार, राकेश कुमार सोनकर समेत समस्त सुपरवाइजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

नाले पर पटिया डालने से नागरिक खुश

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के रसूलपुर बाजार में लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले के ऊपर पटिया डालने का काम शुरू होने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में खुशी है। इससे बाजार में आने-जाने वाले लोगों को सहूलियत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर पटिया पड़ने से आवागमन सुगम होगा। काम शुरू होने से बाजार के लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है। इस मौके पर सूरज नाथ शास्त्री आरबी त्रिपाठी और आकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वाहन चेकिंग में ३८ वाहनों का चालान

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार सिंह के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग को लेकर पुलिस ने अलग-अलग स्थान से जांच किया गया। जांच के दौरान ज्यादातर वाहन चालकों द्वारा तीन सवारी हेलमेट एवं प्रदूषण का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने 38 बाइकों का चालान किया । पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कैलेंडर तिराहा बार्डर ,आजमगढ़ मार्ग ,मऊ मार्ग ,जीवनपुर मार्ग ,एवं चिरैयाकोट मार्ग पर वाहनों की जांच की । जांच के दौरान ज्यादातर वाहन चालक द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में ई-चालान किया गया । इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मधुसूदन चौरसिया ,मिथलेश कुमार ,अरविंद यादव ,आदर्श दुबे ,नूर आलम ,राजेश कुमार गौतम ,अनिल सिंह ,महिला उप निरीक्षक प्रतिभा गुप्ता समेत पुलिस एवं महिला कांस्टेबल अलग-अलग चेकिंग स्थल पर तैनात रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

१६ से ३० नवम्बर तक होगी स्व-गणना



मऊ। मंगलवार को जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन द्वारा जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत स्व-गणना तथा जनगणना कार्य में लगाए गए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य में लगाए गए कार्मिकों को स्व-गणना की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संग्रहण तथा जनसंख्या गणना के विभिन्न पहलुओं के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला. धिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश में स्व-गणना की सुविधा 16 नवंबर से 30 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इसके उपरांत 01 दिसंबर से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। वहीं 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक संशोधन की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को स्व-गणना की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसमें पोर्टल पर प्रवेश एवं सत्यापन, भाषा का चयन, मोबाइल नंबर का सत्यापन, आवासीय स्थान का सत्यापन, परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज करना, दर्ज विवरण की समीक्षा, अंतिम प्रस्तुतीकरण तथा निर्माण एवं उसे सुरक्षित रखने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। कार्मिकों को बताया गया कि स्व-गणना पूर्ण होने के पश्चात प्राप्त को सुरक्षित रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। घर-घर जाकर जनसंख्या गणना के दौरान प्रगणक द्वारा इसी के माध्यम से स्व-गणना में दर्ज विवरण का सत्यापन एवं आवश्यकतानुसार पूरक कार्यवाही की जाएगी। जनगणना-2027 में डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा तथा प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी परिवारों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी गंभीरता, शुद्धता, गोपनीयता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने तथा अधिक से अधिक परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया। जिला. धिकारी ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, नीतियों एवं भविष्य की आवश्यकताओं के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। अत: इस कार्य में लगे सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं संवे. दनशीलता के साथ करें। इस अवसर पर जनगणना कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

करवा चौथ व्रत की तैयारियां शुरू

सूरजपुर (मऊ) दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के सूरजपुर रसूलपुर और दरगाह बाजार में करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह है। 29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इस पर्व की तैयारियों में महिलाएं जुट गई हैं। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं। पर्व को लेकर पूजन सामग्री और साज-श्रृगार की तैयारियां की जा रही हैं। क्षेत्र की शकुंतला, संध्या, चंदन, बबीता और रागिनी सहित अन्य महिलाएं भी पर्व की तैयारी में जुटी हैं।**मुहम्मदाबाद गोहना** के विजय स्तंभ चौक, चुंगी चौराहा, शहीद चौक, कैलेंडर तिराहा सहित वली. दपुर, करहां और चिरैयाकोट के प्रमुख बाजारों में करवाचौथ को लेकर दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों ने महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए रंग-बिरंगी चूड़ियों, आकर्षक श्रृंगार सामग्री और पूजन से संबंधित वस्तुओं को सजाकर रखा है। शाम के समय बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की आवाजाही बढ़ रही है।करवाचौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। महिलाएं पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करती हैं।पर्व नजदीक आने के साथ ही बाजारों में खरीदारी का सिलसिला तेज होने की उम्मीद है। दुकानदारों को भी अच्छी बिक्री की आस है। वहीं, महिलाएं पर्व की तैयारियों में जुटी हुई हैं और अपनी पसंद के अनुसार पूजन सामग्री तथा श्रृंगार के सामान खरीद रही हैं।

रोजगार मेला ३० को

मऊ। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा, मऊ अरुण यादव ने बताया कि 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को प्रात: 10.00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा, मऊ में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया है।

विद्यार्थियों को संविधान एवं बाल अधिकारों के प्रति किया जायेगा जागरूक

मऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ संजय कुमार यादव के निर्देशन में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मऊ में विद्यालयों में पूर्व से स्थापित विधिक साक्षरता क्लबों के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालयों में 'संविधान कार्नर' के प्रभावी संचालन, भारतीय संविधान एवं उसके निर्माताओं के विचारों से विद्यार्थियों को परिचित कराने तथा बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण संबंधी विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की जानक. ारी दी गई। गतिविधियों के अंतर्गत निबंध लेखन, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर निर्माण, संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी दी गई। इस क्रम में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विद्यालयों में संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

रोजगार मेला ३१ को

मऊ। जनपद के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में सेवायोजित करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, मऊ द्वारा 31 अक्टूबर को प्रात: 10.00 बजे से बाबा थानी दास इंटर कालेज, अमिला में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन तथा ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में उपलब्ध सेवायें
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्राणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
निल शुक्राणु
9250206423, 8948943074
शिवम हास्पिटल
शिवम क्लिनिक
हथीकातपुरा, राज पैलेस के बगल में, मऊ
सुविधाएं

SNH
शारदा नारायण हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मानिटर
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादत्तपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S.
(Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय
M.B.B.S., MS
(फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव
M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव
B.A.M.S.
(स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबूलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U.
की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma)
9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
खुशी कोई बनी-बनाई चीज़ नहीं है, यह आपके अपने कर्मों से आती है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart



महिला सशक्तीकरण के हर मोर्चे पर आगे बढ़ता उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण, आर्थिक सशक्तीकरण, सामाजिक सुरक्षा और रोजगारोन्मुखी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

189
नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 1,100 पिंक शौचालयों का निर्माण।

16
शहरों में श्रमजीवी हॉस्टल पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम पर

11
जनपदों में नवीन शक्ति सदनों का निर्माण जारी मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत

50%
स्टार्टअप महिला उद्यमियों द्वारा संचालित, 22 हजार से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप में सशक्त नेतृत्व।

5.50+
लाख से अधिक बेटियों के विवाह सम्पन्न मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से

महिला सुरक्षा पर खास ध्यान

प्रदेश के प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना तथा 40,000 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण।

मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना के बाद बलात्कार की घटनाओं में 58.17%, महिलाओं एवं बच्चों के अपहरण में 17.03%, दहेज हत्या में 21.36% तथा घरेलू हिंसा में 9.54% की कमी दर्ज।

ITSSO पोर्टल के अनुसार महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90% के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम।

19,839 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति एवं 9,172 महिला बीटों का आवंटन।

प्रत्येक जिले में एण्टी रोमियो स्क्वायड का गठन।

प्रत्येक जनपद में महिला थाना के अतिरिक्त एक अन्य थाने में महिला थानाध्यक्ष की तैनाती।





आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु 1,82,113 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 1,28,811 सहायिकाओं के मानदेय में अप्रैल 2026 से वृद्धि का निर्णय, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

'रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष' के तहत 14,559 पीड़िताओं को ₹511.20 करोड़ की आर्थिक क्षतिपूर्ति।

महिला स्वावलंबन के क्षेत्र में कार्य

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 27.37+ लाख बेटियां लाभान्वित।

प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना से 60 लाख माताएं लाभान्वित।

2 लाख से अधिक महिलाओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ।

40,000+ बी.सी. सखी द्वारा ₹42,711 करोड़ से अधिक वित्तीय लेनदेन एवं ₹116 करोड़ का लाभांश अर्जित।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1.19 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया।

35 लाख से अधिक दीदियों का लखपति महिला योजना में चिन्हांकन तथा 18.55 लाख से अधिक महिलाएं लखपति श्रेणी में।

64.34 लाख महिला किसान परिवार कृषि आजीविका संवर्धन गतिविधियों से जुड़े।

15,409 विद्युत सखियों द्वारा ₹3,207 करोड़ के विद्युत बिल संग्रहण का कार्य, जिससे ₹41.3 करोड़ का कमीशन प्राप्त।

औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं को नाइट शिफ्ट (शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक) कार्य करने की अनुमति।

महिला श्रम बल भागीदारी वर्ष 2017 के लगभग 13% से बढ़कर लगभग 36% हुई।

1090
वीमेन पॉवर लाइन

181
महिला हेल्पलाइन

102
गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन

112
पुलिस आपातकालीन सेवा

काम दमदार - डबल इंजन सरकार

ADVERTORIAL